* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

29 नवंबर, 2022
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 41


आफताब को ले जा रही पुलिस वैन पर हमला, नारेबाजी कर रहे थे हमलावर, दो हिरासत में




SURJABASHA








## निलंबित आइएएस पूजा सिंघल की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

# घोटाले के पैसे से अर्जित संपत्ति को कुर्क करने की तैयारी में इडी

- अगले हफ्ते पल्स हॉस्पिटल और अन्य संपत्तियों की कुर्की की जा सकती है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मनरेगा घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद निलंबित आइएएस पूजा सिंघल की संपत्ति प्रवर्तन निदेशालय (इडी) कुर्क करने की तैयारी कर रहा है। सूत्रों के मुताबिक अगले सप्ताह पल्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल सहित पूजा सिंघल की दूसरी संपत्तियों को इडी कुर्क कर सकती है। इडी वैसी संपत्तियों को कुर्क करने की तैयारी कर रही है, जिसे घोटाले के पैसे से अर्जित किया गया है। पूजा सिंघल के पति अभिषेक कुमार झा का पल्स अस्पताल ऐसी ही एक प्रमुख संपत्ति है।

**अन्य आरोपियों की संपत्ति भी होगी कुर्क :** गौरतलब है कि मनरेगा घोटाला उस अवधि से हुआ है जब पूजा सिंघल खूंटी जिले में उपायुक्त थीं। इडी ने 5 मई को पूजा सिंघल के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। पूजा सिंघल अभी भी जेल में है। इडी ने पूजा के पति अभिषेक कुमार झा, चार्टर्ड अकाउंटेंट सुमन कुमार के अलावा खूंटी जिले के इंजीनियरों और अधिकारियों समेत राम बिनोद प्रसाद सिन्हा, जय किशोर चौधरी, शशि प्रकाश और राजेंद्र कुमार जैन के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी। इस मामले में इडी द्वारा अन्य आरोपियों की भी संपत्ति कुर्क की जायेगी।

**अस्पताल में फर्जी बिल बनाया जाता था :** सीए सुमन ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि कई बार उसने पल्स अस्पताल के कैश काउंटर पर फर्जी बिल बना कर पल्स अस्पताल की रसीद बढ़ा-चढ़ा कर देने के लिए 10 लाख रुपये की नकद राशि दी थी। मूल रूप से पूजा सिंघल ने गलत कमायी को पल्स अस्पताल में समायोजित करने और अस्पताल से अर्जित लाभ को बेदाग दिखाने के लिए किया गया था। पूजा ने अभिषेक से शादी के बाद उनके खातों में नकद जमा किया। बाद में मैसर्स पल्स संजीवनी हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड को राशि का हेरफेर करने के लिए इस्तेमाल करने लगी। वर्ष 2012-13 से पल्स संजीवनी हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के बैंक खातों में कुल क्रेडिट संबंधित वित्तीय वर्ष में कंपनी के कुल कारोबार से अधिक था।



### अभिषेक झा ने हाइकोर्ट से मांगी अग्रिम जमानत

रांची। निलंबित आइएएस पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा ने झारखंड हाइकोर्ट से अग्रिम जमानत देने की गुहार लगायी है। बता दें कि अभिषेक झा के खिलाफ मनी लांन्ड्रिंग केस में इडी कोर्ट ने समन जारी किया है। जिसके बाद उनके ऊपर गिरफ़्तारी की तलवार लटक रही है। अपने अधिवक्ता के माध्यम से उन्होंने हाइकोर्ट में एंटीसेपेट्री बेल एप्लिकेशन दाखिल की है। हालांकि अभिषेक की याचिका पर सुनवाई की तिथि अभी तक नहीं मिली है। इससे पहले अभिषेक झा ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल कर व्यक्तिगत पेशी से छूट की मांग की थी, लेकिन सुनवाई से पहले वह याचिका वापस ले ली गयी थी। बता दें कि इससे पहले 5 नवंबर को अभिषेक झा की अग्रिम जमानत याचिका को रांची इडी की कोर्ट ने खारिज कर दिया था।

### विशाल चौधरी नहीं पहुंचा इडी कार्यालय

रांची। इडी के बुलावे पर सोमवार को विशाल चौधरी नहीं पहुंचा। इडी ने विशाल चौधरी को समन भेज कर हाजिर होने के लिए कहा था। विशाल चौधरी निलंबित आइएएस पूजा सिंघल का करीबी माना जाता है। इडी विशाल चौधरी के घर पर पहले ही तलाशी अभियान चला चुकी है। उसके घर से कई दस्तावेज भी इडी ने बरामद किये थे। विशाल चौधरी को पत्नी के साथ कुछ दिन पहले दिल्ली एयरपोर्ट पर रोका गया था। वह थाईलैंड भाग रहा था। उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया जा चुका है। उसके इडी कार्यालय में हाजिर नहीं होने के बाद अब इडी आगे की कार्रवाई करने की तैयारी में है।

### दाहू यादव और सुनील इडी की गिरफ्त से दूर

रांची। राज्य में इडी 1000 करोड़ के अवैध पत्थर खनन और मनी लांन्ड्रिंग मामले में जांच कर रही है। इस मामले में पंकज मिश्रा के सहयोगी दाहू यादव और सुनील यादव के विरुद्ध कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ है। वारंट जारी होने के बाद भी दोनों इडी के गिरफ्त से दूर हैं। दाहू और सुनील सगे भाई हैं। इन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के साथ मिल कर अवैध खनन, अवैध परिवहन और साहिबगंज में गंगा नदी पर अवैध तरीके से जहाज परिचालन का आरोप है। गौरतलब है कि पूर्व में इडी ने आरोपितों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। उनके जहाज को भी जब्त किया था। दोनों ही आरोपितों से पूछताछ के लिए इडी ने तीन-तीन बार समन भी भेजा था, लेकिन वे नहीं आये। इडी की विशेष अदालत ने 29 अक्टूबर को दोनों के खिलाफ वारंट जारी किया है। इडी की विशेष अदालत ने साहिबगंज पुलिस को भी निर्देश दिया है कि दोनों ही आरोपितों की गिरफ्तारी में वे इडी का सहयोग करें।

## उत्पाद राजस्व संग्रहण और इसकी क्रियान्वयन की हुई समीक्षा

# उत्पाद दुकान के कर्मियों का अविलंब बकाया वेतन भुगतान करें : हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को झारखंड मंत्रालय में नयी उत्पाद नीति के तहत राजस्व संग्रहण एवं इसकी क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गयी। मुख्यमंत्री ने उत्पाद दुकान संचालकों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि उत्पाद दुकानों में कार्यरत कर्मियों का बकाया वेतन भुगतान अविलंब करें। मैन पावर सप्लाई एजेंसी यह सुनिश्चित करे कि खुदरा उत्पाद दुकानों में कार्यरत कर्मियों का वेतन बकाया न रहे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उत्पाद दुकान संचालकों से कहा कि अगले 15 दिनों के भीतर कार्यशैली में सुधार लाएं अन्यथा राज्य सरकार की ओर से कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

**राजस्व संग्रह में सुधार का निर्देश :** मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्पाद राजस्व संग्रहण घटने की क्या वजह है इसके मुख्य बिंदुओं पर जल्द से जल्द सुधार की जाये। उत्पाद राजस्व संग्रहण का जो वार्षिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसे अगले 4 महीनों के भीतर हर हाल में पूरा करें। उन्होंने कहा कि नयी उत्पाद नीति का उद्देश्य राजस्व में वृद्धि करना है। राजस्व वृद्धि में कमी के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने मानव प्रदाता एजेंसी के सभी प्रतिनिधि को कड़ी फटकार लगायी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले 15 दिनों के अंदर पुनः समीक्षा की जायेगी। स्थिति में यथोचित सुधार नहीं होने पर सभी एजेंसी के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व संग्रहण में शिथिलता बरतने वाले एजेंसियों, थोक विक्रेताओं एवं पदाधिकारियों को बख्शा नहीं जायेगा।

**मॉनिटरिंग सिस्टम डिवेलप करें :** हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खुदरा उत्पाद दुकानों की निरंतर मॉनिटरिंग की जाये। सरकारी खुदरा मदिरा दुकानों में किसी भी प्रकार से अवैध शराब की बिक्री न हो यह सुनिश्चित करें। शराब के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करें। खुदरा उत्पाद दुकानों का लगातार निरीक्षण करें। सभी खुदरा उत्पाद दुकानों का लक्ष्य निर्धारित करें। उत्पाद राजस्व संग्रहण लक्ष्य के अनुरूप होनी चाहिए। सभी खुदरा उत्पाद दुकानों के बाहर रेट लिस्ट डिस्प्ले लगायें। ओवरप्राइसिंग के संबंध में कार्रवाई सुनिश्चित करें। एक्साइज कंट्रोल रूम को सशक्त बनायें। आम जनता का शिकायत मिलने पर विभाग तथा संचालक संयुक्त रूप से शिकायतों की जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित करें।



### राज्य सरकार हर संभव सहयोग करेगी

मुख्यमंत्री ने सभी एजेंसियों को यह भी आश्वस्त किया कि राजस्व संग्रहण से संबंधित किसी भी कार्रवाई में राज्य प्रशासन के द्वारा उन्हें हर प्रकार से सहयोग उपलब्ध कराया जायेगा। मुख्यमंत्री ने थोक विक्रेताओं को भी निर्देशित किया कि मांग के अनुरूप सभी वांछित पैक साइज की मदिरा उपलब्ध करायें, ऐसा नहीं करने पर उनके विरुद्ध भी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुख्य सचिव ने मानव प्रदाता एजेंसियों को निर्देशित किया कि वे विक्रेताओं का लंबित वेतन का भुगतान 15 दिसंबर तक अवश्य कर दें। उन्होंने झारखंड राज्य विबरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक को भी निर्देशित किया कि वे तकनीकी आधारभूत संरचना तथा विनिर्माणशालाओं में बूम वैरियर एवं दुकानों में सीसीटीवी अधिष्ठापन की कार्रवाई को शीघ्रता पूर्ण कराएं ताकि राजस्व क्षरण का कोई भी बिंदु अणछुआ न रह जाये। बैठक में उत्पाद सचिव विनय कुमार चौबे ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 तक के माह नवंबर तक के कुल लक्ष्य 1600 करोड़ रुपये के विरुद्ध राज्य कोषागार में 1084 करोड़ रुपए ही जमा हुए हैं, जो कि माह नवंबर तक के लक्ष्य का लगभग 68% है। उन्होंने बताया कि अक्टूबर में बिक्री लक्ष्य की प्राप्ति नहीं की गयी थी, जिस कारण से मानव प्रदाता एजेंसियों पर नियमानुसार 18.22 करोड़ रुपये का अर्थदंड अधिरोपित करते हुए इसकी वसूली की कार्रवाई की जा रही है। बैठक में मुख्य सचिव, उत्पाद सचिव, आयुक्त उत्पाद, विभाग के वरीय पदाधिकारी एवं खुदरा उत्पाद दुकानों के मानव प्रदाता एजेंसी के निदेशक तथा राज्य अंतर्गत कार्यरत थोक विक्रेता उपस्थित थे।

# अवैध खनन मामले में जांच अधिकारी शरफुद्दीन, होटवार जेल अधीक्षक और पंकज के सहयोगी सूरज-चंदन को इडी का समन

- शरफुद्दीन खान और जेल के अधीक्षक हामिद अख्तर को पांच दिसंबर को बुलाया
- पंकज मिश्रा के ड्राइवर सूरज पंडित को छह और चंदन को सात दिसंबर को तलब किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इडी ने ने बरहरवा टोल प्लाजा मामले के जांच अधिकारी शरफुद्दीन खान और बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल के अधीक्षक हामिद अख्तर को समन जारी किया है। दोनों को पांच दिसंबर को इडी के समक्ष पेश होने को कहा गया है। इडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के ड्राइवर सूरज पंडित और चंदन को भी तलब किया है। एजेंसी ने उन्हें क्रमशः छह और सात दिसंबर को पेश होने को कहा है। सूत्रों के मुताबिक इडी उनसे न्यायिक हिरासत के दौरान कुछ विचाराधीन कैदियों द्वारा अवैध पत्थर खनन मामले के अलावा सत्ता के कथित दुरुपयोग के बारे में पूछताछ करना चाहती है।

**पंकज मिश्रा को क्लीन चिट देने की भी होगी जांच :** जांच एजेंसी बरहरवा टोल प्लाजा मामले में पंकज मिश्रा को कैसे क्लीन चिट दी गयी, इसकी गहराई से जांच करना चाहती है। इडी ने पहले शरफुद्दीन खान का बयान दर्ज किया था। वह इडी के गवाहों में से एक है। गौरतलब है कि दुमका रेंज के डीआइजी ने इडी की आशंकाओं को खारिज करते हुए विस्तृत प्रेस विज्ञप्ति जारी की थी। पुलिस ने कहा है कि पंकज मिश्रा को दो मामलों में क्लीन चिट दे दी गयी, क्योंकि आरोप साबित नहीं हो सके। पंकज मिश्रा ने 19 जुलाई को गिरफ्तार होने के बाद अपने पद और मुख्यमंत्री से नजदीकी का गलत इस्तेमाल किया। उसने जेल मैनुअल से परे सुविधाओं का लाभ उठाया। इस मामले में इडी जेल अधीक्षक से पूछताछ करेगी।

## 'आजाद सिपाही' की खबर का असर : प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे गांव

# गोमियाकोचा और कुरचूडीह गांव में ग्राम सभा की हुई बैठक

- पेंशन योजना के लिए लिया गया आवेदन
- पीएम आवास के लिए भी भरवाया गया फार्म

स्वरूप भट्टाचार्य

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड का कुरचुडीह गांव अब सुर्खियों में है। रांची से कुछ ही दूरी पर बसा 25 मुंडा परिवारों का यह गांव आज भी मूलभूत सुविधाओं से महरूम है। इस गांव में 'आजाद सिपाही' की टीम 9 नवंबर को पहुंची थी। गांव की स्थिति और लोगों की परेशानी के बारे में 'आजाद सिपाही' ने प्रमुख्ता से छापा था। इसका असर यह हुआ कि अब प्रशासन गांव की सुध लेने लगा है। सोमवार को प्रशासनिक अधिकारी गांव पहुंचे। लोगों का पेंशन योजना के तहत आवेदन लिया गया, तो प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए भी फार्म भरवाये गये।

स्थानीय प्रशासन की मौजूदगी में सोमवार को ग्रामसभा की विशेष बैठक हुई। गांव के ग्राम प्रधान यदु गोपाल सिंह की अध्यक्षता में पंचायत सचिव भागीरथ महतो रोजगार सेवक निर्मल कुमार दास की देखरेख में विशेष बैठक हुई। जिसमें कई योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गयी। मनरेगा, राशन कार्ड के अलावे कई अन्य मामलों पर चर्चा की गयी। पंचायत सचिव भागीरथ महतो ने गांव के लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में बताया। इसके पहले सर्व जन पेंशन योजना के तहत वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन और विकलांग पेंशन के लिए सैकड़ों लोगों का आवेदन लिया गया। बैठक में लोगों ने अधिकारियों को अपनी समस्याओं से भी अवगत कराया। गिरिबाला देवी का राशन कार्ड नंबर 376000974746 है। उन्होंने पिछले 2 वर्षों से राशन डीलर द्वारा चावल नहीं देने के बारे में बताया। डीलर को तत्काल राशन देने का आदेश दिया गया। सर्वजन पेंशन योजना के तहत 516 लोगों ने पेंशन के लिए आवेदन किया। इनमें 82 लोगों का विधवा पेंशन, 473 वृद्धा पेंशन और 15 लोगों को विकलांग पेंशन चालू किया गया। पंचायत सचिव ने कहा कि गांव की सारी मूलभूत सुविधाओं को धरातल पर उतारा जाएगा। ग्राम सभा में पीसीसी सड़क, ट्रांसफर्मर लगाने, चापाकल लगाने और नाला निर्माण की स्वीकृति दी गयी। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बनाने, अधूरे घरों को पूरा करने समेत अन्य योजना पर भी सहमति बनी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान यदु गोपाल सिंह मुंडा, सुरूबाला देवी, अजय कुमार महतो, गालू मुंडा, शंभु नाथ महतो, श्रवण महतो, राजकिशोर लोहरा, घनश्याम मुंडा, लखन महतो के अलावे सैकड़ो लोग मौजूद थे।




गोमियाकोचा और कुरचूडीह गांव में आयोजित ग्राम सभा में उपस्थित लोग। लाल कार्ड होते हुए भी राशन डीलर नहीं देता है राशन।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 49,700 रु./10 ग्राम
चांदी 65,000 रु./प्रति किलो



# बड़कागांव का एक गांव, जहां नहीं पहुंची विकास की किरण

## सिमराजरा गांव में आज भी बिजली-पानी-सड़क का है अभाव : किस युग में जी रहे हैं यहां के लोग, लिखने नहीं, देखने की जरूरत

**दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र इन दिनों अपनी आजादी का अमृत वर्ष मना रहा है और 15 नवंबर 2000 को इसके 28वें राज्य के रूप में जन्मे झारखंड ने हाल ही में अपनी 22वीं वर्षगांठ मनायी है, लेकिन बात जब इसके गांवों के विकास की होने लगती है, तो अपना झारखंड भी शर्माने पर मजबूर हो जाता है। अपने गर्भ में अरबों की संपदा लिये झारखंड में ऐसे गांवों की प्रचुरता है, जहां तक पहुंचते-पहुंचते मौलिक सुविधाओं के तमाम पैमाने दम तोड़ देते हैं। ऐसा ही एक गांव है हजारीबाग के बड़कागांव प्रखंड का सिमराजरा। पहाड़ पर बसे इस गांव तक पहुंचना ही दूभर नहीं है, बल्कि इस गांव में विकास और लोक कल्याण की तमाम अवधारणाएं एक बारगी झूठी साबित हो जाती हैं। इस गांव की कहानी को दुनिया के सामने लाने का खास मकसद है। बड़कागांव का इलाका अपने कोयले के लिए पूरी दुनिया में चर्चित है। यहां के कोयले से हमारे देश में रोशनी होती है, लेकिन इसी बड़कागांव का एक संथाल बहुल गांव बिजली के लिए आज कर तरस रहा है। सामुदायिक विकास की बातों का जब सिमराजरा गांव की हकीकतों से सामना होता है, तब पता चलता है कि झारखंड की असलियत क्या है और क्यों इस गांव के लोग अपने ही गांव को नर्क के समान मानने के लिए मजबूर हैं। इस गांव का हर निवासी अपने-आप में एक कहानी है, जिसके चेहरे से उस उपेक्षा का दर्द साफ झलकता है, जो इसने अब तक झेला है। सिमराजरा गांव की इसी कहानी को दुनिया के सामने ला रहे हैं आजाद सिपाही के बड़कागांव ब्यूरो प्रभारी पिंटू कुशवाहा दिनकर।**

आजाद सिपाही विशेष



पिंटू कुशवाहा दिनकर

झारखंड के हजार बागों के शहर हजारीबाग का चर्चित इलाका है बड़कागांव, जो कोयला खनन के लिए पूरी दुनिया में विख्यात है। जिस कोयले से देश के बिजली घर चलते हैं, यदि वहां का कोई गांव आज भी अंधेरे में हो, तो यह थोड़ी चौंकानेवाली बात है। लेकिन सिमराजरा गांव के लोग आज तक बिजली से वंचित हैं। शाम होते ही उनका जीवन अंधकारमय हो जाता है। उनके जीवन के उजाले का सहारा बस सूरज ही है। यह हाल उस झारखंड के एक गांव का है, जिसके गर्भ में अरबों-खरबों का खनिज भरा हुआ है। जहां विकास के बड़े-बड़े दावे किये जाते हैं। दावों के अलावा वादों की तो हर मौके पर झड़ी लगती रहती है।

### आश्चर्यचकित हो गये ग्रामीण

जिस गांव में आज तक कोई जन प्रतिनिधि नहीं पहुंचा, प्रशासनिक अमला नहीं पहुंचा और न ही किसी सामाजिक संगठन की नजर पड़ी, वहां आजाद सिपाही की टीम के पहुंचने पर ग्रामीणों का आश्चर्यचकित होना लाजिमी था। सवालों का सामना करने से पहले ग्रामीण अपने सवालों के साथ तैयार थे। कैसे आये, कैसे पता चला, कितना समय लगा और क्या करने आये हैं, जैसे आम सवालों का जवाब देते-देते एक बारगी महसूस हुआ कि यह गांव जैसे अपना ही हो और यहां के लोग अपने ही परिजन हों। पानी के साथ पारंपरिक तरीके से आवभगत करने के बाद जब उन्हें बताया कि हम उनकी आवाज बनने आये हैं, तो वे आश्वस्त हुए। धीरे-धीरे खुलने लगे।

**चुनाव की बात यहां है बेमानी, गांव का हर निवासी खुद में है एक कहानी**

### सड़क आज तक बनी ही नहीं

सिमराजरा पहुंचने के लिए आज तक कोई सड़क नहीं बनी है। गांव तक पहुंचने के लिए आपको अपनी जान हथेली पर रखकर जाना होगा। पत्थरों से पटी एक पगडंडी, जिसे सड़क का नाम दिया गया है, को पार करना खतरे को निमंत्रण देना है। पहाड़ों के बीच से गुजर कर जब कोई इस गांव में पहुंचता है, तो उसे लगता है कि वह किसी दूसरी दुनिया में आ गया है। सिमराजारा में रह रहे कुल 105 लोगों से मुलाकात करने के लिए किसी को भी दुरूह यात्रा करनी होती है। यहां के लोग खेती-बारी कर जीविका चलाते हैं। कुछ नौजवान बाहर जाकर भी छोटा-मोटा काम कर रहे हैं।

सिमराजरा के ग्रामीणों ने बताया कि उनके पूर्वज लगभग एक सौ साल पहले से यहां पर रह रहे हैं। स्थानीय संथाली परिवार में से एक साहेबराम हेंब्रम ने बताया कि गांव में सड़क की सुविधा नहीं है, जिसकी वजह से लोगों को पंचायत मुख्यालय से लेकर प्रखंड मुख्यालय तक जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हमारे गांव में रास्ता नहीं होने के कारण यहां के लोगों के लिए दूसरे गांवों से रिश्ते भी कम आते हैं। जगदीश मांझी ने बताया कि यहां कोई भी नेता या मंत्री नहीं आते हैं। जब चुनाव आता है, तब कभी-कभी कार्यकर्ता आते हैं और वादों की झड़ी लगा कर वोट बटोर लेते हैं।




### आज भी अंधेरे में रहता है सिमराजरा गांव

सिमराजरा गांव अंगों पंचायत मुख्यालय से सात किलोमीटर दूर स्थित पहाड़ पर बसा हुआ है। इसकी कहानी भारत के उस गांव की कहानी है, जिसकी दहलीज पर विकास की तमाम अवधारणाएं बेकार साबित हो जाती हैं, जहां कल्याण और मौलिक सुविधाएं दिन-प्रतिदिन के जीवन की जद्दोजहद की ताप में राख हो जाती है। इस गांव में करीब तीन दर्जन संथाली परिवार निवास करते हैं। चारों तरफ से पहाड़ों और जंगलों से घिरा हुआ यह गांव सड़क, पानी और दूसरी मौलिक सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहा है। यहां के ग्रामीणों को राशन लाने के लिए पहाड़ से नीचे उतर कर सात किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। इतनी मेहनत के बाद ये सरकारी अनाज से अपना पेट भरते हैं। इस गांव में बिजली नहीं रहने के कारण लोग सोलर प्लेट से मोबाइल चार्ज करते हैं। 5-जी की शोर के बीच इस गांव की विडंबना यह है कि जिस दिन बैटरी चार्ज नहीं होता है, तो उस गांव का मोबाइल स्विच ऑफ हो जाता है। इस गांव के लोगों का देश-दुनिया से संपर्क का एकमात्र साधन मोबाइल है और यदि वह भी स्विच ऑफ हो गया, तो आप कल्पना कर सकते हैं कि लोगों की हालत क्या होती होगी। रांची कॉलेज से इंटर पास युवक सहाबीर हेंब्रम ने पढ़ाई के दौरान बिजली की रोशनी देखी है। वह कहता है : रोशनी से नहाया शहर कितना अच्छा लगता था। उसके मुकाबले हमारा गांव तो नर्क के जैसा है।

### शिक्षा की लौ जलाने में बच्चे अपना खून जलाते हैं

सिमराजरा गांव में शिक्षा की बात बेमानी है, हालांकि यह भी सच है कि गांव में शिक्षा की लौ जगाने के लिए बच्चों को खून जलाना पड़ता है। गांव में बहुत पहले एक सरकारी स्कूल का निर्माण किया गया था, जिसमें छोटे बच्चों को शिक्षा दी जाती है। इस स्कूल में गांव के ही एक शिक्षक पढ़ाते हैं और एक पारा शिक्षक भी बाहर से आते हैं। वह खराब रास्ते की वजह से कई बार दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। प्राथमिक शिक्षा के बाद आगे की पढ़ाई के लिए गांव के बच्चों को पहाड़ से नीचे उतर कर बरतुवा गांव पहुंचना पड़ता है। समुचित रास्ते के अभाव में हर दिन बच्चों को पहाड़ उतरने और चढ़ने में इतनी परेशानी होती है कि वे पढ़ाई ही छोड़ देते हैं।

### खटिया ही है एंबुलेंस

सिमराजरा गांव में स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं है। वैसे तो ग्रामीण नीम-हकीम और स्थानीय ओझा-गुणी पर ही भरोसा करते हैं, लेकिन यदि दुर्भाग्य से किसी की तबियत ज्यादा खराब हुई, तो उसे निकटवर्ती अस्पताल तक ले जाने का एकमात्र माध्यम खटिया ही है। चाहे प्रसव हो या कोई दूसरी गंभीर बीमारी, सिमराजरा गांव के किस्मत वाले निवासी ही अस्पताल तक पहुंच पाते हैं और वहां से वापस आते हैं। कई मरीजों की मौत तो रास्ते में ही हो जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार ऐसा हुआ है कि अचानक से कोई बीमार हुआ और उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। ग्रामीण कहते हैं कि अगर यहां पर सड़क की सुविधा होती या अस्पताल होता, तो हमारे परिवार वालों की जान नहीं जाती।

### कोई आंगनबाड़ी केंद्र नहीं है

स्थानीय महिला संगीता मरांडी के पास एक छोटा सा बच्चा था। उन्होंने बताया कि गांव में आंगनबाड़ी केंद्र नहीं है। बच्चे के पोषाहार के लिए दुरूह रास्ता पार करना संभव नहीं हो पाता है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए नहीं, तो इस छोटे बच्चे के लिए ही सही, सरकार इसे इसका हक और अधिकार मुहैया कराये, ताकि हमारा बच्चा अच्छे से बड़ा होकर यह दुनिया को देख सके।

सिमराजरा के ग्रामीणों से विदा लेते वक्त मन में यही खयाल आ रहा था कि क्या आजादी के अमृत वर्ष में और नौजवान हो चुके झारखंड में इन 105 लोगों की आवाज कभी सुनी जायेगी। इस सवाल का जवाब तो वह राजनीतिक-प्रशासनिक अमला ही दे सकता है, जिसने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को विकास और कल्याण के सपने दिखाये हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी के भाई प्रह्लाद मोदी पहुंचे देवघर

**बाबा बैजनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाई प्रह्लाद मोदी देवघर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बाबा बैजनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। प्रह्लाद मोदी सबसे पहले देवघर एयरपोर्ट पहुंचे। इसके बाद उन्होंने सीधे बाबा मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद वह सड़क मार्ग से गिरिडीह के लिए रवाना हो गये। इस मौके पर प्रह्लाद मोदी ने कहा कि एक निजी कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए गिरिडीह जा रहे हैं। इसी क्रम में देवघर एयरपोर्ट उतरने के बाद बाबा मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने बाबा भोलेनाथ से कामना की है कि भाई नरेंद्र मोदी का शासन लंबा चले और देश की उन्नति हो।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाई प्रह्लाद मोदी के दर्शन और पूजन के लिए मंदिर में व्यापक व्यवस्थाएं की गयी थीं। मंदिर मजिस्ट्रेट और प्रधान तीर्थ पुरोहितों के द्वारा प्रह्लाद मोदी का भव्य स्वागत किया गया। फिर तीर्थ पुरोहितों के द्वारा इन्हें पूजा-अर्चना करायी गयी। गौरतलब है कि प्रह्लाद मोदी देवघर एयरपोर्ट उतरे और निजी कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए गिरिडीह जा रहे थे। इसी क्रम में देवघर बाबा मंदिर में पूजा अर्चना की।

### देश की तरक्की के लिए बाबा बैद्यनाथ से की प्रार्थना

अपने तीर्थ पुरोहित के साथ नीलकंठ मंदिर बैठकी पर गये जहां पर उन्होंने अपने पुश्तैनी पुरोहित के खाते में अपने परिवार का नाम दर्ज किया, लोगों से हाल-चाल भी पूछा। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मैं बाबा धाम बाबा मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लेने आया हूं। साथ ही नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास करे और उनका शासनकाल लंबा चले और देश तरक्की करे सुख समृद्धि हो इसकी कामना बाबा बैद्यनाथ से की।

इस मौके पर उनकी पुत्री सोनल मोदी विधायक जमुआ केदार हाजरा, रिपुसूदन साहू पेट्रोलियम मंत्रालय सुरेंद्र गुप्ता, अरविंद आर्य, महेंद्र साहू, दिलीप गुप्ता, लल्लन मंडल, लक्ष्मण मंडल मंदिर मजिस्ट्रेट, कमलेश कुमार, प्राण कुमार, सरदार पंडा, प्रतिनिधि बाबा झा, स्टेट पुरोहित श्रीनाथ महाराज, सुबोध भोला संतोष पंडित सहित दर्जनों कर्मी मौके पर मौजूद थे।

# देवघर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री चुनाव कार्य से हटेंगे

**राज्य सरकार ने दी सहमति**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** देवघर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री चुनाव कार्य से हटाये जायेंगे। जानकारी मिली है कि राज्य सरकार ने इसकी सहमति दे दी है। सरकार ने यह सहमति केंद्रीय निर्वाचन आयोग द्वारा देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री को चुनाव कार्य से हटाने से संबंधित निर्देश पर मंतव्य मांगने के बाद दी है। सरकार ने दी गयी सहमति में इस बात का उल्लेख किया है कि कोई डीसी चुनाव कार्य में रहे, यह जरूरी नहीं है। सरकार ने अब राज्य निर्वाचन आयोग को यह सहमति दे दी है। अब राज्य निर्वाचन आयोग केंद्रीय निर्वाचन आयोग को इस बारे में जानकारी उपलब्ध करायेगा। उसके बाद केंद्रीय निर्वाचन आयोग देवघर डीसी को निर्वाचन कार्य से हटाने का पत्र जारी करेगा।

उल्लेखनीय है कि गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने केंद्रीय चुनाव आयोग से शिकायत कर देवघर डीसी को चुनाव कार्य से हटाने को लेकर विचार करने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा था कि चुनाव कार्य के लिए किसी अन्य अधिकारी को जिम्मेदारी दी जाये। इस विकल्प पर विचार किया जा सकता है। केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने इस पर निर्णय लेते समय बीते 31 अक्टूबर को राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा था।

## पुलिस ने की हवाई फायरिंग

# अडानी पावर प्लांट में मजदूरों का हंगामा



**दो मजदूरों की मौत के बाद बिना परिजनों के बुलाये शव का पोस्टमार्टम कराने से मजदूर आक्रोशित हो गये**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा।** जिले में स्थित अदानी पावर प्लांट में दो मजदूरों की हुई मौत के बाद बिना परिजनों के बुलाये शव का पोस्टमार्टम कराने से मजदूर आक्रोशित हो गये। अडानी के लोगों द्वारा पूरे मामले पर समझौता का प्रयास कराया जा रहा था पर मजदूर सुनने को तैयार नहीं थे। करीब 4000 मजदूर मौके पर पहुंचकर हंगामे पर उतारू हो गये।

मामले को बढ़ता देख स्थानीय पुलिस प्रशासन को बुलाना पड़ा पर मजदूरों का आक्रोश इस कदर बढ़ चुका था कि वह किसी की सुनने को तैयार नहीं थे। पुलिस ने हंगामे को रोकने के लिए हवाई फायरिंग की। बताया जा रहा है कि दो राउंड हवाई फायरिंग की गयी। इधर मजदूर भी पत्थरबाजी पर उतारू हो गये, जिसमें एक सहायक अवर निरीक्षक सहदेव प्रसाद एवं दो पुलिस बल मौके पर घायल बताये जा रहे हैं। घटनास्थल पर स्थानीय एसडीपीओ आनंद मोहन सिंह कैंप कर रहे हैं तथा पूरे मामले की जांच करायी जा रही है।

इधर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पावरमेक कंपनी के मजदूर की मौत होने के बाद इस संबंध में सुरक्षा संबंधित चूक की बात सामने आ रही थी। इसके पूर्व रविवार को ही एक कंपनी के अधिकारी स्तर के कर्मी की हृदय गति रुकने से मौत की भी बात सामने आ रही है। अब इतनी हड़बड़ी में दोनों शवों का पोस्टमार्टम क्यों कराया जाना जरूरी था। यह बात अब तक स्पष्ट नहीं हो पायी है। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच करायी जा रही है तथा जल्द ही पूरे मामले को स्पष्ट कर दिया जायेगा।

## तैयारी : मंत्री मिथिलेश ठाकुर सहित कांग्रेस के नेता इंदौर रवाना

# भारत जोड़ो यात्रा में प्रदेश कांग्रेस के साथ झामुमो की भागीदारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में अब झारखंड की सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार की सबसे बड़ी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने भी भागीदारी दिखानी शुरू कर दी है। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में 50 लोगों का जत्था सोमवार सुबह रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से इंदौर के लिए रवाना हुआ। इसमे झामुमो नेता सह सरकार में मंत्री मिथिलेश ठाकुर भी कांग्रेसी नेताओं के साथ इंदौर रवाना हुए। जाने वाले जत्थे में कांग्रेस विधायक दल के नेता



आलमगीर आलम, भारत जोड़ो यात्रा के प्रदेश संयोजक सुबोधकांत सहाय, कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, मंत्री बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, विधायक प्रदीप यादव, कुमार जयमंगल (अनुप सिंह), अंबा प्रसाद, रामचंद्र सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की, शशि भूषण राय, विनय सिन्हा दीपू आदि शामिल हैं।

### 12 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों से होकर गुजरेगी भारत जोड़ो यात्रा

बता दें कि राहुल गांधी के नेतृत्व में दो महीने पूर्व भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत कन्याकुमारी में हुई थी। अब तक तकरीबन 2300 किमी की यात्रा तमिलनाडु, केरल, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र होते हुए मध्य प्रदेश पहुंची है। यह यात्रा कुल 3570 किमी की है, जो बारह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों से होकर गुजरेगी।

### ऐतिहासिक यात्रा कार्यक्रम को अपार जन-समर्थन प्राप्त हुआ है: राजेश ठाकुर

झारखंड के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम को अपार जन-समर्थन प्राप्त हुआ है। इसमें किसानों, मजदूरों, युवाओं, माताओं, बहनों, छोटे व्यवसायियों, खिलाड़ियों, कलाकारों ने समय-समय पर यात्रा में अपनी भागीदारी निभायी है। उन्होंने कहा कि आज जिस प्रकार से राजनीतिक स्वार्थ पूर्ति के लिए देश के अंदर नफरत की राजनीति को बढ़ावा दिया जा रहा है। महंगाई और बेरोजगारी जैसे महत्वपूर्ण सवालों को गौण रखकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रतिपक्ष की लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकारों को अपदस्थ करने की नीयत से संवैधानिक संस्थाओं और केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने से परहेज नहीं किया जा रहा है। इससे आम जनता में काफी रोष है। यही कारण है कि देश की आम जन-मानस का अपार जनसमर्थन इस यात्रा को प्राप्त हो रहा है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel


**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.4 °c | 11.1 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.02 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.11 बजे |



**कार्यक्रम :** नन्हे कदम प्ले स्कूल के बच्चों ने वार्षिक महोत्सव में अतिथियों एवं अभिभावकों को मंत्रमुग्ध किया

# छोटा बच्चा जानके हमसे ना टकराना रे...







**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नन्हे कदम प्ले स्कूल ने गुरु नानक स्कूल ऑडिटोरियम में वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साईं नाथ विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ. एसपी अग्रवाल थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सरला बिरला स्कूल, रांची की प्रधानाचार्य परमजीत कौर थीं। कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्ति भी विशेष तौर से आमंत्रित किये गये थे। उनमें से कुछ खास नाम डॉ सुभाष कुमार (प्रधानाचार्य, टौरीयन वर्ल्ड स्कूल, रांची) एवं कप्तान अजय श्रीवास्तव (मुख्य मंत्री के प्रमुख सलाहकार) भी थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना से की गयी। कार्यक्रम में नन्हे कदम प्ले स्कूल की दोनों शाखाओं लाइन टैंक

### कार्यक्रम में नन्हे कदम प्ले स्कूल की दोनों शाखाओं के बच्चों ने भाग लिया

रोड एवं अशोक नगर, के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। रुद्र सिंह राठौर ने स्मार्ट क्लास की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। दिशा लाठ ने समाज में बेटियों को शिक्षित करने पर प्रकाश डाला। यशवि साहू ने पर्यावरण को बचाये रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की चर्चा की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण शिवांश पांडेय द्वारा मां मेरी मां गीत था। नन्हे मुन्हे बच्चों द्वारा गीत वंदे मातरम भी गाया गया जिसे सभी अभिभावकों ने बहुत सराहा। कुछ बच्चों ने कविता एवं बालगीत गाकर अभिभावकों को मंत्र मुग्ध किया। अभिभावकों की आंखें खुली की खुली रह गयीं जब बच्चों ने तारा रम पम, नानी तेरी मोरनी, चंदा चमके चम चम चक धूम धूम, छोटा बच्चा जान के हमको पर नृत्य प्रस्तुत किया। प्राइमरी स्तर के बच्चों ने नाटक प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने कृष्ण सुदामा की दोस्ती को दर्शाया। कुछ बच्चों ने राधा रानी, गोपियां और कृष्ण बन कर नृत्य प्रस्तुत किया और वृंदावन को दर्शाने की कोशिश की। स्कूल की निर्देशक विभा सिंह ने बताया कि हम अपने बच्चों को इस तरह तैयार करते हैं कि शहर के सभी टॉप स्कूलों में उनका नामांकन उनकी मेरिट पर हो। नन्हे कदम प्ले स्कूल ना सिर्फ शैक्षणिक उत्कृष्टता बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करना भी अपना मुख्य उद्देश्य समझता है। बच्चों एवं शिक्षकों की मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम में लोक सेवा समिति के सदस्य नौसाद आलम भी मौजूद थे। उन्होंने नन्हे कदम की निर्देशक विभा सिंह के कार्य को सराहा और कहा कि विभा सिंह जिस तरह से इन बच्चों के भविष्य को सवारने में लगी हैं इससे अब लगता है कि भारत का विश्व गुरू बनने का सपना ये बच्चे साकार करेंगे।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

- **मेष** — महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान, व्यापार वृद्धि।
- **वृष** — संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी, उद्योग-धंधे में सफलता.
- **मिथुन** — रुके हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़, निर्माण कार्य में प्रगति।
- **कर्क** — नये लोगों से संपर्क, शुभ समाचार मिलेगा। सुख सम्मान की रक्षा होगी।
- **सिंह** — सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा
- **कन्या** — धनागम के अवसर बढ़ेंगे, अवसरों का फायदा उठावें, सगे-संबंधियों का आवागमन बना रहेगा
- **तुला** — कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, नये वाहन खरीदने का संयोग बनेगा।
- **वृश्चिक** — नवीन व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा। धार्मिक कार्य में रुचि।
- **धनु** — निराशा दूर होगी, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास, प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलन होगा।
- **मकर** — थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे, वाहन सुख, संतान की उन्नति से उत्साह में वृद्धि होगी
- **कुंभ** — अव्यवस्थित दिनचर्या, किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या आ सकती है।
- **मीन** — घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, दुष्ट लोगों की संगति कलहकारी सिद्ध होगी।

पारिवारिक विवाद में ससुराल में रह रहे युवक ने उठाया कदम

# सिरफिरे युवक ने मुंह में डायनामाइट लगाकर विस्फोट कर लिया, मौत

### इलाके में सनसनी फैल गयी, जांच में जुटी है पुलिस

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिले से एक सनसनीखेज घटना सामने आयी है। बताया जाता है कि गारू थाना क्षेत्र के कोरबाटोली गांव में एक सिरफिरे ने अपने मुंह में डायनामाइट लगाकर मोबाइल के बैटरी से विस्फोट कर लिया है। इस घटना में सिरफिरे की मौत हो गयी। मृतक चरितर सिंह मनिका थाना क्षेत्र के दुंदु गांव का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि पारिवारिक विवाद और तनाव में आकर उसने इस घटना को अंजाम दिया है। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### क्या है मामला

दरअसल,चरितर सिंह पत्थर खदान में मजदूरी का काम करता था। उसकी ससुराल गारू थाना क्षेत्र के कोरबाटोली गांव में है। पिछले 15-20 दिनों से वह अपने ससुराल में ही रह रहा था। इसी बीच किसी बात को लेकर उसका घरवालों से विवाद हो गया। इसके बाद उसने अपने साथ लाये डायनामाइट को मुंह में लेकर मोबाइल के बैटरी के सहारे विस्फोट कर दिया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंच कर पूरे मामले की छानबीन की। छानबीन के क्रम में पुलिस को मृतक के बैग से एक और डायनामाइट बरामद हुआ। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। इस दौरान पुलिस ने मृतक के ससुराल वालों से पूछताछ की। मृतक की सास रामकली देवी ने बताया कि चरितर सिंह पिछले कई दिनों से ससुराल में ही रह रहा था। वह बार-बार ऐसी हरकत करता था। जिससे लोग परेशान हो जाते थे। इसी बीच आज उसने अपने बैग से कुछ निकालकर अपने मुंह में रखा और मोबाइल के बैटरी के सहारे विस्फोट करा दिया। जब तक घरवाले कुछ समझ पाते तब तक उसकी मौत हो गयी थी। हालांकि मृतक के सास ने बताया कि विस्फोटक उसके पास कहां से आया, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है।

वहीं घटना के बाद पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गयी है। पुलिस इस बिंदु को प्रमुखता से जांच कर रही है कि आखिर मृतक के पास डायनामाइट कहां से आया। बताया जाता है कि इस डायनामाइट का उपयोग अक्सर पत्थर अथवा कोयले की खदान में विस्फोट के के लिए किया जाता है। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# खेल और खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर हो रहा तैयार: खेल निदेशक

### निर्माणाधीन खेल योजनाओं का निरीक्षण करने पहुंची निदेशक, सुधार के दिये निर्देश



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशक सरोजनी लकड़ा बोकारो के खेल से जुड़ी निर्माणाधीन आधारभूत संरचनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चंदनकियारी के आवासीय एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र और डे बोर्डिंग तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र को लेकर आवासन स्थल, भोजन व्यवस्था, खेल उपकरण एवं मैदान के बारे में विस्तृत जानकारी ली। चंदनकियारी में निमार्णाधीन एथलेटिक्स सिंथेटिक ट्रैक एवं फुटबॉल मैदान में तकनीकी खामियों को देखकर उन्होंने फटकार भी लगायी और सुधार के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने तीरंदाज खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों से भी मुलाकात की, उनकी समस्याओं को सुना और भरोसा दिलाया की जल्द ही खिलाड़ियों को किट और खेल उपकरण उपलब्ध कराये जायेंगे। सरोजनी लकड़ा ने कहा कि खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने को लेकर विभाग गंभीर है। राज्य में खेल से जुड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर पर तेजी से काम किया जा रहा है।


**देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें**
www.azadsipahi.com



## दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

**ई-निविदा सूचना संख्या: ईएल-जी-आरएनसी-पिस्का-ओटी-17-22, दिनांक: 25.11.2022।** भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ डीईई(जी)/आरएनसी, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची निविदा सूचना संख्या: ईएल-जी-आरएनसी-पिस्का-ओटी-17-22, दिनांक: 25.11.2022 जिसे दिनांक 19.12.2022 को अपराह्न 4:00 बजे या उसके बाद खोला जाना निर्धारित है, के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **कार्य का संक्षिप्त विवरण/नाम:** पिस्का स्टेशन यार्ड (पीएच-1) में अतिरिक्त लूप लाइन के निर्माण के लिए विद्युतीय कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 46,48,719.71। **जमा बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** ₹ 93,000। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 19.12.2022 को अपराह्न 4.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** **https://www.ireps.gov.in**। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय निविदादाता को निविदा दस्तावेज के साथ सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे।

**(PR-840)**



## AFFIDAVIT

As per affidavit Ref. No. 5440 dated 26.11.2022 **I, ARBEE KHATOON,** W/o Md Nijam, Date of birth- 01/01/1982, by faith- Islam, by Occupation-Housewife, by Nationality-Indian, R/o At- Kuju Azad Basti, P.O- Kuju, P.S.- Mandu, Distt.- Ramgarh (Jharkhand)-825316, do hereby solemnly declare as follows:-

1. That my actual and correct name is **ARBEE KHATOON** which has been mentioned in my UID card bearing No.- 5433 7837 4203.
2. That due to mistake my name has been mentioned as **HAMIDA KHATOON** in my PAN Card bearing PAN No- LFVPK0032H.
3. That **ARBEE KHATOON** & **HAMIDA KHATOON** both name are same and single person i.e. myself.


# शिक्षक नियुक्तिः सीएस को हाजिर होने का निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शिक्षक नियुक्ति मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दो दिसंबर को राज्य के मुख्य सचिव को हाजिर होने का निर्देश दिया है। सोनी कुमारी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई करते हुए कहा कि सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करे। सरकार अब नयी व्यवस्था नहीं करे। सुप्रीम कोर्ट का आदेश स्पष्ट है। सोनी कुमारी ने सुप्रीम

### कहा- आदेश स्पष्ट, सरकार पालन करे

कोर्ट में याचिका दायर कर कहा है कि सरकार आदेश का पालन नहीं कर रही है और अब नया कट ऑफ मार्क्स निर्धारित कर नियुक्ति करने जा रही है। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सरकार को यथा स्थिति बनाये रखने का निर्देश दिया था।

### 2016 की नियोजन नीति को कोर्ट ने असंवैधानिक बताया था

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने सरकार की वर्ष 2016 में बनी नियोजन नीति के असंवैधानिक बताते हुए खारिज कर दिया था। लेकिन अनुसूचित जिलों में हुई नियुक्ति को जारी रखा था। अदालत ने सरकार को स्टेट लेवल पर मेरिट लिस्ट तैयार कर नियुक्ति करने का निर्देश दिया था।

# टेरर फंडिंगः मुकेश गंझू की बेल पर अगले सप्ताह फैसला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** टीपीसी के एरिया कमांडर मुकेश गंझू की बेल पर हाइकोर्ट की डबल बेंच अगले सप्ताह फैसला सुनायेगा। झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्यय और जस्टिस अंबुज नाथ की अदालत ने मुकेश गंझू की ओर से एनआइए 3/18 केस में क्रिमिनल अपील पर सुनवाई की है। यह मामला मगध आम्रपाली में ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों से अवैध वसूली से जुड़ा हुआ है। चतरा जिले के टंडवा थाना में दर्ज पुलिस की एफआइआर को टेकअप कर राष्ट्रीय जांच एजेंसी जांच कर रही है। मुकेश गंझू की ओर से झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता राहुल पांडेय ने बहस की है। बता दें कि वर्ष 2018 में चतरा पुलिस ने मगध आम्रपाली प्रोजेक्ट में टीपीसी द्वारा व्यवसायियों और ट्रांस्पोर्टेशन कार्य में लगे लोगों से अवैध वसूली को लेकर एफआइआर दर्ज की थी। एनआइए जांच में यह खुलासा हुआ है कि वसूली के पैसों से प्रतिबंधित संगठन टीपीसी और समृद्ध हो रहा था। इस केस में कई लोगों को एनआइए ने अपनी जांच में आरोपी बनाया है।

**पहल :** सरकार आपके द्वार के तहत 35,131 आवेदन हुए प्राप्त

# मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना बना रही युवाओं को स्वावलंबी




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सिमडेगा निवासी बिनीत मिंज अब सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बन रहा है। उसे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के जरिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 12 लाख रुपये का लोन प्राप्त हुआ है। बिनित कहते हैं, मेरा व्यवसाय शुरू हो चुका है। सरकार की योजना की मदद से मैं व्यवसाय करने में सफल हुआ। इसी तरह विनय डुंगडुंग को भी योजना से लगभग 16 लाख का लोन मिला और अपना चार पहिया वाहन स्कॉर्पियों गाड़ी क्रय किया।

### 16,230 आवेदन का निष्पादन हुआ और 14,657 आवेदन पेंडिंग हैं

विनय कहते हैं कि पहले मैं दूसरे की टैक्सी चलाता था। महीने का दस से 12 हजार रुपये की कमाई होती थी। अब मेरी अपनी गाड़ी है। आर्थिक स्थिति पहले की अपेक्षा ज्यादा बेहतर होने लगी है। बिनीत और विनीत की तरह की गढ़वा स्थित खरसोटा पंचायत की युवती को पॉल्ट्री फार्म के लिए 11 लाख का लोन मिला। ऐसे ही हजारों युवक युवतियों को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से लाभ मिला और वे स्वरोजगार की ओर अग्रसर हुए हैं।

### हजारों की संख्या में मिला लाभ

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान आयोजित शिविर में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत कुल 35,131 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 16,230 आवेदन का निष्पादन हुआ। 14,657 आवेदन पेंडिंग हैं, जबकि 3,581 आवेदन निष्पादन की प्रक्रिया में हैं। सबसे अधिक आवेदन 3,706 गढ़वा, पलामू 3,600, गिरिडीह 3,103, दुमका 2,415, देवघर 2,342, पूर्वी सिंहभूम 2,359, कोडरमा 2,200, पश्चिमी सिंहभूम 1,867, खूंटी 1,864, गोड्डा 1,812, लातेहार 1,067 से प्राप्त हुए हैं। मालूम हो कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर स्वरोजगार हेतु शुरू की गयी मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ जरूरतमंदों को लगातार मिल रहा है। अबतक हजारों युवक-युवतियों ने आगे बढ़कर योजना का लाभ लिया और स्वरोजगार से खुद को जोड़ा है।


## शपथ पत्र

शपथ पत्र संख्या 24 दिनांक 23.09.2022 के अनुसार मैं, **दिनेश यादव,** पिता- श्री रामचन्द्र यादव, उम्र लगभग 40 वर्ष, निवासी साकिन चन्द्रोडीह, पो. व थाना-कोडरमा, जिला- कोडरमा, राज्य-झारखंड शपथ पूर्वक हल्फन ब्यान करता हूं:-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि मेरा आधार सं. 9376 6384 1461 है।
3. यह कि मेरी पुत्री आस्था कुमारी का दशम वर्ग सभी कागजात में मेरी पुत्री का नाम असकारवी सिका दर्ज है जो सही है।
4. यह कि मेरी पुत्री का आधार संख्या 6980 6992 9532 में आस्था कुमारी दर्ज है जो गलत है।
5. यह कि शपथ मैं अपने पुत्री के आधार कार्ड में असकारवी सिका दर्ज करने हेतु बना रहा हूं।



## शपथ पत्र

शपथ पत्र संख्या 89265 दिनांक 25.11.2022 के अनुसार मैं, मनोज राय, पिता-चुनु यादव उर्फ चन्देश्वर प्रसाद, धर्म-हिन्दू, राष्ट्रीयता-भारतीय, निवास ग्राम-बदडोहा, पो.-लोकाई, थाना-वो जिला-कोडरमा राज्य-झारखंड- 825410 स्थायी पताः अलधाना, पो.- नालन्दा, थाना-नुखारी, जिला-नालन्दा-शपथ पूर्वक बयान हूं कि:-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि मेरे पिता का नाम चुनु यादव उर्फ चन्देश्वर प्रसाद है।
3. यह कि मेरे पिता जो चुनु यादव उर्फ चन्देश्वर प्रसाद के नाम से जाने वो पहचाने जाते हैं यह दोनों नाम मेरे पिता जी का ही है जो सत्य वो सही है।
4. यह कि मेरा आधार नं.-6336 9528 2732 में मेरे पिता जी का नाम चुनु यादव अंकित है तथा मेरा बैंक ऑफ इंडिया शाखा-कोडरमा के खाता संख्या-486010110006844 में मेरे पिता जी का नाम चुनु यादव दर्ज है तथा मेरा भारतीय जीवन बीमा निगम के पॉलिसी संख्या- 542643908 में मेरे पिता जी का नाम चन्देश्वर प्रसाद दर्ज है इस तरह दोनों नाम एक ही व्यक्ति मेरे पिता जी का है जो बिल्कुल सत्य वो सही है।

## ग्रिजली कॉलेज में एडमिशन सेल की बैठक

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सभागार में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ बीसी स्वेन की अध्यक्षता में एडमिशन सेल की बैठक संपन्न की गई। बैठक में महाविद्यालय के एडमिशन इंचार्ज प्रोफेसर सौरभ शर्मा ने बताया कि बीएड सत्र 2022-24 में नामांकन के लिए इस बार रांची विश्वविद्यालय में बीएड काउंसलिंग 5 दिसंबर से 15 दिसंबर 2022 तक विश्वविद्यालय के मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में चलेगी। काउंसलिंग की फीस 600 रुपये निर्धारित की गई है। काउंसलिंग के माध्यम से राज्य भर के बीएड की लगभग 14 हजार सीटों पर नामांकन होगा। मौके पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक अजय कुमार गुप्ता, मनीष कुमार पासवान, दीपक पांडे, नीरज कुमार उपस्थित थे।

## कोडरमा में योग शिविर का आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वाधान में योगी सुषमा सुमन निशुल्क चलता फिरता योग शिविर का आयोजन कर रही है। सोमवार को चंदवारा प्रखंड के मदन गुंडी के मैदान में बच्चे खेल रहे थे। योगी सुषमा सुमन वहां पहुंचकर सभी मातृशक्ति बेटी और बहनों को योग आयुर्वेद राष्ट्रभक्ति का प्रशिक्षण दे रही है और बता भी रही है कि आपके अंदर परमात्मा ने इतनी शक्ति दे कर भेजा है कि आप स्वयं आत्मनिर्भर जी सकते हैं। कुटीर उद्योग छोटे-छोटे बिजनेस भी चला सकते हैं दूसरे को भी नौकरी दे सकती है। लंबाई बढ़ाने के लिए सूर्य नमस्कार और कभी बीमार ना पड़े उसके लिए 8 प्राणायाम भी बताई और घरेलू उपचार भी बताया। योगी प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय संघ सेवक के मनोज कुमार राणा, सुनीता कुमारी, बबीता कुमारी, अनिता कुमारी, सुलेखा कुमारी, कंचन कुमारी, प्रवीणा ने सहयोग किया।

## चंदवारा में भाकपा अंचल कमिटि की बैठक 29 को

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** भाकपा अंचल कमेटी चंदवारा की बैठक 29 नवम्बर को दोपहर 1 संस्कृतिक भवन चंदवारा ब्लॉक परिसर में होगी जिसमें 30 नवंबर 2022 को जिला समाहरणालय के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन की तैयारी पर विचार विमर्श किया जाएगा। डोमचांच कांड संख्या 137/2022 मे संलिप्त हत्यारों की गिरफ्तारी, 4 माह से ग्रीन कार्ड धारियों को अनाज देने, गैरमजरूआ जमीन का रसीद काटने आदि सवालों को लेकर धरना को सफल बनाने को लेकर चंदवारा अंचल कमेटी की विस्तारित बैठक रखी गई है। बैठक में मुख्य रूप से सीपीआई राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम, सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक, सीपीआई अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडेय, सीपीआई जिला कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम यादव मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, दो घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा थाना अंतर्गत बड़कनगांगो पुल के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसमें एक रिम्स रेफर कर दिया गया। मृतक की पहचान प्रभात यादव (उम्र 27 वर्ष, पिता रामदेव यादव) के रूप में हुई। वहीं घायल की पहचान महेश राणा (उम्र 25 वर्ष, पिता मोहन राणा), विकी राणा (उम्र 30 वर्ष), सभी ग्राम सरमाटांड़, जयनगर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सरमाटांड़ से विक्की अपने मोटरसाइकिल पर 3 लोग सवार होकर बड़कनगांगो ससुराल गए थे। बीती रात अपने घर लौटने के दौरान बड़कनगांगो पुल के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि 2 लोग घायल हो गए। रात होने के कारण आसपास के लोगों को नहीं पता चला। जब सोमवार की सुबह 5 बजे आसपास के लोगों ने देखा कि दुर्घटना हुआ है इसके बाद आनन-फानन में तीनों को कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां प्रभात यादव को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि दो का इलाज करके मेहश राणा को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

## रूपायडीह पंचायत में उप मुखिया चंदन ने कंबल वितरण किया

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** रूपायडीह पंचायत में उप मुखिया चंदन कुमार ने गरीब, असहाय महिलाओं के बीच दर्जनों कंबल का वितरण किया। मौके पर उप मुखिया चंदन ने कहा कि ठंड से बचने के लिए गरीबों के बीच कंबल वितरण किया गया। यह भी कहा कि सरकार के द्वारा चलाए जा रहे सभी योजनाओं को पंचायत के एक-एक गरीब, असहाय, विधवा महिलाओं तक पहुंचाने का प्रयास करूंगा। जनप्रतिनिधि होने के नाते यह हमारा दायित्व है। गरीब असहाय लोगों की मदद करना हमारी पहली प्राथमिकता है। मौके पर दामोदर सिंह, विशनि देवी, कुंती देवी, बसंती देवी, हिरनिया देवी, आशा देवी, सुमित्रा कुमारी, जयसवा देवी, कार्तिक सिंह मौजूद थे।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में करियर काउंसलिंग पर कार्यशाला का आयोजन



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में छात्रों के लिए एनएसएचएम नॉलेज कैम्पस दुगार्पुर के सौजन्य से करियर कौंसिलिंग पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमे सेक्रेड हार्ट स्कूल, कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर, डीएवी पब्लिक स्कूल और जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में एनएसएचएम नॉलेज कैम्पस दुगार्पुर के डॉ अरुण उपाध्याय, प्रोफेसर मिथुन गुहा, प्रोफेसर राजीव रंजन, मो सिनाव और मिस्टर प्रशांत सिंह मौजूद थे। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा और प्राचार्य नवीन कुमार ने बुके देकर इनका स्वागत किया। विशेषज्ञों ने जहां एक ओर छात्रों का मार्गदर्शन किया वहीं दूसरी ओर अभिभावकों को भी कई संदेश दिए। उन्होंने कहा कि छात्रों पर दबाव ना बनाया जाए, उन्हें अपना करियर खुद चुनने का अवसर मिलना चाहिए। कई बार अभिभावक बच्चों का करियर तय करते हैं, कि तुम्हें डॉक्टर बनना है या इंजीनियर, आईएएस या आईपीएस। ऐसे में बच्चे कहीं के नहीं रहते। वक्ताओं ने कहा कि दुनिया बहुत बड़ी है। आईटी क्षेत्र में ढेरों सारी संभावनाएं हैं। प्रिंसिपल नवीन कुमार ने सभी लोगों का धन्यवाद किया और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर सेक्रेड हार्ट स्कूल के एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार के अलावा आशुतोष गौतम, डीएवी पब्लिक स्कूल के शिक्षक उज्ज्वल घोष, कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर के शिक्षक सुनील कुमार समेत अन्य शिक्षक मौजूद थे।

## के एल के गिफ्ट प्रतिष्ठान का उद्घाटन

**दारू (आजाद सिपाही)।** दारू पंचायत के माँ दुर्गा कॉम्प्लेक्स में के एल के गिफ्ट वर्ल्ड एंड सी एस पी प्रतिष्ठान का किया गया उद्घाटन । जिला परिषद सदस्या गीता देवी तथा प्रतिष्ठान के मालिक विजय भूषण सिन्हा और आशा सिन्हा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया उद्घाटन । मुख्य अतिथि गीता देवी को बुके देकर किया गया सम्मानित । प्रतिष्ठान के मालिक जितेंद्र भूषण ने बताया कि हमारे प्रतिष्ठान में उत्तम किस्म के गिफ्ट आइटम तथा उचित मूल्य के सामानों को रखा गया है । इस मौके पर मुख्यरूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण , प्रकाश सिन्हा, बजरंग सहाय, गायत्री सिन्हा, रश्मि सिन्हा, प्रीति सिन्हा, शीतल सिन्हा, वैभवी सिन्हा, लख्खी सिन्हा, साक्षी सिन्हा, आकाश सिन्हा, विराट सिन्हा, सम्राट सिन्हा सहित कई लोग उपस्थित थे ।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को 12 वर्ष का सश्रम कारावास

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** नाबालिग के साथ जबरन दुष्कर्म किये जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए एडीजे तृतीय तरुण कुमार की अदालत ने आरोपी कोडरमा थाना अंतर्गत बेकोबर निवासी मनोब्बर हुसैन पिता हनीफ को पोक्सो एक्ट के तहत दोषी मानते हुए 12 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 25 हजार का जुमार्ना भी लगाया गया है। पीड़िता के पिता ने कोडरमा थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करवाया था। मामले में कहा था कि उसकी पुत्री बीते 9 अप्रैल 2021 की दोपहर 12 बजे घर के बगल स्थित नदी में कपड़ा धोने गयी थी, मेरी पुत्री को अकेला देखकर मनोब्बर हुसैन ने जबरन दुष्कर्म करने की घटना को अंजाम दिया था। अदालत में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने की मांग की गई। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और अभिलेख पर उपस्थित साक्ष्यों के अवलोकन करते हुए आरोपी को उक्त

### जिला खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक,उपायुक्त ने दिये कई निर्देश

# इको सेंसेटिव जोन में कोई भी क्रशर संचालित न हो यह डीएमओ सुनिश्चित करें : उपायुक्त



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** ज़िला खनन टास्क फोर्स की मासिक समीक्षा बैठक सोमवार को उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपायुक्त ने अवैध खनन गतिविधियों की समीक्षा करते हुए खनन माफियाओं पर अंकुश लगाने के लिए संबंधित विभागों को सघन चेकिंग अभियान चलाने एवं पुलिस व सामान्य प्रशासन के संबंधित विभागों को खनन, वन, परिवहन, प्रदूषण, कारखाना विभागों के एक्ट के तहत समेकित कारवाई करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा एकल विभागीय कारवाई से अवैध खनन पर अंकुश लगाना संभव नहीं है अतः अवैध खनन, परिवहन में संलिप्त वाहनों, माफियाओं पर हर सुसंगत धाराओं के तहत कारवाई करें। इसके लिए हर विभाग अपने स्तर से की गई कारवाइयों एवं सूचना का आदान प्रदान करने में समन्वय बना कर कार्य करें। सितंबर अक्टूबर माह में प्रखंड - अंचल- थाना क्षेत्र में की गई कारवाई की समीक्षा करते हुए अवैध बालू, चिप्स आदि लघु खनिज पदार्थ के रोकथाम के लिए किए गए प्रयासों को नकाफी बताते हुए थाना व अंचल अधिकारियों को संयुक्त कारवाई करने और सघनता बढ़ाने का निर्देश दिया। साथ ही सभी अंचलों से कारवाई में जब्त वाहनों पर कारवाई में समरूपता लाने, राजस्व की चोरी रोकने, दबावों से मुक्त प्रावधानों के तहत कारवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा थाना प्रभारी व अंचल अधिकारियों की सामूहिक जिम्मेवारी होगी कि लघु खनिजों के अवैध खनन, परिवहन पर अंकुश रहे। उपायुक्त ने अब तक अवैध खनन और वाहनों पर हुई कारवाई को संतोषजनक नहीं बताया। उन्होनें कहा की राज्य सरकार अवैध उत्खनन एवं अवैध परिचालन पर गंभीरता से समीक्षा कर रही है। उन्होंने सभी विभागों को टीम भावना के साथ कार्य करते हुए कार्यों को अंजाम देने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि अनुमंडल पदाधिकारी बरही व सदर अपने मॉनिटरिंग मेकेनिज्म को दुरुस्त करें तथा कारवाई स्थल पर भी मौजूद रहें। उपायुक्त ने सख्त लफ्जों में कहा कि इको सेंसेटिव जोन में कोई भी क्रशर संचालित न हो यह डीएमओ सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जीएम लैंड में अवैध माइनिंग की सूचना प्राप्त हों रही है,ऐसे मामलों पर संबंधितों पर माइंस एंड मिनिरल एक्ट के तहत कड़ी कारवाई करने का निर्देश दिया। जिला परिवहन पदाधिकारी व जिला खनन पदाधिकारी को संयुक्त रुप से टीम बनाते हुए चोरदाहा व अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों में सघन वाहन जांच करने का निर्देश दिया ताकि अवैध परिचालन पर अंकुश लगाया जा सके। इस बैठक में उपायुक्त के अलावे एसपी चोथे मनोज रतन, डीएफओ पूर्वी, पश्चिमी, अपर समाहर्ता राकेश रोशन, प्रशिक्षु आईपीएस ऋषभ गर्ग, एसडीओ सदर विद्या भूषण कुमार, बरही पूनम कुजूर, डीएमओ अजीत कुमार, संबन्धित अंचलाधिकारी, संबंधित थाना प्रभारी व अन्य उपस्थित थे।

# अडाणी फाउंडेशन ने टीबी के 60 मरीजों के बीच दूसरे चरण के तहत बांटे पोषण किट

- अडाणी फाउंडेशन के सहयोग से कम होगी टीबी मरीजों की संख्या : जिला यक्ष्मा पदाधिकारी
- बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित किया गया कार्यक्रम



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अडाणी फाउंडेशन ने सोमवार को टीबी के 60 इलाजरत मरीजों के बीच दूसरे चरण का पोषण किट वितरित किया। इससे पहले इनके बीच पहले चरण में 22 सितम्बर को पोषण किट बांटा गया था। प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत बांटे गए इस इस किट में आहार सामग्रियों जैसे - हॉर्लिक्स, च्वयनप्राश, दाल, चना, गुड़, मूंग और सरसों तेल आदि शामिल थे। ये सभी मरीज आर्थिक रूप से कमजोर हैं, जिन्हें अडाणी फाउंडेशन ने गोद लिया है। बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि हजारीबाग के जिला यक्ष्मा पदाधिकारी आरके जायसवाल ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन के इस प्रयास को बेहद सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि अडाणी फॉउंडेशन के सहयोग से टीबी के मरीजों की संख्या में कमी लाने के प्रयासों को मदद मिलेगी। इस दौरान उन्होंने टीबी बीमारी के लक्षणों के बारे में आम लोगों को जानकारी दी और उससे बचाव के उपाय बताए। कार्यक्रम में मौजूद बड़कागांव के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बीएन प्रसाद ने आम लोगों से टीबी जैसी बीमारी से ग्रसित होने के बाद उसे नहीं छिपाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सही समय पर उपचार से टीबी से हमेशा के लिए छुटकारा मिल सकता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए हजारीबाग के जिला कार्यक्रम समन्वयक टीपू सुल्तान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है, जिसे पूरा करने में ऐसी कोशिशें रंग लाएंगी। अदाणी फॉउंडेशन के इस पहल की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के बाद आने वाले दिनों में इस इलाके में काम करने वाली और भी कंपनियां टीबी मरीजों के लिए आगे आएंगी। फॉउंडेशन का यह प्रयास मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड के जनरल मैनेजर और साइट हेड धर्मेंद्र दूबे ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन की ओर से लगातार जनकल्याण के कार्य किए जा रहे हैं। अडाणी फॉउंडेशन की टीम सीएसआर के तहत और भी कार्यों को पूरा करने के लिए उत्साहित है।

## मनरेगा कर्मी के पिता व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता का निधन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मनरेगा कर्मी दिलीप दास के पिता लालजीत रविदास का आकस्मिक निधन हो गया। निधन की सूचना पर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव,पुर्व मुखिया बसंत साव,बिडीओ कृति बाला लकडा समेत अन्य शोककुल परिवार के घर पहुंचे और दुःख की घड़ी में परिजनों को सांत्वना दी।वहीं सभी प्रखण्डकर्मियो ने दिवंगत के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रहकर श्रद्धांजलि दी। शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाते हुए गहरी शोक संवेदना ब्यक्त की। बताया कि दिवंगत लालजी मृदुभाषी व समाजसेवी ब्यक्ति थे।वे वर्षों से कांग्रेस पार्टी से जुड़े थे। उनके निधन से प्रखण्ड में शोक की लहर है। बताया जाता है बीते कुछ दिनों से वे बीमार चल रहे थे। मौके पर दर्शन सोनी, अशोक गुप्ता, बिंदु सोनी, सुरज मोदी, रुपलाल यादव, अनवर मियां, राहुल गुप्ता, दिपक सोनी, संतोष सहनी समेत कई लोग ने शोकाकुल परिवार पर गहरी सवेंदना व्यक्त की।

## जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड प्रमुख मरकच्चो विजय कुमार सिंह ने सोमवार को दिहाड़ी मजदूर गरीब, असहाय एवं वृद्ध लोगों के बीच दर्जनों कम्बलों का वितरण किया गया। इस मौके पर प्रखण्ड प्रमुख ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा दिये जा रहे गरीब, वृद्ध, दिहाड़ी मजदूर व असहाय लोगो के बीच ठंड से बचाव के लिए कम्बल वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों को कंबल मिलने से ठंड में थोड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि गरीब व असहाय लोगो के बीच कम्बल बांट कर मुझे सकून मिलता है। इस अवसर पर लाभुक राजु यादव, कृष्णा रज्जक, रूपन दास, विजय यादव, सहोदरी देवी, फुलवा देवी, गुड़िया देवी, रामविलास धोबी, विजय डोम समेत कई लाभुक उपस्थित थे।

## आंगो थाना क्षेत्र के खुटवार से आइइडी बम बरामद

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** पुलिस की तत्परता से आई ई डी बम को निष्क्रिय कर बड़ी घटना को अंजाम देने वालों के मंसूबों पर पानी फेरा गया है। पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि हजारीबाग जिलांतर्गत अंगों थाना क्षेत्र के ग्राम खुटवार के जंगल में जुट कि बोरी में विस्फोटक सामग्री होने की संभावना है। उक्त सुचना के सत्यपान हेतु हजारीबाग जिला बल, बीडीडीएस टीम झारखंड जगुवार, रांची और सीआरपीएफ 22 बटालियन के चुरचू स्थित कंपनी के साथ संयुक्त नक्सल विरोधी अभियान चलाया गया। तत्पश्चात उपरोक्त स्थान से बरामद आइइडी बम को बीडीडीएस के टीम के द्वारा निष्क्रिय किया गया।

# महापौर रोशनी तिर्की ने अपने कार्यकाल में किये गये विकास कार्यों का प्रस्तुत किया रिपोर्ट कार्ड

- क्षेत्र में जनता को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम कृत संकल्पित : रौशनी तिर्की



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** निर्मल महतो पार्क में नगर निगम महापौर रौशनी तिर्की ने सोमवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया। मौके पर महापौर रोशनी तिर्की ने अपने कार्यकाल के दौरान निगर निगम क्षेत्र में किये गये विकास कार्यो के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत की। महापौर ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 5 हजार 799 योजनाओं को स्वीकृति देते हुए उनके आवास का निर्माण कराया गया। साथ ही एक योजना के तहत नगर निगम की ओर से कोलघट्टी क्षेत्र में 288 फ्लैट लोगों को उपलब्ध कराया गया। महापौर ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में 3 लाख 50 हजार की लागत से सोलर लाईट भी लगाया गया। साथ ही 7 हजार 302 एलईडी लाईट मंगाकर क्षेत्र के 36 वार्डो के गलियों के साथ-साथ सड़क में भी लगाया गया। बताया कि अभी 2 हजार 730 एलईडी का ऑर्डर दिया गया है, जिसे जल्द ही मंगाकर नगर निगम क्षेत्र में लगाया जाएगा। मौके पर महापौर ने कहा कि कोविड के कारण पूरे देश में विकास कार्यो में काफी असर पड़ा और इससे हजारीबाग भी अछूता नहीं रहा। कहा कि कोविड काल में विकास कार्यो की गति धीमी रही, लेकिन इसके बाद तेजी से नगर निगम क्षेत्र में विकास कार्य किये गये। महापौर ने बताया कि 14वें वित्त की राशि से नगर निगम में कई विकास के कार्य किये गये। बताया कि 15वें वित्त के तहत 5 करोड़ 94 लाख 62 हजार से अधिक की राशि खर्च की गई। इसके राशि से नगर निगम क्षेत्र में पांच पार्कों का निर्माण किया गया, जिसमें जबरा पार्क, सारले पार्क, हाउसिंग बोर्ड कालोनी पार्क, मीठा तालाब पार्क सहित एक निमार्णाधीन पार्क शामिल है। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से मीना प्रजापति, सोनी छेत्री कृष्णा, अनिल प्रसाद, मोना देवी विजय प्रसाद, मिथिलेश सिंह, राजेश सिन्हा,विधायक प्रतिनिधि मीडिया प्रभारी रंजन चैधरी सहित कई वार्ड पार्षद एवं मीडिया कर्मी उपस्थित थे।

### नागरिक सुविधा में खर्च किये गये 13 करोड़ से अधिक की राशि

महापौर ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में नागरिक सुविधा को लेकर वर्ष 2019-20 में 33 योजनाओं को स्वीकृति दी गई, जिसमें 5 करोड़ 64 लाख 43 हजार 868 रुपए खर्च किये गये।

### 12 करोड़ से अधिक की राशि खर्च कर परिवहन सेवाओं को बनाया गया बेहतर

महापौर ने बताया कि वर्ष 2019 से लेकर अब तक पूरे नगर निगम क्षेत्र में परिवहन की सुविधा को बेहतर बनाने के लिए 12 करोड़ से अधिक की राशि खर्च की गई है।

## खीरू महतो को प्रदेश अध्यक्ष बनने पर हजारीबाग जदयू नेताओं ने दी बधाई



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष पद पर खीरू महतो को तीसरी बार निर्विरोध चुने जाने पर हजारीबाग जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा के नेतृत्व में रांची जाकर खिरू महतो को बधाई दि गई। साथ साथ राज्य निर्वाचन पदाधिकारी अनिल सिंह को लोकतांत्रिक तरीके से पूरे झारखंड में चुनाव संपन्न कराने पर बधाई दी गई। इस दौरान जदयू नेताओ ने कहा की खीरू महतो के नेतृत्व में बूथ स्तर तक पार्टी मजबूत होगी और 2024 लोकसभा चुनाव में जनता दल यूनाइटेड का बेहतरीन प्रदर्शन होगा। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से पार्टी के वरिष्ठ नेता चंद्र मोहन पटेल, राकेश ठाकुर, मिथिलेश सिंह, संजय राम, प्रदीप रजक, खुशबू कुमारी, राकेश गुप्ता, रोमी सलूजा, यासीन अंसारी, अविरल बिहारी लाल, अशोक सिन्हा, अयोध्या प्रसाद मेहता, सत्येंद्र सिंह, शंकर महतो, कविता कुमारी, दिनेश्वर महतो, दिनेश महतो, राजेंद्र मंडल, देवनाथ महतो, गुलशन राज, राजीव खंडेलवाल, रामकुमार वर्मा, साबिर अंसारी सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## मुखिया नंदकिशोर मेहता की पहल पर दिव्यांग दीपक को मिला व्हील चेयर



**इचाक (आजाद सिपाही)।** डाडीघाघर पंचायत के मुखिया नंदकिशोर कुमार उर्फ नन्दू मेहता के पहल पर दिव्यांग दीपक को व्हील चेयर मिला। मुखिया श्री मेहता ने बताया ग्राम फुफन्दी निवासी धनीराम मांझी के पुत्र दीपक मांझी दोनों पैर से दिव्यांग है। उसे चलने फिरने में काफी दिक्कत हो रही थी। वर्षों से व्हीलचेयर की उम्मीद में था, परंतु उपलब्ध नहीं हो पाया था। उन्होंने कहा कि इस संबंध में हमने बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नीलू रानी से संपर्क कर व्हीलचेयर मुहैया कराने की बात कही। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी द्वारा इसे गंभीरता से लेते हुए दिव्या दीपक को व्हीलचेयर उपलब्ध कराया। इसमें इचाक पूर्वी जिप सदस्य रेनू देवी का भी योगदान रहा है। मौके पर भाजपा अनुसूचित जनजाति के नेता रमेश हेंब्रम, उप मुखिया मालो देवी और विभाग के पर्यवेक्षक भी मौजूद थे।

## जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बेड़ाहरियारा, रमुआ, बादीखरना पंचायत में सोमवार को सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के तहत ब्लॉक स्तरीय द्वारा उपलब्ध कंबल बेड़ाहरियारा पसंस कल्पना देवी, पसंस प्रतिनिधि दीपक रजक, वार्ड सदस्य संदीप लाहकार, वार्ड सदस्य रंजना देवी के द्वारा बढ़ती ठंड से राहत के लिए गुरुवार को गरीब, दिव्यांग, वृद्ध, असहाय, जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। कंबल वितरण के पश्चात पसंस प्रतिनिधि दीपक रजक ने कहा ठंड प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, ऐसे में ठंड से राहत के लिए कंबल,शॉल एवं अलाव की काफी आवश्यकता रहती है ।जिसको लेकर झारखंड सरकार द्वारा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में कंबल दिया जा रहा है। दिया गया कंबल को लोग ओढ़े तथा ठंड से बचें। कंबल वितरण में मुख्य रूप से बेड़ाहरियारा पसंस कल्पना देवी,पसंस प्रतिनिधि दीपक रजक, वार्ड सदस्य संदीप लाहकार ,वार्ड सदस्य रंजना देवी आदि लोग मौजूद थे।

## बेटी की शादी के दिन ही हुई मां की मौत



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** खंभवा गांव निवासी उपेंद्र सिंह की बेटी की शादी सोमवार की रात होनेवाली थी। घर के सारे लोग तैयारियों में लगे थे। शादी की तिथि लगभग एक माह पूर्व निर्धारित कर ली गई थी। इसी बीच जिस लड़की की शादी होनेवाली थी,उसकी मां का स्वास्थ्य चार दिन पूर्व बिगड़ जाता है। उन्हें लेकर लोग हजारीबाग अस्पताल पहुंचे। उनकी इलाज होने लगी। चिकित्सक द्वारा दवा -सुई देकर घर भेजा गया ,अचानक रविवार को उनका स्वास्थ्य फिर खराब हुआ और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। सोमवार को हजारीबाग के बाद उन्हें रांची ले जाने के क्रम में रास्ते में ही मौत हो गई। इधर घर में बेटी की शादी की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी थी। कुछ ही देर में सभी बेटी की शादी के लिए हरिहरधाम जाते कि अचानक आई मौत की खबर से घर में मातम पसर गया। बेटी की विदाई के पूर्व मां ही हमेशा के लिए रुकसत हो गई। आनन फानन में गांव समाज के लोगों ने बेटी को सारा सामान के साथ मंदिर भेज दिया। ताकि उनकी शादी हो सके, हालांकि अब तक उसकी मां का शव भी घर नहीं पहुंच सका था। बताते चलें कि उपेंद्र सिंह की पांच बेटियां और एक बेटा है। चौथी बेटी रीना की शादी होनेवाली है। इसकी शादी बोकारो , जरंगडीह निवासी रोहन सिंह के साथ होनी है। अब एक ओर घर में मां की अंतिम यात्रा की तैयारी हो रही है,वहीं दूसरी ओर बेटी की वैवाहिक रस्म पूरी की जा रही है।

## पदमा में बूद्धप्रिय ग्रामीण निधि लिमिटेड बैंक का हुआ उद्घाटन



**पदमा (आजाद सिपाही)।** पदमा प्रखण्ड स्थित सरैया बस स्टैंड के समीप सोमवार को बुद्धप्रिय ग्रामीण निधि लिमिटेड बैंक का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता, पदमा जिप सदस्य बसन्त नारायण मेहता, मुखिया अनिल मेहता, सुनीता देवी एवं परमेश्वर मेहता ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस मौके पर संचालक राजेश मेहता राजकुमार रविदास, दिनेश मेहता, पिंटू मेहता, प्रमोद यादव, बिजय कुमार, बीरेंद्र केशरी, दीपक मेहता आदि ने बताया कि यह बैंक ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के लिए तत्पर है। पदमा प्रखण्ड में इस बैंक के खुलने से लोगो की परेशानी कम होगी तथा मुख्य बैंक पर दबाव भी कम होगा। साथ ही ग्राहक अपने घर के नजदीक बैंकिग सुविधा का लाभ ले सकेंगे। इस मौके पर पूर्व प्रखण्ड प्रमुख बिपिन मेहता, पंस सदस्य पूनम देवी, सुशीला देवी, कामेश्वर मेहता, उपमुखिया, चिंतामणि यादव, अजय मेहता, भाजपा नेता अजय मेहता, बासुदेव मेहता, कामेश्वर मेहता, सूरज मेहता, शंभु रविदास के अलावे सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## चरही के बरतपिछरवा में वनभोज और रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन



**चरही (आजाद सिपाही)।** चुरचू प्रखण्ड के चरही पंचायत अंतर्गत ग्राम सरबाहा के समीप बरतपिछरवा में झारखण्ड आदिवासी दलित मंच के तत्वधान कसियाडीह, बिराखाप, दलदलिया ,बदुर्लतवा गांव का संयुक्त वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया। मौके पर ढोल मांदर के साथ नाच गान सहित कई रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। वनभोज कार्यक्रम में सभो ने एकजुटता का परिचय देते हुए गांव के चहुँमुखी विकास के लिए संकल्प लिये। इस अवसर पर झारखंड आदिवासी दलित मंच के संयोजक महालाल हांसदा, समाजसेवी आनंद सोरेन, उपप्रमुख संजय सिंह, झामुमो केन्द्रीय सदस्य रामकिशोर मुर्मू, मन्नू टुडु , पूर्व चरही मुखिया महादेव सोरेन, जगदीश हेम्ब्रोम, जीवलाल हेम्ब्रोम ,अंजलुष सोरेन, मनोज हांसदा, कपिल हेम्ब्रोम, तालो हेम्ब्रोम, राजेश हेम्ब्रोम, फिलन होरो, चुनुलाल हांसदा, देवनारायण हंसदा,शिवनारायण, करण, राज, कुमता, आकाश, सूरज, कातिलाल, राजू, समीर, मुट्रा, छातून, सुनील, आशीष ,अतीत, मनोज, राजेश, आनंद , अनिल, फिलेन,अभिषेक, रामदेव, महालाल, अजित ,फ्रैंसिस, मनीष, बबलू, हेमलाल, रितेश, लक्ष्मण, देवीलाल, विजय, विशाल, विक्रम, रोहित करण, अजय, मानाराम ,प्रदीप सहित अन्य लोग शामिल थे ।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 29 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com
05

## झारखंड उच्च विद्यालय बिंगलात को सांसद प्रतिनिधि ने कुर्सी फर्नीचर का किया सहयोग



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत झारखंड उच्च विद्यालय बिंगलात को टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने निजी रुप में पांच कुर्सी फर्नीचर का सहयोग किया। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा जगत के लिये यह विद्यालय काफी उपयोगी है। यद्यपि इस विद्यालय को सरकार से कोई अनुदान नही मिलता है, सरकारी मान्यता के लिये प्रक्रियाधीन है। विद्यालय करीब बीस वर्षो से संचालित है। विद्यालय में पठन पाठन बहुत ही सुचारू ढंग से होता है। ऐसे विद्यालय को सहयोग करने के लिए सभी कोई को आगे आना चाहिये। विशेषकर सीसीएल को भी आगे आना चाहिये और विद्यालय को हर संभव मदद करना चाहिये। इस पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक बिशुन साहु ने कहा कि सीसीएल आम्रपाली ने इस विद्यालय को गोद लिया है, गोद लेने के बाद सीसीएल अपने प्रारंभ में विद्यालय को कुछ सहयोग भी किया,अब नहीं किया जा रहा है,फिर भी हमलोगों के द्वारा सुचारू रूप में शिक्षा का अलख जगाया जा रहा है। विद्यालय प्रभारी के द्वारा सांसद प्रतिनिधि और मंडल अध्यक्ष से विद्यालय के विकास के लिये मदद की मांग किया गया। सांसद प्रतिनिधि ने कुर्सी फर्नीचर देने के पश्चात आगे और भी हर संभव मदद का भरोसा दियाऔर कहा कि छात्र, छात्राओं के लिये विशेष रूप में डीएमएफडी से शौचालय का निर्माण भी जल्द हो जायेगा। विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक शिक्षक,शिक्षकेतर कर्मचारियों ने सांसद प्रतिनिधि के प्रति इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी, उपाध्यक्ष फूलचंद साव, युवा नेता बलराम साव, पंचायत संयोजक धनंजय पांडेय, विद्यालय प्रबंध समिति सदस्य हीरालाल साव, शिक्षक रविन्द्र कुमार ठाकुर, अजय कुमार, रविन्द्र कुमार, विद्यालय के छात्र, छात्राएं व अन्य उपस्थित थे।

## मांडू बीडइओ ने सरकारी विद्यालय का किया औचक निरीक्षण



**कुजू (आजाद सिपाही)।** मांडू प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय राम ने सोमवार को छोटकीडूंडी पंचायत अंतर्गत बड़कीडूंडी स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने विद्यालय के तीसरी वर्ग के बच्चों को शिक्षक की भूमिका में हिंदी व अंग्रेजी पढ़ाया। वही, सातवीं वर्ग के विद्यार्थियों के साथ गणित से संबंधित सवाल जवाब किए तथा विषय वस्तु पर करीब 20 मिनट तक परिचर्चा की। जबकि आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को विज्ञान से संबंधित प्रश्नोत्तर के साथ-साथ विज्ञान की पढ़ाई क्यों जरूरी है, इस पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। वही, बच्चों से रूबरू होते हुए पढ़ाई के प्रति उत्साहित की। तत्पश्चात मौजूद शिक्षकों को शिक्षण से जुड़े आवश्यक जानकारिया देते हुए विद्यार्थियों को ससमय के अनुसार शिक्षण देने की बात कही। वही, विद्यालय में विधि व्यवस्था, साफ-सफाई, पंजीयन, संचालित मध्याहन भोजन का भी जायजा लेते हुए सुझाव दिए। मौके पर विजय राम ने बताया कि विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा शिक्षण सहित हर मामले में बेहतर व्यवस्था है। मौके पर प्रधानाध्यापक देवेंद्र दांगी सहित शिक्षकेतर कर्मचारी मौजूद रहे।

## सृजन फाउंडेशन ने महिला हिंसा विरोधी पखवाड़ा का किया आयोजन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सृजन फाउंडेशन के सौजन्य से इचाकडीह पंचायत भवन में 16 दिवसीय महिला हिंसा विरोधी पखवाड़ा दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख़्य रूप से इचाकडीह पंचायत मुखिया रमेश राम व पंसस छाया देवी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन उमा कुमारी व पूजा कुमारी ने सयुंक्त रूप से की। वही, संस्था के नरेश मांझी ने पखवाड़ा के उद्देश्यों के बारे में बताते हुए कहा कि लड़कियों व महिलाओं के साथ हो रहे हिंसा व लैंगिक भेदभाव को खत्म करने के लिए आवाज को बुलंद करने की जरूरत है। वही, संस्था के संजीत कुमार ने कहा कि महिलाए व लड़कियों को अपने साथ हो रहे हिंसाओं को पहचान कर आवाज उठाने की आवश्यकता है। साथ ही, रमेश राम व छाया देवी ने कहा कि समाज को हिंसा मुक्त वातावरण निर्माण करने की जरूरत है। जिससे हमारा समाज एक स्वस्थ दिशा की ओर अग्रसर होगा। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक, गीत व स्लोगन के माध्यम से एकजुटता दिखायी गयी। वही, सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूनम देवी, रोशन कुमार, जिया नाज का सराहनीय योगदान रहा।

## बरकाकाना ओपी ने दो को भेजा जेल

**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कॉलोनी नया नगर बरकाकाना में पिछले दिनों हुई चोरी की घटना में अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया गया था,मामले में कारवाई करते हुए बरकाकाना ओपी ने दो को भेजा जेल।बरकाकाना ओपी प्रभारी विनय कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि चोरी किये गए टैब की बरामदगी पर विशाल कुमार एवम रोक्की कुमार को जेल भेजा गया है।

## लोजपा के 23 वीं स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के 23 वीं स्थापना दिवस को लेकर रामगढ़ जिला प्रधान महासचिव के आवासीय कार्यालय में सोमवार को उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पार्टी के जिला अध्यक्ष केवल पासवान ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर और लोजपा एवं दलित सेना के संस्थापक स्व रामविलास पासवान के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर जिला अध्यक्ष श्री पासवान ने कहा कि पार्टी के संस्थापक ने देश के विकास कार्यों में अपने अनूठा छाप छोड़ा है। उनके द्वारा किए गए कार्यों को पार्टी के नेता और कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचाने के लिए समर्पित भाव के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के हाथों को रामगढ़ जिला में मजबूत करने करने के लिए कार्यकताओं को शपथ दिलाया। साथ ही उन्होंने पार्टी द्वारा किए जा रहे कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आह्वान किया। प्रदेश सचिव अर्जुन पासवान, ओबीसी मोर्चा के झारखंड प्रधान महसचिव उपेंद्र गुप्ता, महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव मिता देवी, रामगढ़ जिला प्रधान महासचिव आशीष गुप्ता, जिला उपध्यक्ष राजेंद्र नायक, सुरेश नायक, राजेंद्र यादव, नरेश तुरी, काजरु नायक, उमेश कुमार, गीतू देवी, पिंकी देवी, सुमन देवी, अनीता देवी, साधना देवी, यशोदा देवी सहित कई नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चितरपुर महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता एवं क्विज का आयोजन

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** चितरपुर महाविद्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता व क्विज का आयोजन शैक्षणिक कार्यक्रम समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभ किया गया उसके बाद प्राचार्या डॉ संज्ञा ने उपस्थित सभी लोगों को प्रस्तावना का पाठ करते हुए शपथ दिलाया। पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता करते हुवे प्राचार्या डॉ संज्ञा ने कहा कि भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस मनाए जाने का निर्णय प्रशंसनीय कदम है। लोकतंत्र में संविधान के महत्ता और सर्वोच्चता हम नागरिकों को समझना और एक दूसरे समझाना जरूरी है। तब हम भारत के लोकतंत्र को और मजबूत बना सकते हैं। कार्यक्रम की नेतृत्व कर रहे उर्दू विभागाध्यक्ष प्रो शाहनवाज खान ने कहा कि भारत सरकार द्वारा देश के संविधान के बारे में नागरिकों में जागरूकता फैलाने और संवैधानिक मूल्यों का प्रचार करने के लिए 26 नवंबर 2015 को पहली बार संविधान दिवस मनाने का फैसला किया गया था। तब से प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संथाओं की जिम्मेवारी है कि किस प्रकार इस निर्णय का प्रचार प्रसार किया जाए और व्यावहारिक रूप दिया जाए। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ हीना कौसर ने भारतीय संविधान का संक्षिप्त परिचय कराने के साथ संविधान सभा के कुछ महत्वपूर्ण अनुच्छेदों को बिस्तार से बताया।

### पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ावा के उद्देश्य से भेड़ी फार्म में सौंदर्यीकरण का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

# ससमय गुणवत्ता के साथ कार्य को करें पूर्ण : डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चतरा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त अबु इमरान ने पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ावा देने के उद्देश्य से भेड़ी फार्म में सौंदर्यीकरण से संबंधित चल रहे कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में भेड़ी फार्म स्थित ग्रामीणों ने उपायुक्त से मिल इस पहल के लिए जिला प्रशासन की सराहना करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि जिला प्रशासन की यह एक अच्छी पहल है। उपायुक्त ने कहा कि पर्यटन स्थल बन जाने से स्थानीय लोगों के लिए एक आय का श्रोत के साथ साथ स्थानीय लोगों को रोजगार का साधन भी मिल सकेगा। जिससे युवक रोजगार से जुड़ कर आत्मनिर्भर बन सकेंगे। वहीं मौके पर संवेदक को निर्देशित किया गया कि गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग करते हुए तय समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण करें। उक्त मौके पर संबंधित पदाधिकारी, संवेदक समेत अन्य उपस्थित थे।

## रामगढ़ उपकारा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा सोमवार को रामगढ़ उपकारा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से रामगढ़ जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव दिलीप राजेश्वर तिर्की व विशिष्ठ रूप से कोर टीम के सदस्य व मुस्कुराहटें संस्था के अध्यक्ष विवेकानन्द वर्मा उपस्थित थे। मौके पर कैदियों को संबोधित करते हुए डलसा के सचिव ने कहा कि हम सभी को अपने मौलिक अधिकारों एवम् कर्तव्यों के बारे में अवश्य ही जानना चाहिए। विधिक सेवा हेतु हमारा प्राधिकार सदैव आपके साथ है। वही विवेकानन्द वर्मा ने कहा कि डलसा असहायों के विधिक सहायता हेतु निरन्तर प्रयासरत है। आप सभी इनके सुविधाओं का उपयोग अवश्य ही करे। वही मौके पर उपस्थित अधिवक्ता सतीश कुमार पाठक ने कैदियों के समस्याओं को जाना तथा यथाशीघ्र डलसा के तहत समाधान की बात कही। मौके पर उपकारा के सहायक कारापाल देवनाथ राम ने अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर कई मौजूद थे।

## मुखिया ने पीएम आवास के लाभुकों को कराया गृह प्रवेश



**मगनपुर (आजाद सिपाही)।** गोला प्रखंड क्षेत्र के सोसो कलां पंचायत के सोसो कलां गांव में पंचायत के मुखिया नीता देवी ने सोमवार को प्रधानमंत्री के लाभुकों को विधिवत रूप से फीता काटकर पूजा अर्चना के पश्चात गृह प्रवेश कराया गया। इस दौरान मुखिया ने कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ गरीबों को मिल रहा है। गरीबों को पक्की छत मिल जाने से चेहरों पर खुशी देखी गई। मुखिया ने कहा कि गरीबी रेखा से नीचे बसर करने वाले पंचायत के सभी लोगों को योजना का लाभ दिलाया जाएगा। वहीं लाभुकों के चेहरे में इस दौरान खुशी दिखाई दिया।मौके पर उपमुखिया लईक आलम, पंचायत सेवक महादेव महतो, स्वयंसेवक हसीबुल्लाह अंसारी, विवेक कुमार महतो, लाभुक शिला देवी, मिना देवी, जिरवा देवी, रुक्मणी देवी, जिला देवी, मुकेश कुमार दास, मुनेजा खातून आदि उपस्थित थे।

## रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ का रोटरी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स का चुनाव संपन्न

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर के थाना चौक स्थित रोटरी हॉल के सभागार में रविवार की देर शाम सत्र 2023-24 रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ का रोटरी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स का चुनाव कमेटी के चेयरमैन प्रदीप कुमार सिंह के देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ। जहां सत्र 2023-24 के लिए निर्विरोध अध्यक्ष डॉ आलोक रतन चौधरी, उपाध्यक्ष सुरेश बौन्दिया, सचिव जय पी सिंह, कोषाध्यक्ष मदनलाल माहेश्वरी बने। जबकि सत्र 2024-25 के अध्यक्ष राजेंद्र जैन बने। वही, निदेशक संजय शर्मा, संजय जैन, जितेंद्र प्रसाद, संतु भाई मानिक, ललित जैन बनाये गए। चुनाव संपन्न होने के बाद सत्र 2023-24 के अध्यक्ष चुने गए डॉ आलोक रतन चौधरी ने कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में एक नया आयाम लिखेगा रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़। उन्होंने कहा कि क्लब के सदस्यों के बिना किसी काम को पूरा नही की जा सकती, इस लिए आप सभी के सहयोग से ही रोटरी क्लब नित्यदिन बेहतर कार्य करेगी।



**क्लब के पदाधिकारियों ने दी बधाई**

**क्लब अध्यक्ष अनिल गर्ग, सचिव राहुल जैन, डी पी सिंह, सुरेश प्रसाद अग्रवाल, अरुण रॉय, कमलेश्वर सिंह आदि ने रोटरी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के चुने गए पदाधिकारियों को बधाई दी।**

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल, रेफर

**गोला (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ बोकारो एन एच 23 झींझरी टांड़ के समीप रविवार की देर रात को हुई सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गए। घटना के संबद्ध में बताया गया कि कसमार थाना क्षेत्र के तिरयो नाला गांव निवासी सिधन किस्कू अपना बेटा सुजीत किस्कू के साथ मोटरसाइकिल में सवार होकर गोला से वापस घर जा रहा था। इस क्रम में उक्त स्थान में सड़क पार कर रहे मगनपुर गांव निवासी बरतू महतो 60 वर्ष को धक्का मार दिया। जिसके कारण तीनो सड़क में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। 1033 की मदद से तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद तीनों को रेफर किया गया है।

## पतरातू डैम के प्राकृतिक सौंदर्य में चार चांद लगाने पहुंचे प्रवासी मेहमान साइबेरियन पक्षी

**संतोष कुमार**



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू डैम के प्राकृतिक सौंदर्य में चार चांद लगाने के लिए सात समंदर पार कर विदेशी मेहमान प्रवासी पक्षियों का झुंड पतरातू डैम पहुंचने लगे हैं। हालांकि वर्त्तमान समय में यहां पर साइबेरियन पक्षियों का कुछ ही झुंड पहुंचा है। किंतु सर्दी शुरू होते ही इन विदेशी मेहमानों का पतरातू डैम में पहुंचने का तांता लग जाता है। वे यहां पर पहुंच कर लगभग तीन माह तक अठखेलियां शुरू कर देते हैं जो पर्यटक और सैलानियों को अपनी ओर काफी आकर्षित करते हैं। यह साइबेरियन पक्षी माह नवंबर से लेकर फरवरी माह तक डैम में पहले से मौजूद लाल सोर देशी पक्षी और पनडुबी नामक पक्षियों के साथ घुलमिल जाते हैं। साथ ही जो सैलानी और पर्यटक नौका विहार करते हैं। उनके ईद-गिर्द भी मंडराने लगते हैं। वहीं वन विभाग और प्रशासनिक पदाधिकारियों के लाख मना करने के बावजूद कुछ सैलानी तो इन्हें खाने का लालच देकर अपने नाव किनारे बुलाते हैं और पक्षियों का लुत्फ उठाते हैं। बहरहाल इन विदेशी मेहमान साइबेरियन पक्षियों के यहां आने से डैम की खूबसूरती और भी बढ़ जाती है। रामगढ़ जिला में स्थित पतरातू डैम अपनी प्राकृतिक सौंदर्य के लिए विख्यात है। इसके मनोरम दृश्य विश्व स्तरीय है। डैम में प्रायः फिल्मों की शूटिंग जारी रहती है। इसी कारण झारखंड़ सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यहां करोड़ों रुपये की लागत से पतरातू लेक रिसॉर्ट का निर्माण कराया है। मालूम हो कि पतरातू डैम में सर्दियों में प्रवासी पक्षी अपना डेरा डालती है। विदेशी साइबेरियन पक्षी के आते ही डैम की सुंदरता में चार चांद लग गए हैं। वैसे तो ठंड आते ही विदेशी साइबेरियन पक्षियों का आना यहां शुरू हो जाता है। इन पक्षियों के आते ही डैम का सौंदर्य और भी बढ़ जाता है। पतरातू डैम में आने वाले सैलानियों ने बताया कि डैम की सुंदरता को यहां आने वाले प्रवासी पक्षी के कारण बढ़ जाती है। वहीं उन्होंने कहा कि सरकार को डैम और विदेशी पक्षी जो यहां आते हैं उनके संरक्षण के आवश्य कदम उठाने चाहिए।

## लापरवाही बरतने वाले पांच धान अधिप्राप्ति केंद्र को डीसी ने काली सूची में डाला



**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में खरीफ विपणन वर्ष 2022 - 23 में धान अधिप्राप्ति से संबंधित जिला अनुश्रवण समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से धान अधिप्राप्ति हेतु पैक्सो का चयन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। वहीं बैठक में उपस्थित संबंधित पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई की धान अधिप्राप्ति में लापरवाही बरतने वाले पांच पैक्स को काली सूची में डाल दिया दिया गया है। इस संदर्भ में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि ऐसे लापरवाह पैक्सों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करें। जिसके पश्चात अनुश्रवण समिति के सदस्यों द्वारा धान अधिप्राप्ति हेतु सर्वसम्मति से कुल 17 पैक्स का चयन किया गया। उन्होंने धान अधिप्राप्ति को लेकर कहा कि किसानों को नजदीकी पैक्स से टैग कर दिया जाय जिससे किसानों को धान विक्रय करने में समस्याओं का सामना ना करना परे। उक्त मौके पर अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी, जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र हजारीबाग सह चतरा राजीव रंजन समेत अन्य सभी संबंधित उपस्थित थे।

## श्री अग्रसेन स्कूल में इंटर हाउस राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** श्री अग्रसेन स्कूल, भुरकुंडा में चल रहे इंटर हाउस ओपन साइट राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का सोमवार को फाइनल खेला गया। इसमें लड़कों में राहुल यादव व लड़कियों में संजना कुमारी ने गोल्ड मेडल जीता। साथ ही शिवम कुमार सिंह, अभय तिग्गा, लड़कियों में अक्षिता कुमार, पल्लवी कुमारी ने क्रमशः सिल्वर व ब्रॉन्ज जीता। इसके अलावा अस्मित साव, सागर पांडेय, ईश्वर मुंडा, अभिनीत टोप्पो, आदर्श कुमार मिंज को भी उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बतौर निर्णायक उपस्थित झारखंड की एकमात्र नेशनल शूटिंग गोल्ड मेडलिस्ट कीर्ति गौरव ने सभी शूटरों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल में भी ऊजार्वान होकर अनुशासित ढंग से आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि आज खेलकूद का दायरा काफी बढ़ गया है। खेल के बूते भी हम बेहतर भविष्य की ओर बढ़ सकते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने जो सुविधाएं बच्चों को दी है, वह सराहनीय है। स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि हमारी कोशिश है कि हमारे बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का पूरा मौका मिल सके। इसी सोच के साथ विद्यालय में शूटिंग रेंज की स्थापना की गई है। राइफल शूटिंग में लड़कों और लड़कियों दोनों को समान रूप से अवसर मिल रहा है। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि बच्चों की ट्रेनिंग से लेकर सभी तरह की जरूरी सामग्री निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में शूटिंग कोच राजेश महतो व अन्य शिक्षकों का योगदान रहा।

## लचर विद्युत व्यवस्था को ले आजसू ने सहायक अभियंता भुरकुंडा को सौंपा ज्ञापन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की लचर व्यवस्था के खिलाफ एवं विभिन्न मांगों को लेकर आजसू पार्टी पतरातू प्रखंड कमेटी ने सोमवार को सहायक अभियंता विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल भुरकुंडा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से क्षेत्र में अविलंब बिजली कटौती बंद कर निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति बहाल की मांग की गई है। सौंपे गए ज्ञापन में निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति करने, बिना कवरिंग वाले तारों के नीचे गार्डवायर लगाने, जर्जर हो चुके तारों एवं पोल को बदलने, प्रतिमाह रीडिंग लेने की मांगे शामिल है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि तीन-चार महीनों में बिल उपलब्ध कराया जाता है जिससे लोगों की आर्थिक व्यवस्था असंतुलित हो जाती है। साथ ही खराब बिजली आपूर्ति के कारण क्षेत्र की जनता को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। चैबीस घंटे में मात्र दस से बारह घंटे हीं बिजली ग्रामीणों को मिल रही है जिससे खेती, शिक्षा, उद्योग, व्यापार एवं विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ज्ञापन में कहा गया है की बिजली आमजनता की मूलभूत सुविधा है। 15 दिनों के अंदर सभी मांगों पर साकारात्मक पहल नहीं की जाती है तो क्रमवार आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में आजसू पतरातू प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, प्रखंड कोषाध्यक्ष ब्यास पांडेय, जिला संगठन सचिव शशि पासवान, प्रखंड उपाध्यक्ष गुलाबचंद्र मिश्रा, जिला सह सचिव रामशरण गिरी, महिला मोर्चा सचिव पुष्पा बाखला, कला संस्कृति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत महतो, छात्र संघ सचिव इमरोज खान, छात्र संघ कोषाध्यक्ष दिलीप महतो, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष विश्वनाथ भुइयां उर्फ अजय, पटेलनगर पंचायत अध्यक्ष संतोष मिश्रा, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष राज नायक, प्रखंड सह सचिव जितेंद्र चैरसिया, मनीष सिंह, फुलहरी देवी, गुड़िया देवी, सुरु कुमार, बंटी राम, सागर लाल, शुभम कुमार लाल, राजन कुमार, बबलू कुमार, बीरेंद्र कुमार आदि शामिल थें।

## आदिवासी मूलवासी रैयत विस्थापित संघ की बलकुदरा के बड़काटोला में हुई बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** आदिवासी मूलवासी रैयत विस्थापित संघ की बैठक सोमवार को बलकुदरा पंचायत के बड़काटोला देवी मंडय में हुई। कहा गया कि सीसीएल प्रबंधन व पीएलआर कंपनी बलकुदरा पंचायतवासियों के साथ छलावा कर रही है। पूर्व में किए गए वादे को निभाने में अब तक प्रबंधन ने कोई रूची नहीं दिखाई है। बलकुदरा में लोकल सेल खोलने सहित 11 सूत्री मांग-पत्र प्रबंधन को सौंपा गया था। लेकिन इस दिशा में भी कोई पहल नहीं हुई। कहा गया कि आजादी से पूर्व वर्ष 1924-25 में सरकार ने भूमि अधिग्रहण की थी। और कोयला निकालने का कार्य किया जा रहा था। लेकिन आज तक विस्थापितों को उनका हक-अधिकार नहीं मिला। और न ही रोजगार व मुआवजा दिया गया। कहा गया कि भूमि अधिग्रहण विधेयक के तहत सीसीएल प्रबंधन आदिवासी मूलवासी रैयत विस्थापितों को रोजगार उपलब्ध नहीं कराती है तो उक्त भूमि को विस्थापितों को वापस करना होगा। निर्णय हुआ कि मामले को ले संघ द्वारा जोरदार आंदोलन चलाया जायेगा। इस दौरान न तो कोयले का उत्पादन और न ही डिस्पैच करने दिया जायेगा। साथ ही समुचित न्याय को ले उच्च न्यायालय के शरण में जाने की भी बात कही गई। मौके पर संघ के संयोजक देवानंद प्रसाद, अध्यक्ष झरी मुंडा, उपाध्यक्ष नन्दकिशोर मुन्डा, महासचिव विनय कुमार व अरुण प्रसाद, सूरज बाड़ा, प्रेम मुंडा, विरेंद्र प्रसाद, ललित कुमार, विरेंद्र साहू, संतोष प्रसाद करण कुमार, केशव मुंडा, रवि कुमार मुंडा, मुन्ना मुंडा, मुकेश कुमार, रमेश साहू, प्रेम साहू, शंकर कुमार मुंडा, वीरेंद्र मुंडा, जगदयाल मुंडा आदि ग्रामीण मौजूद थें।

## तीन तलाक और मारपीट को लेकर महिला ने थाने में लगायी गुहार

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** शादी के बाद महिला का शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न करने और तलाक देने का मामला बासल थाना पहुंचा है। भुक्तभोगी नैमून खातून पिता मकसूद अंसारी, मस्जिद कॉलोनी, गेगदा निवासी ने बासल थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में कहा, गया है कि उसके परिवार की गरीबी का फायदा उठाकर वर्ष 2018 में चिकोर निवासी तौकीर अंसारी ने परिजनों पर दबाव बनाकर आलम अंसारी (51वर्ष), पिता मसरूद्दीन अंसारी चिकोर निवासी से निकाह करखने को रजामंद कर लिए। 16 अप्रैल 2018 को निकाह हो गया। जबकि निकाह के वक्त नैमून 20 की और 51 वर्षीय आलम अंसारी नाती-पोते वाला है। उसके पहले से पांच बेटे और तीन बेटी है। भुक्तभोगी महिला ने कहा है कि आलम अंसारी से उसे एक तीन वर्षीय पुत्र भी है। निकाह के बाद से ही आलम अंसारी और उसके बेटा, बेटी, दामाद और देवर सहित अन्य परिजन उससे मारपीट करते आ रहे हैं। इधर 15 सितंबर को आलम अंसारी ने घर पर ही तीन तलाक देकर छोड़ दिया। कहा है कि चिकोर अंजुमन कमेटी एवं गेगदा अंजुमन कमेटी के सामने मामले को उठाया गया, लेकिन न्याय नहीं मिला। नैमून ने कहा है कि मैं बेसहारा हो गई हूं। इसलिए मानसिक शारीरिक शोषण करके छोड़ देने वाले आलम अंसारी एवं मारपीट करने वाले सभी लोगों पर मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए।

## लोजपा के 23वें स्थापना दिवस पर संगठन को मजबुत करने का लिया गया संकल्प



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** लोक जनशक्ति पार्टी का 23वां स्थापना दिवस सोमवार को जिला प्रधान महासचिव आशीष गुप्ता के आवासीय कार्यालय में धूमधाम व उत्सव पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित लोजपा व दलित सेना के संस्थापक स्व. रामविलास पासवान के तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गई। मौके पर जिला अध्यक्ष केवल पासवान ने कहा कि स्व. रामविलास पासवान ने अपने संघर्षों के बदौलत लोजपा को देश में एक नई पहचान दी। उनके द्वारा किये गये विकास कार्य को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हम कार्यकताओं को संकल्पित होना होगा। मौके पर लोजपा के झारखण्ड प्रदेश सचिव अर्जुन पासवान, ओबीसी मोर्चा के झारखण्ड प्रधान महसचिव उपेंद्र गुप्ता, महिला मोर्चा की झारखण्ड प्रदेश सचिव मीता देवी, जिला प्रधान महासचिव आशीष गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र नायक, सुरेश नायक, राजेंद्र यादव, नरेश तुरी, कजरु नायक, उमेश कुमार, गीतू देवी, पिंकी देवी, सुमन देवी, अनीता देवी, साधना देवी, यशोदा देवी सहित लोजपा के दर्जनों लोग मौजूद थें।

# तालमेल से ही खुलेगी राह

संविधान दिवस के मौके पर शनिवार को जिस तरह से कार्यपालिका और न्यायपालिका के अहम सदस्यों ने संविधान के प्रति निष्ठा दोहराते हुए आपसी तालमेल के साथ आगे बढ़ने की जरूरत बतायी, वह सिर्फ औपचारिकता नहीं थी। प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश और कानून मंत्री समेत कई अन्य महत्वपूर्ण लोगों की मौजूदगी में संवैधानिक मूल्यों की सर्वोच्चता रेखांकित करते हुए जिस तरह से शासन के दोनों अंगों के बीच सामंजस्य बनाये रखने की जरूरत पर जोर दिया गया, वह परोक्ष रूप से इसे लेकर सुधार की ओर संकेत करता है। देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाइ चंद्रचूड़ ने लोगों के न्यायपालिका तक आने का इंतजार करने के बजाय न्यायपालिका के लोगों तक पहुंचने की बात तो कही ही, अपने कार्यों, फैसलों पर विचार करने और पूर्वाग्रहों पर सवाल उठाने की भी जरूरत बतायी। एक दिन पहले ही उन्होंने इस बात पर बल दिया था कि केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट एक-दूसरे में कमी देखते नहीं रह सकते। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने इस बात पर खास जोर दिया कि उनके मुख्य न्यायाधीश समेत तमाम न्यायाधीशों से सौहार्दपूर्ण संबंध रहे हैं और दोनों संस्थाएं सहयोगपूर्ण ढंग से काम करना जारी रखेंगी। ध्यान रहे, कानून मंत्री पिछले कुछ समय से जजों की नियुक्ति के कलीजियम सिस्टम की कड़ी आलोचना करते रहे हैं। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट कलीजियम की ओर से की गयी कुछ सिफारिशों को अभी तक मंजूर नहीं किया है, जिसे लेकर न्यायपालिका में थोड़ी असहजता है। एक दिन पहले ही एक अन्य कार्यक्रम में रिजिजू ने कहा कि कलीजियम सिस्टम में पारदर्शिता का अभाव है और यह संवैधानिक मूल्यों की कसौटियों पर खरा नहीं उतरता। वैसे, कलीजियम सिस्टम की कई बिंदुओं पर काफी पहले से आलोचना होती रही है। ऐसे में केंद्र सरकार या कानून मंत्री की भी इस बारे में अपनी राय हो सकती है, लेकिन यह याद रखना होगा कि कोई भी सिस्टम त्रुटियों से पूरी तरह मुक्त नहीं होता। ऐसे में जब तक कलीजियम सिस्टम की जगह कोई अन्य बेहतर सिस्टम नहीं आ जाता, तब तक इसी से सर्वश्रेष्ठ संभव नतीजे लाने की कोशिश की जानी चाहिए। और कोई भी सिस्टम सही नतीजे तब तक नहीं दे सकता जब तक शासन के सभी महत्वपूर्ण अंग आपसी तालमेल और सामंजस्य के साथ इसे लागू करने का प्रयास न करें। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कहना महत्वपूर्ण है कि भारत का संविधान ही इसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने देशवासियों से अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों पर भी ध्यान देने का आह्वान किया। यह एक ऐसा भाव है, जो सही अर्थों में अपनाया जाये तो शासन के विभिन्न अंगों के बीच टकराव की स्थिति को आसानी से टाल सकता है। संविधान दिवस के मौके पर जिस तरह की समझदारी सभी पक्षों ने दिखायी है, उसी में आगे बढ़ने के सूत्र भी निहित हैं। देखना सिर्फ यह है कि विभिन्न पक्ष उस पर अमल करने में कितनी तत्परता दिखाते हैं।

**संविधान दिवस के मौके पर जिस तरह की समझदारी सभी पक्षों ने दिखायी है, उसी में आगे बढ़ने के सूत्र भी निहित हैं। देखना सिर्फ यह है कि विभिन्न पक्ष उस पर अमल करने में कितनी तत्परता दिखाते हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**जिस सभ्यता और संस्कृति में सर्व मंगल की कामना होती है। वह अन्य को स्वयं में समाहित कर लेती है, उसकी भुजाओं में शक्ति का संचार होता है। ये सत्य भारत और भारतीय संस्कृति पर लागू होता है। यह बात महाउपनिषद ने चार हजार साल पहले ही कह दिया था, जो आज विश्व के सबसे शक्तिशाली समूह जी-20 को भी अपने आधारभूत सिद्धांत के रूप में अपनाना पड़ा 'उदार चरितानान तु वसुधैव कुटुंबकम' अर्थात श्रेष्ठ जनों के लिए सारी धरती ही एक परिवार है।**

# एक धरती, एक परिवार और एक भविष्य : मोदी



सुषमा शंकर

इंडोनेशिया के बाली सम्मेलन में विश्व के सबसे शक्तिशाली संगठन जी- 20 की अध्यक्षता का धातु-दंड इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ में सौंपा तो उपस्थित विश्व समुदाय आशा भरी नजरों से स्वच्छ, धवल कुर्ते में आत्म विश्वास से भरे मोदी के जोश को देख रहा था। अत्यंत हर्ष के साथ दायें हाथ में सांकेतिक दंड को उठाये हुए मोदी ने दूसरे हाथ में जोको विडोडो का हाथ थाम लिया। मानो कह रहे हों कि भारत के हाथ में जी-20 ने विश्व कल्याण की जिम्मेदारी सौंपी है तो भारत संपूर्ण विश्व का हाथ कभी नहीं छोड़ेगा। वैसे भी विश्वास के साथ दी गयी जिम्मेदारी का बखुबी नेतृत्व करना भारत की विशेषता रही है। संपूर्ण विश्व जब आर्थिक संकट, जलवायु संकट, रूस युक्रेन युद्ध, महाशक्तियों में आपसी तनाव, संयुक्त राष्ट्र का महत्व हीन होते जाना तथा कोरोना के दर्द से आहत पड़ा है, उसमें विश्व की सबसे बड़ी संस्था की बागडोर भारत के हाथ में मिलना बड़ी जिम्मेदारी है, जो संपूर्ण विश्व का नेतृत्व करने जैसा है। जिस सभ्यता और संस्कृति में सर्व मंगल की कामना होती है। वह अन्य को स्वयं में समाहित कर लेती है, उसकी भुजाओं में शक्ति का संचार होता है। ये सत्य भारत और भारतीय संस्कृति पर लागू होता है। यह बात महाउपनिषद ने चार हजार साल पहले ही कह दिया था, जो आज विश्व के सबसे शक्तिशाली समूह जी-20 को भी अपने आधारभूत सिद्धांत के रूप में अपनाना पड़ा 'उदार चरितानान तु वसुधैव कुटुंबकम' अर्थात श्रेष्ठ जनों के लिए सारी धरती ही एक परिवार है। इंडोनेशिया के बाली में प्रधान मंत्री मोदी ने 'एक धरती, एक परिवार एवं एक भविष्य' की मौलिक नीति को जी 20 के संचालन का मौलिक आधार बनाने की जरूरत पर बल दिया। इस सिद्धांत के कारण सदस्य देशों के बीच भारत सबसे ज्यादा विश्वसनीय और अनुकरणीय देश के रूप में उभरा। संपूर्ण विश्व एक परिवार है और किसी भी देश की प्रगति संपूर्ण विश्व की प्रगति पर निर्भर करती है, के विचार से भारत का कद विश्व फलक पर बहुत बड़ा बन गया। जिस जी-20 में विश्व की तीन चौथाई आबादी। 75% विश्व व्यापार तथा 85% जीडीपी समाहित हो उस में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना, मानो संपूर्ण विश्व में अपनी महत्ता को स्थापित करने जैसा है। पहले की तरह इस बार भी विश्व की नजरें भारत पर टिकी रहीं, क्योंकि यह एकमात्र ऐसा देश है, जिस पर हर सदस्य राष्ट्र को विश्वास है और इसकी सर्व मंगल की भावना पर किसी को संदेह नहीं। जी-20 की अध्यक्षता की जिम्मेदारी भारत को सौंपी गयी यह भारत के गौरवशाली इतिहास की यादगार कड़ी होगी, क्योंकि अध्यक्षता की औपचारिक जिम्मेदारी से भारत संपूर्ण विश्व के हित में काम करने को आतुर होगा। वैसे यह वही भारत है, जो बिना औपचारिक जिम्मेदारी के भी अनौपचारिक रूप से आत्मा की आवाज पर विश्व के कल्याण के लिए अपने हिस्से की दवाई, दुर्लभ टीका और निवाला भी विश्व की जरूरतमंद मानवता के लिए न्योछावर कर देता है। संयुक्त राष्ट्र का कई संकट काल में मूकदर्शक बन जाने के कारण जी-20 समूह की महत्ता वर्तमान में बहुत बढ़ गयी है। इसका कारण यह भी है कि इसमें विकसित एवं विकासशील दोनों देशों की भागीदारी है और भारत का इसकी अध्यक्षता करना निसंदेह आपदा में अवसर बनाने जैसी स्थिति होगी।

**जी-20 के देशों में आपसी ताल मेल होना चाहिए, तभी भारत एक धरती, एक परिवार एवं एक भविष्य के लक्ष्य को प्राप्त कर सकेगा।**

1999 में गठित जी -20 समूह में विश्व अर्थव्यवस्था में क्रांतिकारी सुधार का लक्ष्य रखा गया है किंतु बाली शिखर सम्मेलन में इस समूह को आर्थिक मुद्दों से भटका कर राजनीतिक गुटबाजी का मंच बनाने की कोशिश सदस्य देशों के द्वारा की जाने वाली थी, परंतु भारतीय कूटनीति की सकारात्मक रणनीति रही और इसने यूएन जैसी बेचारगी में जाने जी-20 को बचा लिया। रूस-यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि पर यह सम्मेलन भी आपसी गुटबाजी का शिकार होने वाला था। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने वर्चुअल उद्गार में 'जी-20' की जगह 'जी -19' कर संबोधन किया तथा रूस को इस से अलग-थलग करने की कोशिश की। पश्चिमी देशों ने पहले से ही अपना एजेंडा निर्धारित कर लिया था और जी-7 समूह के देशों ने रूसी आक्रमण को ही सम्मेलन का मुख्य मुद्दा बनाना चाहा। ऐसा होने पर शीत युद्ध, गुटबंदी तथा तृतीय विश्व युद्ध की राह बनती चली जाती। यह भारत की दूरदर्शिता रही और सफल कूटनीति भी जो जी-20 को गुटबाजी का सम्मेलन बनने से रोक पायी। पासा पलटते हुए भारत ने संपूर्ण विश्व में एकजुट होकर शांति स्थापना के दायित्व का संदेश देकर सभी सदस्य देशों को अपने साथ ले लेने में सफलता प्राप्त की। अमेरिका द्वारा रूस -यूक्रेन युद्ध पर अपना मंतव्य रखना चीन को नागवार गुजर रहा था, क्योंकि आमतौर पर जी-20 में सुरक्षा मुद्दे नहीं उठाया जाते हैं, किंतु भारत ने संभावित टकराव को रोकते हुए यूक्रेन संकट को सप्लाई चैन से जोड़कर आने वाली बाधा के रूप में बताते हुए विश्व में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में बाधा की समस्या रुप में उद्धृत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने चेतावनी भी दी कि हर देश के नागरिक के लिए खाद्यान्न आपूर्ति की चुनौती और भी गंभीर हो गयी है, जिनके लिए जीवन पहले से ही संघर्षपूर्ण था, अब वह दोहरी मार झेलने की क्षमता नहीं रखते। 'आज खाद की किल्लत कल खाद्यान्न संकट में ना बदल जाये' का बयान भारतीय प्रधानमंत्री की विश्व हित की चिंता का परिचायक है। दूसरी ओर रूस को भी दृढ़ शब्दों में चेतावनी दी कि वह शांति की ओर लौटे, 'यह युग युद्ध का युग नहीं है' के बीज मंत्र से रूस को स्पष्ट संदेश दिया। अमेरिका तथा पश्चिमी देशों को भी आड़े हाथों लिया, जो यूक्रेन में आग में घी का काम कर रहे हैं। हां चीन को भी समझ आ गयी होगी भारतीय कूटनीति की भाषा। विश्व पहले भी विश्वयुद्ध से त्रस्त रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा और पूर्ववर्ती राष्ट्र अध्यक्षों के प्रयास से विश्व में शांति स्थापित हो पायी थी, किंतु अब उसे भंग कर दिया गया है। विश्व तृतीय विश्व युद्ध की ओर ना जाये, इसके लिए भारत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब हमारी बारी है। विश्व को बचाने की। रूस को एक दोस्त के रूप में हिदायत तो दी, किंतु संयुक्त राष्ट्र में यूक्रेन युद्ध के हजार्ने भरने के लिए रूस के खिलाफ होनेवाली वोटिंग में हिस्सा ना लेकर दोस्त को बचाया भी। ऐसा करके भारत ने रूस के खिलाफ ध्रुविकरण होने से रोका जो रूस के खिलाफ अमेरिका व पश्चिमी देश बना रहे हैं। भारत समझता है कि अमेरिकी सुपर पावर को आर्थिक एवं सामरिक रूप में टक्कर देकर चीन भी एक दूसरा सुपर पावर खेमा बनता जा रहा है। अतः उस पर बहुत बारीक नीति निर्धारण भारत की ओर से किया जाना काबिले तारीफ है। भारत को ऐसा ही करना चाहिए अर्थात रूस को चीन की आक्रामक दोस्ती का साथ ना मिले। उसके बीच में शांतिप्रिय भारत का रहना रूस के और इस तरह संपूर्ण विश्व के हित में है। वैसे भी नाजुक अवसरों पर तटस्थता की नीति अपना कर रूस का साथ ही दिया। पश्चिमी देशों से भी संबंधों में बहुत सुधार हो रहा है, किंतु अपनी संप्रभुता का पूरा ध्यान रखते हुए तेल एवं गैस खरीदने के मामले में विदेश मंत्री जयशंकर ने पहले ही मास्को में खुलेआम घोषणा की थी कि वह रूस से यह सौदा करता रहेगा। चीनी राष्ट्रपति से औपचारिक मुलाकात तो नहीं हुई प्रधानमंत्री मोदी की, किंतु समारोह में सामना होने पर बहुत सकारात्मकता से जिनपिंग से मिलना भारत के दृढ़ नेतृत्व का दृश्य था। शंघाई सम्मेलन में मोदी प्रधानमंत्री मोदी एवं चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग की भेंट नहीं हुई थी, किंतु इस बार भारत का रुख बदला हुआ था। कारण सीमा पर शांति और सौहार्द्र का वातावरण कायम किया जा सके। क्योंकि पड़ोसी बदले नहीं जाते। वैसे भी चीन ताइवान एवं फिलीपींस मुद्दे पर विश्व समुदाय से सशंकित है और भारत एक शक्ति संपन्न राष्ट्र बन चुका है, जिसे वह नजरअंदाज नहीं कर सकता। साथ ही महामारी काल में खुद को अलग-थलग पाकर वह अपनी छवि को सुधारना चाहता है। यही वजह है कि अमेरिका एवं भारत से टकराव से वह सम्मेलन में भी बचता रहा। वैसे भी भारतीय कूटनीति चीन एवं उसके साथियों पर भारी पड़ती है एक ओर भारत वैश्विक शांति और सौहार्द की बात करता है, तो दूसरी और चीन और उसके तीन साथी देश (रूस, उत्तर कोरिया, पाकिस्तान) परमाणु अस्त्र चलाने की धमकियां देकर स्वयं को विश्व समुदाय में हल्का कर चुके हैं। जी-20 सम्मेलन में आरंभ से ही अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया तथा ब्रिटेन के राष्ट्राध्यक्ष से प्रधानमंत्री मोदी का मिलना जोश से भरा रहा। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय प्रवासियों को बाली में कहा कि अब भारत बड़ा सोचता है और प्रतिभा, प्रोद्योगिकी एवं उद्योग के क्षेत्र में वह बहुत आगे निकल चुका है। इतना ही नहीं ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का प्रधानमंत्री मोदी से बाली में मुलाकात के बाद लंदन में घोषणा करना कि मुक्त व्यापार नीति को जल्द से जल्द लागू किया जायेगा। भारत की बढ़ती उपयोगिता के कारण ऐसा है। सामरिक दृष्टि से भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता के लिए भारत का नाम जोर से उठ रहा है तथा अमेरिकी राजदूत का संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहना कि संयुक्त राष्ट्र में अब सुधार की जरूरत है, क्योंकि समय के अनुसार बदलाव जरूरी होते हैं अर्थात संयुक्त राष्ट्र में जी4-भारत, जर्मनी, जापान तथा ब्राजील की सदस्यता की दावेदारी है और ये एक-दूसरे का समर्थन करते हैं।



प्रधानमंत्री मोदी का कहना कि भारत अपने लक्ष्य अब ऊंचे रखता है। बड़ा सोचता है। नये भारत का उभरता विराट स्वरूप है। भारत एक सुपर पावर बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। वसुधैव कुटुंबकम का संदेश देकर मोदी ने संपूर्ण विश्व को एक दिशा दी है, जिसमें आत्मनिर्भर भारत के साथ वैश्विक कल्याण की संकल्पना मौजूद है। वर्तमान भारत एक ओर नेहरू की शांतिप्रिय नीति को आधार बनाता है। बुद्ध एवं गांधी के अहिंसा के सिद्धांतों को मानता है, तो दूसरी ओर यह शक्तिशाली भारत भी है, जो अटल बिहारी वाजपेई के उन सिद्धांतों को आत्मसात कर चुका है, जब उन्होंने कहा था कि पंचशील समझौते से शांति नहीं आ सकती। दूसरे देश के आगे हथियार के लिए हाथ फैलाना शर्मिंदगी है। जवानों को उचित हथियार ना देना देश के लिए अपराध है। गुटनिरपेक्षता की नीति कोई पूजा नहीं है, बल्कि खुद को इतना सशक्त बनाना होगा कि हमारी सीमाएं सुरक्षित हो, हमारा देश समृद्ध हो, हम आत्मनिर्भर हो। वर्तमान नेतृत्व में दोनों पूर्व प्रधानमंत्रियों की प्राथमिक नीतियों को आत्मसात कर लिया है और यही वजह है कि सारा संसार हमारा परिवार का सिद्धांत लेकर भारत जी-20 की जिम्मेदारी निभाने के लिए बखूबी तैयार है। हर सफल व्यक्ति और देश समाज का ऋणी होता है। इस सत्य को भारतीय नेतृत्व जानता है। जी-20 के देशों में आपसी ताल मेल होना चाहिए, तभी भारत एक धरती, एक परिवार एवं एक भविष्य के लक्ष्य को प्राप्त कर सकेगा, क्योंकि दार्शनिक तुर्गनेव ने कहा था कि समान लक्ष्य से ज्यादा जोड़ने वाला कोई संबंध नहीं होता तथा रक्त संबंध भी इतना प्रभावी नहीं होता।

**(लेखक : मां द्रौपदी फाउंडेशन की निदेशक हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# गंगा संवाद पदयात्रा के समापन समारोह में शामिल हुए सरयू राय



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** देश के सुप्रसिद्ध विचारक केएन गोविंदाचार्य के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के नरौरा से अविरल गंगा-निर्मल गंगा के उद्घोष के साथ विगत 11 नवंबर को निकली गंगा संवाद पदयात्रा का समापन सोमवार (28 नवंबर) को कानपुर के गोला घाट पर संपर्ण हुआ। सोमवार को समापन समारोह में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने दिन भर शामिल रहे।

मौके पर विधायक ने समापन समारोह में लोगों को संबोधित किया। गंगा संवाद यात्रा के दौरान हजारों हजार की संख्या में लोग शामिल हुए। सभी ने गंगा को निर्मल एवं अविरल रखने का संकल्प लिया। टिहरी के बाद नरौरा में गंगा को पूरी तरह बांध दिया गया। पर्यावरणीय प्रवाह भी नहीं छोड़ा जा रहा है। औद्योगिक एवं नगरीय अपशिष्ट पदार्थ बेतहाशा गिरते रहने के कारण कानपुर में गंगा बेहद प्रदूषित हो गयी हैं। इसी विडंबना को सामने लाने के लिए गोविंदाचार्य ने 400 किलोमीटर से अधिक दूरी तक गंगा के किनारे पदयात्रा कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली। विधायक सरयू राय ने कहा गंगा में कम जलप्रवाह और प्रदूषित जल प्रवाह के कारण निचले भाग में स्वच्छ गंगाजल मिलना बड़ी समस्या बन गयी है। बिहार के बक्सर से लेकर झारखंड के राजमहल तक के इलाका में नदी के भीतर गंगा जल की मात्रा काफी कम हो गयी है। गंगाजल के नाम पर घाघरा, सोन, गंडक, बूढ़ी गंडक, कोसी, कमला नदियों से प्रवाहित जल की मात्रा नहीं आये तो गंगा का अस्तित्व समाप्त प्राय हो जायेगा। उन्होंने यात्रा दल को संबोधित करते हुए कहा बड़ी नदियों के साथ साथ छोटी नदियों एवं लघु जलस्त्रोतों को संरक्षित करना भी महत्वपूर्ण है। क्योंकि बड़ी नदियां इन्हीं से मिल कर बनती है। उन्होंने उदाहरण के तौर पर दामोदर का उल्लेख किया।

विधायक सरयू राय ने कहा सरकारी खजाना से एक धेला खर्च किये बगैर गत 20 वर्षों के सतत जन प्रयास एवं दामोदर औद्योगिक प्रदूषण से करीब मुक्त हो गयी है। शांतिपूर्ण जनांदोलन के माध्यम से किसी बड़े जलस्त्रोत को प्रदूषण मुक्त करनेवाला यह प्रत्यक्ष उदाहरण है। गोविंदाचार्य ने कहा दो माह के भीतर नदियों एवं अन्य जलस्त्रोतों की अविरलता और निर्मलता की समस्या पर विमर्श करने के लिए वे एक सम्मेलन बुलायेंगे। उन्होंने कहा कि नदियों पर संकट सभ्यता का संकट है। नदियों के जल से औद्योगिक साम्राज्य खड़ा होता है। वहीं आगे चल कर नदियों के लिए भस्मासुर बन जाते हैं। नदियों को लीलने पर उतारू हो जाते हैं।

### भाजपा के साथ टाटा स्टील यूआइएसएल के बीच वार्ता के बाद निकला रास्ता

# शिलापट्ट में जोड़ा जायेगा स्व. मृगेंद्र बाबू और सांसद विद्युत वरण महतो का नाम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के मानगो गोलचक्कर पर खुदीराम बोस चौक के उद्घाटन के समय सांसद विद्युत वरण महतो का नाम शामिल नहीं करने को लेकर भाजपा के आंदोलन का असर हुआ है। भाजपा के आंदोलन के बाद टाटा स्टील ने इस मसले को लेकर भाजपा के जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के साथ बातचीत की है। सांसद से भी टाटा स्टील के उच्चाधिकारियों ने बातचीत की है। इसके बाद सोमवार की दोपहर टाटा स्टील यूआइएसएल के पदाधिकारी धनंजय मिश्रा के साथ भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव की मुलाकात हुई।

इस मुलाकात के दौरान उनके साथ मानगो मंडल अध्यक्ष बिनोद राय, उलीडीह मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र पासवान, आजाद नगर मंडल अध्यक्ष फातिमा शाहिन, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज सिंह, जटाशंकर पांडेय, नीरज सिंह, विकास सिंह, जिला कोषाध्यक्ष राजीव सिंह, किसान मोर्चा के विजय तिवारी, कोषाध्यक्ष सुधांशू ओझा, संजीव सिन्हा, महासचिव राकेश सिंह और अनिल मोदी के अलावा पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव मौजूद थे।

इस दौरान टाटा स्टील यूआइएसएल के कैप्टन धनंजय मिश्रा ने अपनी गलती को मानी। उन्होंने कहा कि नये सिरे से हम लोग वहां शिलापट्ट को लगायेंगे। इसमें सांसद विद्युत वरण महतो का नाम के साथ ही इस प्रतिमा को स्थापित करने वाले पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और भाजपा के पूर्व नेता स्वर्गीय मृगेंद्र प्रताप सिंह का नाम भी जोड़ा जायेगा।

# विधायक सरयू राय का 1 दिसंबर को नागरिक अभिनंदन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय के कार्य से प्रभावित होकर बिरसानगर जोन नंबर 11 के बस्ती वासियों ने विधायक का सम्मान समारोह करने का निर्णय लिया। सोमवार को बिरसानगर जोन नंबर 11 के रोड नंबर 4 में बस्ती वासियों ने बैठक कर गुरुवार एक दिसंबर दिन के 12 बजे जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरजू राय का भव्य नागरिक अभिनंदन करने का निर्णय लिया। बस्ती वासियों के अनुसार विधायक सरयू राय के



बीते 3 वर्षों के कार्य काल में बिरसा नगर क्षेत्र में कई जन समस्याओं का समाधान निकला है। क्षेत्र में काफी हद तक विकास कार्य हुआ है। इसी उद्देश्य के साथ बस्ती वासियों ने विधायक सरयू राय का नागरिक अभिनंदन करने का निर्णय लिया है। बैठक की अध्यक्षता आरएन भगत एवं संचालन मनोज कुमार साव और धन्यवाद ज्ञापन तरनजीत कौर ने किया। बैठक में बेबी देवी, सत्यनारायण प्रसाद, प्रकाश महतो, आनंद सिंह, पीयूष सिंह, रबिन सिंह, शीला देवी और ममता महतो आदि उपस्थित रहे।

# समस्याओं को लेकर पूर्व विधायक ने मुख्य सचिव से की मुलाकात



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पुर्वी सिंहभूम जिले के सात ज्वलंत व लंबित समस्याओं को लेकर बहरागोड़ा के पूर्व विधायक सह भाजपा के झारखंड प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से मुलाकात की। सोमवार को मुलाकात में कुणाल षाड़ंगी ने जिले के ज्वलंत एवं लंबित समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए निवारण की मांग की। मौके पर जनहित से जुड़े लंबित समस्याओं को बिंदुवार दर्शाते हुए निदान के आग्रह किया। उन्होंने बडामारा चाकुलिया रेलवे लाइन के क्रियान्वयन हेतु ओड़िशा सरकार से क्लीयरेंस मिलने के बाद राज्य सरकार से जल्द लैंड एवं फॉरेस्ट क्लीयरेंस रेलवे को सौंपने की मांग की। वहीं बहरागोड़ा के केवला से कैमी तक की जर्जर सडक को दुरुस्त करने, पथ निर्माण विभाग के माध्यम से मोटेल चौक से पाथरा तक की सड़क की मरम्मत की टेंडर प्रक्रिया जल्द शुरू करने की मांग की। साथ ही बहरागोडा में एनएच-6 के किनारे अवस्थित कृषि विभाग की 25 एकड जमीन पर कृषि अनुसंधान केंद्र की स्थापना, पोटका प्रखंड के रोलडीह ग्राम से चमाई जुड़ी चौक को जोड़ने के लिए पुल का निर्माण, गोलमुरी केबुल टाउन में घरेलू उपभोक्ताओं को इंडिविजुअल बिजली कनेक्शन देने, लोगों के सामूहिक बिलिंग होने की समस्या का निदान के लिए जुस्को प्रबंधन को आदेश निर्गत करने, करनडीह में जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम का काम अविलंब शुरू करने और गोविंदपुर जलापूर्ति योजना को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की। मुख्य सचिव ने सभी समस्याओं पर ध्यान देते हुए आश्वस्त किया अतिशीघ्र संबंधित विभागीय सचिवों को इन मामलों पर प्राथमिकता के आधार पर पहल करने करने की बात कही।

## सात दिवसीय पंच कुंडीय महायज्ञ शुरू



**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित भैया रुद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय सगमा के प्रांगन में आयोजित सात दिवसीय पंच कुंडीय श्री शिवशक्ति महायज्ञ के प्रथम दिन सोमवार को कलशयात्रा के साथ सुरु हुआ कलश यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कलश यात्रा में शामिल होने के लिए लोग शुभह से ही यज्ञ मंडप में लोगों का भीड़ इकट्ठा होने लगा था। यज्ञाचार्य पंडित उमेश कुमार शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रों चार के साथ पुजा अर्चना कर बैंडबाजा व भक्तिमय गीतों के साथ यज्ञ मंडप से निकल कर शारदा गांव के उभका से जल भरकर यज्ञ मंडप में स्थापित किया चारों तरफ हर-हर महादेव, जय श्रीराम आदि जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। यज्ञ चार्य काशी जूना अखाड़ा से आए श्री सागरपुरी नागा बाबा व जलगांव आश्रम जबलपुर से श्री छोटे पूरी नागा बाबा के सानिध्य में यज्ञ सम्पन्न होगा यज्ञ 28 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक चलने वाले पंच कुंडीय श्री शिवशक्ति महायज्ञ में 2 बजे से 5 बजे तक प्रवचन व शाम 8 बजे से 1 बजे तक रामलीला का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा कलशयात्रा में झामुमो नेता ताहिर अंसारी प्रमुख अजय गुप्ता पूर्व जिप सदस्य नन्दगोपाल यादव पूर्व मुखिया नरायन दास यादव हरिदास यादव मनोज दुबे राजेंद्र राम रवि प्रकाश जयगोपाल यादव आदि लोगों का नाम शामिल हैं।

## रंका प्रखंड के पंचायत सेवक का हृदयाघात से निधन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड के पंचायत यशंवत पांडेय का सोमवार को सुबह हृदयाघात से निधन हो गया। वे शनिवार को गढ़वा जिले मढ़रा गांव में अपने पैत्रिक आवास में अपनी मां का इलाज कराने के लिए आए थे। स्वर्गीय पांडेय के दो पुत्र एवं दो पुत्रियां थी। उनके निधन से पूरे गाँव में मातम का माहौल है। उनके बड़े पुत्र पपन पाण्डेय ने बताया कि सुबह में हमारे पिता जी एकदम ठीकठाक थे। स्नान करने के बाद नास्ता भी किए है। उसके पश्चात रंका निकलने की तैयारी में थे लेकिन एकाएक उन्हें बेचैनी महशूस होने लगी और करीब आधा घंटे में अचेत होता गए। पास के निजी चिकित्सकों को लेजाकर दिखाया गया तो डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। स्वर्गीय पांडेय कहा असमयिक मौत सुनकर आसपास के लोग स्तब्ध रह गये। लोगों का कहना था कि इतने मिलन सार और मृदुभाषी आदमी का असमय हम लोगों के बीच से चले जाना काफी दुखदाई वाला क्षण है। उनका दाह संस्कार मंगलवार को कोयल नदी के तठ पर किया जायेगा।

## कंबल बांटा गया



**रंका (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खरडीहा के मुखिया नेहा कुमारी एवं मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो युवा सचिव पप्पू यादव के द्वारा जाड़े के ठिठुरन को देखते हुए सोमवार को पंचायत के वार्ड नंबर 7 तेनूडीह एवं वार्ड नंबर 8 बैरियादामर गांव टोले के गरीब, असहाय ,वृद्ध महिला एवं पुरुषों के बीच दर्जनों कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार तिवारी सहित ग्रामीण जनता एवं गणमान्य लोग काफी संख्या में उपस्थित थे।

## विजयालक्ष्मी देवी ने पत्र लिखकर सोलरयुक्त जल मीनार का अधिष्ठापन कराने का सुझाव दिया



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री बंशीधर नगर पंचायत अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी ने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सह एसडीओ को पत्र लिखकर क्षेत्र में सोलरयुक्त जल मीनार का अधिष्ठापन कराने का सुझाव दिया है। कार्यपालक पदाधिकारी को लिखे पत्र में उन्होंने उल्लेख किया है कि नपं क्षेत्र में सोलरयुक्त जल मीनार अधिष्ठापन को लेकर गत 16 अगस्त को निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई थी। सभी वार्डों में तीन-तीन जल मीनार अधिष्ठापन का प्रस्ताव पास किया गया है। निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के लगभग ढाई माह बीत जाने के बाद भी क्षेत्र में जल मीनार अधिष्ठापन का कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। नतीजा क्षेत्र के लोगों को पेयजल की समस्याओं से दो चार होना पड़ रहा है। कुछ वार्ड के लोग पेयजल की गंभीर संकट से जूझ रहे हैं। नपं अध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान वार्ड वासियों के साथ वातार्लाप के दौरान पेयजल आदि की व्यवस्था की मांग की जा रही है। उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी से जनहित में शीघ्र ही जल मीनार का अधिष्ठापन कराने का सुझाव दिया है। जिससे कि वार्ड वासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

### समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में संपन्न

# सात दिन के अंदर सभी कार्य पूर्ण करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** डीडीसी राजेश कुमार राय की अध्यक्षता में विकास शाखा अंतर्गत चल रहे विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं अद्यतन स्थिति के लिए एक समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में संपन्न किया गया। मनरेगा एवं आवास अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र भवन के निर्माण, पोटो हो खेल विकास योजना अंतर्गत प्रत्येक पंचायतों में एक-एक खेल के मैदान का निर्माण, एनएमएमएस, मानव दिवस सृजन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं बिरसा आवास योजना आदि के प्रगति कार्य से अवगत होते हुए सात दिन के अंदर सभी कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मुख्य रूप से आवास अंतर्गत इंस्टॉलमेंट गैप, पेंडिंग स्कीम तथा बिरसा आवास को पूर्ण करने हेतु बैठक में उपस्थित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीपीओ एवं प्रखंड समन्वक आदि को निदेशित किया गया। मौके पर निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन भी उपस्थित थें, जिनके द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य को पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने अगली बैठक सात दिनों के बाद रखने की बात कही एवं बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

## किसानों के लिए सुखाड़ राहत योजना का लगा शिविर

**मंझिआंव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तलशबरिया पंचायत के पंचायत सचिवालय सभागार में सुखाड़ राहत योजना का शिविर लगाया गया। सुखाड़ राहत योजना शिविर में पूरे पंचायत से सैकड़ों किसान शामिल थे। शिविर में मुखिया एवं प्रखंड एवं अंचल से उपस्थित कर्मियों ने सुखाड़ राहत योजना से संबंधित विस्तृत एवं महत्वपूर्ण जानकारियां दी। अधिकारियों ने बताया कि किसानों के लिए यह महत्वकांक्षी योजना बहुत ही लाभप्रद है। इस वर्ष झारखंड में बारिश ना होने की वजह से किसानों की खेती नहीं हुई। किसान ने जो भी खेती किया था वर्षा ना होने की वजह से वह भी बर्बाद हो गया। जिससे झारखंड के मौजूदा सरकार ने किसानों के सहयोग राशि देने का वादा किया है। आप सभी किसान ऑनलाइन सुखाड़ राहत योजना से सम्बंधित फॉर्म भर सकते हैं। कार्यक्रम में कर्मचारी शैलेश कुमार महतो, मुखिया महताब आलम, रोजगार सेवक सुरेश राम,वार्ड सदस्य सुरेंद्र राम हरदेवराम राजेंद्र पासवान डीडीसी पत्ती जया खान कृषि पदाधिकारी सुरेश सिंह तथा सैकड़ों किसान शामिल थे।

## सरकार से प्राप्त कंबलों का वितरण किया गया



**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** ठंड की शुरूआत को लेकर सरकार से प्राप्त कंबलों का वितरण किया जा रहा है। इस कड़ी में मझिगावां पंचायत में 150 कंबलो का वितरण किया गया। मझिगावां पंचायत की मुखिया रीता देवी ने पंचायत के 17 वार्डों के गरीब एवं असहाय लोगों को चिन्हित करके सभी के बीच 150 कंबलों का वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार के तमाम जन कल्याणकारी कार्यक्रमों व विकास योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाया जायेगा। इस दौरान पंचायत में रहने वाले मुसहरों के घर पर जाकर ठंड से बचने के लिए कंबल दिया गया। इस मौके पर वार्ड सदस्य सत्यप्रकाश चौबे, समाजसेवी शंभूनाथ साह, सुनर रजवार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# अंचलाधिकारी को लिखित आवेदन सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता



### सरकारी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई होगी: अंचलाधिकारी

**लोगों ने आवेदन देते हुए कहा कि अगर कांडी बाजार की भूमि से जल्द अतिक्रमण नहीं हटता है तो विवश होकर यहां की जनता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के लिये बाध्य हो जायेगी। इस विषय में अंचलाधिकारी अजय कुमार दास ने कहा कि ग्रामीणों का आवेदन मिला है। सरकारी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई होगी। आवेदन पर हस्ताक्षर करने वालों में राजाराम साह, मनोज सिंह, सुरेंद्र विश्वकर्मा, फिरोज हवारी, मुनेश्वर पासवान, धीरज प्रसाद गुप्ता, सुनील कुमार सोनी, गोपाल पांडेय, राजेश लाल, विनय गुप्ता, सीताराम मेहता, लखन गुप्ता सहित पांच सौ लोगों का नाम शामिल है।**

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार को अतिक्रमणमुक्त करने को लेकर सोमवार को राजद के प्रखंड अध्यक्ष इमामुद्दीन खान के नेतृत्व में अंचलाधिकारी अजय कुमार दास को एक लिखित आवेदन सौंपा गया। आवेदन सौंपने वालों में मुख्य रूप से युवा राजद के जिला अध्यक्ष विनीत कुमार, भीम आर्मी जिला अध्यक्ष डॉक्टर राम कृष्णा राम, अजय कुमार पासवान, गोपाल भारती, नुरुल मियां, दामोदर प्रसाद मेहता, विजय कुमार सोनी, रामजन्म सोनी, प्रेम सोनी, बाबूलाल प्रसाद, विपलोक प्रसाद गुप्ता, विनय प्रसाद गुप्ता, बलराम सोनी, प्रकाश सोनी, रामनाथ साह, सुनील कुमार सोनी, इस्माइल सिद्दीकी, रामनरेश चन्द्रवंशी, मुकताक अंसारी, साधु ठाकुर, शाहनवाज हुसैन सहित अन्य का भी नाम शामिल है। आवेदन के अनुसार कांडी 16 पंचायतों का मुख्य बाजार है। जहां भीड़ अपरंपार होती है। वहीं कुछ लोगों ने अवैध तरीके से बाजार की जमीन पर कब्जा कर लिया है। जिसमें पक्का एवं कच्चा मकान, झूग्गी झोपड़ी व गुमटी लगाकर अतिक्रमण कर लिया गया है। बाजार पहुंचने वाले लोगों को काफी दिक्कतें होती हैं। खाता 234, प्लॉट 337, 346 व अन्य, रकवा 78 डिसमिल है। उक्त सभी लोगों ने फिलहाल 78 डिसमिल जमीन से अवैध कब्जा से अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। वहीं युवा राजद के जिलाध्यक्ष विनीत कुमार ने कहा कि 16 पंचायतों का लगने वाला यहां बाजार में आए दिन लोगों के साथ घटना घटते रहती है। यदि अवैध कब्जा नहीं हटाया गया तो राष्ट्रीय जनता दल आंदोलन करने को बाध्य होगी। जबकि वरिष्ठ नेता राममणी तिवारी ने कहा कि 20 वर्षों से मैं देख रहा हूं कि अतिक्रमण बढ़ती जा रही है। इस संबंध में उपायुक्त को भी कई बार पहले आवेदन दिया जा चुका है, किंतु कोई कार्यवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि अंचलाधिकारी अजय कुमार दास को 500 से अधिक लोगों का हस्ताक्षर युक्त एक आवेदन सौंपा गया है। वहीं भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष डॉक्टर राम कृष्णा राम ने कहा कि आजादी के बाद भी कांडी बाजार में व्याप्त अतिक्रमण से लोगों को आजादी नहीं मिली। उन्होंने कहा कि अंचलाधिकारी को आवेदन देकर आग्रह किया गया है कि जल्द से जल्द कांडी बाजार की सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया जाये। मालूम हो कि बाजार की 78 डिसमिल सरकारी भूमि में से करोना काल के समय 41 डिसमिल जमीन से अतिक्रमण को हटाया गया था। लेकिन अभी भी 37 डिसमिल जमीन का अतिक्रमण यथावत है। लेकिन जिस 41 डिसमिल जमीन अतिक्रमण हटाया गया था वह फिर से आबाद हो गया।

## संविधान दिवस का आयोजन किया

**रंका (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित खरडीहा पंचायत के सल्या ग्राम के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में नेहरू युवा केन्द्र के बैनर तले किया गया संविधान दिवस का आयोजन। संविधान दिवस के अवसर पर शिक्षा विभाग के सी आर पी संजय गुप्ता ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का संविधान हमारे देश की आत्मा है जिस में लिखी गई सभी बातों को हम समस्त भारतवासी आत्मसात करें यही समय की मांग है। एवम सी आर पी के द्वारा सभी को संविधान के प्रस्तावना की शपथ दिला कर देश प्रेम कि भावना को जागृत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नेहरू युवा केंद्र के वर्तमान राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक मोहित कुमार चौधरी ने भी अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे देश का संविधान अतुलनीय एवं अकल्पनीय है जो समस्त भारतवासियों को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करती है । वहीं नेहरू युवा केंद्र के पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक अमरेंद्र कुमार ने भी अपने विचारों को छात्र छात्राओं के समक्ष साझा करते हुए कहा कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारत के संविधान को अंगीकार किया था। जिस के उपलक्ष में 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है संविधान दिवस मनाने की शुरूआत 2015 में हुई थी इससे पहले इस दिन को विधि दिवस के रुप में मनाया जाता था । मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार पांडे ,शिक्षक त्रिलोकी प्रसाद , मोहन पाण्डेय , सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थें ।

## एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय यूथ मोबिलाइजेशन शिविर का आयोजन



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत पिपरीकला पंचायत में जेएसलपीएस विभाग के द्वारा दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय यूथ मोबिलाइजेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं को रोजगार से जोड़ने पर जोर दिया गया। इस मौके पर जेएसलपीएस डीएम स्किल नवल किशोर राजू ने कहा की बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ना ही उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि 18 से 35 वर्ष के युवाओं को योग्यता के अनुसार निःशुल्क प्रशिक्षण देकर रोजगार देना है। शिविर में रोजगार के लिए लगभग 12 अभ्यर्थियों से आवेदन लिया गया। इस मौके पर बीपीएम मोनिका दोड्राय, प्रमुख दीपा कुमारी, उप प्रमुख वविता देवी, रोजगार सेवक वरुण मिश्रा, खरछढर से शशिकांत कुमार, मुकेश कुमार, राज किशोर, नागेंद्र पाल सहित प्रखंड के सभी महिला समूह के साथ कई लोग उपस्थित थे।

## पुरातन छात्रों का मिलन सह गुरु सम्मान समरोह का आयोजन




**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** राजकीयकृत टेन प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रशाल भवन में हाई स्कूल पुरातन छात्रों (1978 बैच ) का मिलन सह गुरु सम्मान समरोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत पुरातन छात्रों के गुरु श्री रामनरेश गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया।तदोपरान्त उपस्थित सभी लोगों ने तत्कालीन प्राचार्य स्वर्गीय धर्मदेव पांडे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजली दी। पुरातन छात्रों ने अपने सीनियर स्टूडेंट्स एवं मुख्य अतिथि सह विद्यालय प्राचार्य रोहिनिकान्त देव पाठक सहित सभी आगन्तुको को बुके देकर सम्मानित किया। राष्टगान के बाद सभी मृत शिक्षक एवं साथियों के आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन रखा गया। पुरातन छात्रों के शिक्षक अपने शिष्यों द्वारा मिले सम्मान एवं इनकी उपलब्धि देख भावुक हुए।अपने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 45 वर्षो बाद ई तरह एक साथ मिलना सुखद आश्चर्य है।मानव जीवन मे विद्यार्थी जीवन सबसे सुनहरा काल होता है।विद्यार्थी को इसी समय अपना लक्ष्य निर्धारित कर जी तोड़ मेहनत करना पड़ता है।पुरातन छात्रों के सीनियर प्रोफेसर कालिका सिंह ने सभी को बढ़ापे की पूंजी बचा कर चलते हुए परिवार के साथ आगे बढ़ने की नसीहत दी।1978 बैच के छात्र रहे इंजीनियर शत्रुघ्न सिंह,डॉक्टर राजकुमार झा,बैजनाथ प्रसाद गुप्ता,जगदीश साहू,सच्चिदानंद सिंह सहित सभी लोगों ने अपने खट्टे मीठे अनुभव साझा करते हुए बताया कि हम देश विदेश बहुत जगह घूमे किन्तु सुखद अनुभति अपनी मिट्टी में ही मिलती है।हमे अपनी संस्कृति संभलकर रखनी होगी।कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन इंजीनियर शत्रुघ्न सिंह ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन बैजनाथ प्रसाद गुप्ता ने किया।इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार सीताराम पाठक,विनय रावत,अजय सिंह,गजाधर साह,श्रीकांत चौबे,परमेश्वर राम सहित काफी संख्या में 1978 बैच के लोग एवं उक्त विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## जिला के सुप्रसिद्ध डा. जेपी सिंह की धर्मपत्नी किरण सिंह का निधन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय में निरंतर लगभग 20 वर्षों से स्वास्थ्य के क्षेत्र में सेवा दे रहे जिले के सुप्रसिद्ध डॉक्टर ज्वाला प्रसाद सिंह की धर्मपत्नी एवं परमेश्वरी मेडिकल सेंटर के प्रोपराइटर डॉक्टर कुमार निशांत सिंह की मां श्रीमति किरण सिंह का निधन हो गया। मौत की सूचना जैसे ही लोगों को मिली चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत सभी चिकित्सक एवं जिला के समाजसेवियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्राथना की। सूचना मिलते ही चिनिया रोड स्थित आवास पर पहुंचकर उनके परिजनों से मिल इस दुख की घड़ी में उन्हें ढांढस बंधाया। मौके पर डॉ जे पी सिंह, कुमार निशांत सिंह एवम डॉ नीतू सिंह से मिल महिला चिकित्सक डॉक्टर उमेश्वरी कुमारी, कमलेश कुमार राम, विनोद कुमार ,अमित कुमार, पीयूष अरुण कुमार, शमशेर सिंह एवं लायंस क्लब के कई सदस्यों ने उन्हें ढांढस बंधाया।शोक सभा का आयोजन किया।


**अपराध अनुसंधान विभाग,झारखण्ड,रॉंची**
**CID, Jharkhand, Ranchi.**



डोरण्डा थाना कांड सं0–233/2013, दिनांक–20.05.2013, धारा–302/201/34 भा0द0वि0 के फिरार अभियुक्त हरि बहादुर गुरूंग, पे0 स्व0 कृष्ण बहादुर गुरूंग, सा0 जैप–01 मंदिर लाईन डोरण्डा, जिला राँची की गिरफ्तारी हेतु फोटो साथ संलग्न है। पहचान होने पर अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, रॉंची के कार्यालय ई–मेल– control-cid@jhpolice.gov.in एवं फैक्स सं0–0651– 2490295 पर अवगत कराने का कष्ट करें।

निवेदक,
अपराध अनुसंधान विभाग,
झारखण्ड, राँची

PR 283659 CID(22-23).D


# प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का विजेता बना तेनार

बलराम शर्मा



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबले में तेनार की टीम विजेता बना। प्रखंड मुख्यालय के हाई स्कूल के स्टेडियम में सोमवार को आयोजित फाइनल मैच का उद्घाटन मेराल पूर्वी के मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष राम सागर महतो, गढ़वा जिला फुटबॉल संघ के सचिव व खोरीडीह के मुखिया पति धर्मराज भारती, तेनार के मुखिया मनदीप सिंह, झामुमो के युवा नेता अतहर अली ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा बॉल को हिट कर किया। वही विजेता तथा उपविजेता टीम को बीडीओ प्रवेश कुमार साव द्वारा मैन ऑफ द सीरीज और मैन ऑफ द मैच के खिताब से पुरस्कृत किया गया। टूर्नामेंट में प्रखंड के सभी 20 पंचायतों की टीम भाग ली, 13 नवंबर को टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच मेराल पूर्वी बनाम संगरिया पंचायत तथा लोवादाग बनाम मेराल पश्चिमी पंचायत के बीच खेला गया था। 2 सप्ताह तक चले टूर्नामेंट के फाइनल मैच में तेनार की टीम 2-1 से विजई रही। टूर्नामेंट में कॉमेंटेटर की भूमिका हासनदाग के मुखिया पति हरेंद्र चौधरी तथा रेफरी की भूमिका गढ़वा जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष जुनाहुद्दीन खां के नेतृत्व में विजय सिंह तथा सुभाष कुमार के द्वारा निभायी गई।

### ये रहे उपस्थित

फाइनल मैच को देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों के साथ अतिथि के रूप में संगवरिया मुखिया संजय राम, गोंदा के मुखिया पति सुरेंद्र गोस्वामी, जनसेवक सतीश सिंह, राजू सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग शामिल थे।

## शोक सभा का आयोजन किया

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** यशवंत पांडेय, दिवंगत पंचायत सचिव, प्रखंड कार्यालय रंका का आकस्मिक निधन हो जाने की सूचना प्राप्त होने पर मृतक पंचायत सचिव स्व. यशवंत पांडेय की आत्मा की शांति के लिए आज दिनांक 28 नवंबर 2022 को समाहरणालय के सभाकक्ष में शोक सभा का आयोजन किया गया। उक्त शोक सभा में निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडे एवं समाहरणालय अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थें, जिन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण करते हुए श्रद्धांजलि दी।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय :- जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा**

**(आवेदन आमंत्रण सूचना)**

वित्तीय वर्ष 2022–23 में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) झारखण्ड राँची के राज्यादेश सं0 24 रा0 (विभाग) दिनांक 11.11.2022 के द्वारा प्राप्त लक्ष्य के आलोक में राज्य योजनान्तर्गत मत्स्य विपणन योजना के तहत् चार पहिया भारवाहक वैन हेतु सुयोग्य आवेदकों से आवेदन–पत्र आमंत्रित किया जाता है जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र0 | कार्यक्रम | विभागीय अनुदान | लाभुक अंशदान | जिले को प्राप्त भौतिक लक्ष्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चार पहिया भारवाहक वैन | 60%/अधिकतम 3.60 लाख रू0 (दोनों में से जो कम हो) | 40% | 01 (अनु0जाति– 01) |

उपर्युक्त योजना हेतु कोडरमा जिला के मत्स्यजीवी सहयोग समितियों अथवा उनके सदस्यों से दिनांक 10.12.2022 तक जिला मत्स्य कार्यालय, कोडरमा में विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। आवेदन पत्र जिला मत्स्य कार्यालय, कोडरमा में नि:शुल्क उपलब्ध है। अन्य विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में जिला मत्स्य कार्यालय, कोडरमा में सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 283592 (Fish)22-23*D

## शव को रखे जाने के लिये अलग कक्ष बनाने की मांग की



**गुमला (आजाद सिपाही)।** अंजुमन इस्लामिया गुमला के कार्यवाहक अध्यक्ष इरसाद खान ने सिविल सर्जन गुमला के समक्ष आवेदन दाखिल कर मांग किया कि दुर्घटना में मृत व्यक्ति के शव को सदर अस्पताल गुमला में जब लाया जाता है, तब ऐसे शव को रखे जाने के लिये सदर अस्पताल गुमला में अलग से कोई कक्ष नहीं है, यदि किसी शव को रात में लाया जाता है तो पोस्टमार्टम के लिये रखा जाता है तो उसे महिला एवम पुरुष वार्ड के बीच रखा जाता है, जिससे मरीजों एवम परिजनों को परेशानी होती है, दुर्घटना ग्रस्त मृत शव को पोस्टमार्टम के इंतेजार में शौचालय के बगल में रख दिया जाता है, जिससे संवेदन हीनता लगता है और इलाजरत मरीजों के मनोदशा पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इस संबंध में दुर्घटना ग्रस्त मृत शव को रखे जाने के लिये अलग से कक्ष बनाये जाने की मांग की गई है। इस मांग के समर्थन में योग परिवार गुमला के सचिव संजय कुमार शाह, लायंस क्लब गुमला के सचिव अशोक जायसवाल, सेव योर लाइफ संस्था के सचिव संतोष कुमार झा ने भी अनुशंसा की हैं।

## 13 गोवंशीय पशुओं को जब्त कर थाना ले आयी



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर थाना क्षेत्र के मड़ईकोना गांव के पास से रविवार देर रात पुलिस ने तस्करी के लिए ले जा रहे 13 गोवंशीय पशुओ को जप्त कर थाना ले आयी जिसे गरीब किसानों के बीच सोमवार को बात दिया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने रविवार की देर रात दल बल के साथ कुरूमगढ़ रोड के मड़ईकोना गांव के पास छापामारी कर रात में तस्करी की जा रही 13 गोवंश को जप्त किया वही तस्कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। पुलिस ने सभी 13 गोवंश को जप्त कर थाना ले आयी जिसके बाद जप्त पशुओं को गरीब किसानों के बीच वितरित कर दिया गया। गौरतलब है कि पशु तस्करी के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाते हुए कार्रवाई की जा रही है, बावजूद क्षेत्र में पशु तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रहा है। थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। अवैध पशु तस्करी करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। पशु तस्करी के खिलाफ लगातार छापामारी की जा रही है।

## छह अवैध क्लिनिकों को किया सील




**सिसई (आजाद सिपाही)।** चिकित्सा विभाग के द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए सोमवार को प्रखंड क्षेत्र में चल रही छह अवैध क्लिनिकों को सील कर दिया गया। अचानक हुई इस कार्रवाई से प्रखंड के चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े क्लिनिक संचालकों एवं व्यवसायियों में हड़कंप मच गया। असैनिक शल्य चिकित्सा सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी गुमला के द्वारा सीओ एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को प्रखंड में चल रहे छह क्लिनिक महाकाली डेंटल क्लिनिक प्रखंड कार्यालय के सामने, नंदिता चांदसी क्लिनिक कुदरा मोड़, ग्रामीण सेवा सदन थाना रोड़, हेल्थ केयर सेंटर बाजार टांड, डॉक्टर विमल क्लिनिक थाना के सामने, डॉक्टर जयंत क्लिनिक बाजार टांड सील करने का निर्देश दिया गया था। इस पर कार्रवाई करते हुए सीओ अरुणिमा एक्का ने सभी अवैध क्लिनिकों को सोमवार देर शाम सील किया। इस मौके पर रेफरल अस्पताल के डॉ फारुख गुलाब खान व बीपीएम नवीन केरकेट्टा पुलिस एसआइ सुरज मलवार सहित अन्य कर्मी एवं पुलिस बल के जवान मौजूद थे। ज्ञात हो कि बीते 21 नवम्बर को कार्यपालक दंडाधिकारी गोपाल कृष्ण कुंवर व अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से प्रखंड में चल रहे विभिन्न क्लिनिकों की जांच की गई थी। इसी क्रम में उक्त छह क्लिनिकों का संचालन क्लिनिकल स्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत अवैध पाया गया था।

## कुआं से ऑटो चालक का शव बरामद

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा पुलिस ने तिलसिरी ग्राम में कुआं से टेंपो और चालक का शव रविवार की रात बरामद कर थाना लाया। मृतक के परिजनों ने शव की पहचान गेरेटोली निवासी सुखदेव उरांव के रूप में किया जो टेंपो का मालिक है और खुद से वह टेम्पो भी चलाता था। घटना के बाबत परिजनों ने बताया कि शनिवार की देर शाम सुखदेव उराव टेंपो गाड़ी बुक से घर लौटा था और अपने मित्र को तिलसिरी गांव छोड़ने के लिए टेंपो से गया था। वही रविवार की देर शाम पटवन करने के लिए गांव के लोग उक्त कुआं में मशीन लगाने के लिये गये थे तो देखा कि एक टेंपो गिरा पड़ा है जिसके बाद इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई। जहां पुलिस घटनास्थल पहुंच 3 घंटे कड़ी मशक्कत के बाद रविवार की देर रात 10 बजे टेंपो को बाहर निकाला है। जहां सुखदेव टेंपो में ड्राइवर सीट पर था और उसकी मृत्यु हो चुकी थी। वहीं पुलिस शव को कब्जे में कर थाना ले आयी। प्रथम दृष्टया ग्रामीणों के अनुसार कुआं उक्त सड़क के किनारे हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि अनियंत्रित होकर टेंपो कुआं में जा गिरा होगा। जिससे उसकी मौत हो गयी।

## समस्याओं के निराकरण को लेकर झारखंड सेवा दल गुमला ने दिया धरना



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला एवं नगर क्षेत्र में विभिन्न समस्याओं का निराकरण को लेकर झारखंड सेवा दल गुमला ने धरना दिया। धरने में दल ने विभिन्न समस्याओं का समाधान के लिए जांच कर कारवाई करने की मांग रखी। सर्वप्रथम दल ने चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में अनियमिताओं के जांच कर उसमें सुधार की मांग रखी। सरकारी स्कूलों को मॉडल स्कूल तर्ज पर पढ़ाई की व्यवस्था करने की मांग रखी गई। वहीं जिले एवं नगर में पानी एवं बिजली व्यवस्था दुरूस्त करने और प्रत्येक दिन सुचारू रूप से जल सेवा दिये जाने की मांग की गई। नगर में सड़क एवं नाली की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था एवं कचड़ा का ठीक से उठाव किये जाने, नगर परिषद गुमला के द्वारा ललित उरांव बस पड़ाव में नवनिर्मित दुकान एवं टिकट बुकिंग काउन्टर का आवंटन लॉटरी द्वारा नहीं कर पहले से आबंटित लोगों को प्राथमिकता देने की मांग उठाई। स्थानीय बस पड़ाव स्थित फुटपाथ दुकानदारों को चिंहित कर उन्हीं के बीच दुकानों को आवंटित किये जाने की बात कही। गुमला नगर परिषद के द्वारा शहर में आवंटित दुकानों का किराया पूर्व में किये गये शर्त के अनुसार लिया जाये और जिनका किराया बकाया है। उन्हें सहुलियत देते हुए किस्त में लेने की मांग की। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस के वरीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी को बुलाया गया उन्होंने कहा कि नगर परिषद शहरी बाशिंदों की सहूलियत के लिए सरकार द्वारा चलायी जाने वाली एजेंसी है अगर नगर परिषद के कार्यशैली से आम नागरिकों को तकलीफ होती है तो यह दुखद है। उन्होंने कहा कि न्याय के दायरे में रहकर आम नागरिकों को सहूलत मुहैया कराना नगर परिषद का कर्तव्य है। मौके पर विकास कुमार साहू, राजेश कुमार, मो. सुहल, मो. फिरोज आलम, अफसर आलम, मो. सलाहुद्दीन, मो. जबीउला, विवेक कुमार चाह, विनय कुमार, अभिनाश कुमार साहु, बबलू कुमार साहु, अविश कुमार साह, मो. गुमताज आलम, ओम प्रकाश, शूभ नरेश शर्मा, विकास गुप्ता साहित काफी संखया में लोग मौजूद थे।

### नगर कांग्रेस ने निकाली भारत जोड़ो पदयात्रा

# स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शहरी क्षेत्र में नगर कांग्रेस कमेटी व सदर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वधान में भारत जोड़ो पदयात्रा निकाली गई। यह पदयात्रा चंडाली से शुरू हुई, जो डीएवी स्कूल होते हुए सोसो मोड़, मिशन चौक होते हुए थाना चौक पहुंची। वहां स्वतंत्रता सेनानी रामस्वरूप साहू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। उसके बाद थाना रोड से टावर चौक स्थित शहीद चौक में शहीद बेदी पर माल्यार्पण किया गया। वहां से मेन रोड होते हुए पटेल चौक में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया। वहां से अल्बर्ट एक्का स्टेडियम स्थित परमवीर अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। स्टेडियम के गेट नंबर दो में स्थापित भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। वहां से यह यात्रा करमटोली रोड होते हुए गांधी स्मारक पहुंची। जहां महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की समाप्ति की गई। नगर अध्यक्ष खालिद शाह ने कहा कि भारत में गंगा जमुनी तहजीब की धारा बहती है। जो एक दुसरे को जोड़ने का काम करती है। यह यात्रा भारतीय संस्कृति को सबके समक्ष रखने का माध्यम है।

**कार्यक्रम में इनकी रही मौजूदगी**

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रोशन बरवा कार्यक्रम भारत जोड़ो यात्रा संयोजक चैतू उरांव, वरीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी, वरीय उपाध्यक्ष अकील रहमान, मुरली मनोहर प्रसाद, एजाज अहमद, रामनिवास प्रसाद, अमृता भगत, रामेश्वरी उरांव, बैबुल अंसारी, योगेंद्र भगत के साथ-साथ नगर, प्रखंड एवं पंचायत के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा दो दिवसीय निशुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 27 लोगों ने अपना नामांकन कराया 13 लोगों का बीपी शुगर बड़े होने के कारण ऑपरेशन नहीं किया जा सका बाकी बचे 14 लोगों का लेंस प्रत्यारोपण कर सफलता पूर्वक ऑपरेशन कर आयोजन का समापन किया गया। इस ऑपरेशन शिविर में डॉक्टर नवल, सहायक नेत्र चिकित्सा सदानंद महतो, मंगल, संजय, संदीप, लायंस क्लब के अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता, सचिव अशोक कुमार जायसवाल, पीआरओ मुरली मनोहर प्रसाद, मनमोहन लाल केसरी, पदम साबु, शशि किरण जयसवाल, मौजूद थे। लायंस क्लब ऑफ गुमला का अगला नेत्र जांच शिविर और ऑपरेशन 18 दिसंबर 2022 दिन रविवार को होना निश्चित है, और प्रत्येक रविवार को लायंस क्लब आई हॉस्पिटल में निशुल्क आंखों की जांच शिविर का आयोजन किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति आंखों जांच हर रविवार को निःशुल्क करा पायेंगे।

## अखिल भारतीय शिक्षा प्रमुख ने सरस्वती शिशु मंदिर डुमरी का किया भ्रमण




आजाद सिपाही संवाददाता

**डुमरी/गुमला।** सरस्वती शिशु मंदिर डुमरी में सोमवार को अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के शिक्षा प्रमुख पीवी. राधाकृष्णन एवं प्रांतीय शिक्षा प्रमुख सुभाष चंद्र दुबे ने भ्रमण किया। जहां विद्यालय का निरीक्षण करते हुए श्री राधाकृष्णन ने विद्यालय प्रबंध समिति के साथ एक बैठक में शामिल हुए। जिसमें विद्यालय अंतर्गत पठन पाठन, शिशु विकास, विद्यालय विकास आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। साथ ही वनवासी कल्याण आश्रम के उद्देश्य एवं लक्ष्य पर भी चर्चा की गई। वहीं अखिल भारतीय शिक्षा प्रमुख के समक्ष विद्यालय परिवार के द्वारा वर्तमान में चल रहे शिशु मंदिर को विद्या मंदिर स्तर तक ले जाने एवं विद्यालय में कंप्यूटर शिक्षा प्रारंभ करने सहित अन्य विषयों की मांग रखी गई जिसमें शिक्षा प्रमुख ने सहयोग करने का भरोसा दिलाया। इससे पूर्व विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। मौके पर जिला निरीक्षक दीनबंधु सिंह, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेश केशरी, सचिव उदय साहू, उपाध्यक्ष उमेश ताम्रकार, कोषाध्यक्ष संजय साहू, उपसचिव संदीप कुमार, संरक्षक जगरनाथ प्रसाद, सुरेश शर्मा, अनिल ताम्रकार, सब्जीलाल साहु, बीरबल भगत, प्रधानाचार्य दुलार इंदवार सहित अन्य आचार्य एवं बच्चे उपस्थित थे।

### लघु सिंचाई विभाग में भ्रष्टाचार के खिलाफ उपायुक्त के समक्ष किसानों ने धरना दिया

# खरका और असनी में तालाब निर्माण की जांचोपरांत कार्रवाई की मांग

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल किसान मंच व अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा के तत्वावधान में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत उपायुक्त के समक्ष एकदिवसीय चेतावनी स्वरूप धरना कार्यक्रम किसान नेता आदित्य सिंह के अध्यक्षता में आयोजित की गई। लघु सिंचाई विभाग गुमला द्वारा प्राक्कलन एवं नियम को ताक पर रखकर बिशुनपुर प्रखंड के भैयाबांध मध्यम सिंचाई का जीर्णोद्धार कार्य एवं गुमला के खरका और असनी में तालाब निर्माण की जांचोपरांत कार्रवाई की मांग को लेकर आयोजित धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह ने कहा कि लघु सिंचाई



विभाग- गुमला जिले में किसानों के हित के नाम पर खुलेआम लूट खसोट कर रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। श्री सिंह ने चेताते कहा कि विभाग अपना कार्यप्रणाली में सुधार नहीं करती है तो धरातल पर उतर कर भंडाफोड़ करते हुए आंदोलन को तेज किया जायेगा। उन्होंने मजदूर एवं किसानों के मुद्दे पर रांची के राजभवन के समक्ष 20 दिसंबर 2022 को आयोजित विशाल धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में जिला से सैकड़ों की संख्या में भाग लेने की भी अपील की है। किसान नेता आदित्य सिंह व मजदूर नेता प्रकाश उरांव ने कहा कि मजदूर किसानों का जिले में बेरोकटोक शोषण हो रहा है। नेताओं ने धान खरीदी पर हाथों-हाथ कैश भुगतान की गारंटी करने की मांग सरकार से की है। झारखंड आंदोलनकारी अजीत विश्वकर्मा ने भ्रष्टाचार को हर हाल पर रोकने की मांग सरकार से की है। कार्यक्रम के उपरांत 3 सूत्री मांग-पत्र उपायुक्त, गुमला को सौंपी गई।

**इनकी रही उपस्थिति**

धरना कार्यक्रम में मुख्य रूप से आदित्य सिंह, प्रकाश उरांव, अजीत विश्वकर्माब, शिव प्रसाद साहू, शंकर उरांव, सोमरा खड़िया, धर्मपाल उरांव, फिलमोन कुजूर, गोपेश्वर गोप, पुष्पा उरांव, मालती देवी, रुक्मणी कुमारी, कुसुमा मिंज के अलावे दर्जनों की संख्या में किसान और मजदूर वर्ग उपस्थित थे।

## गेहूं और चना बीज का वितरण किया



**सिसई (आजाद सिपाही)।** सिसई लैम्प्स में सोमवार को प्रखंड के रजिस्टर्ड किसानों के बीच अनुदानित मूल्य पर गेहूं और चना बीज का वितरण किया गया। इस बावत प्रखंड कृषि पदाधिकारी अजय कुमार साहु ने बताया कृषि को बढ़ावा देने के लिए सरकार के द्वारा 90 प्रतिशत अनुदानित मूल्य में 25 क्विंटल गेंहू एवं 8 क्विंटल चना बीज उपलब्ध कराया गया है। जिसे पंजीकृत किसानों के बीच सोमवार से वितरण किया जा रहा है, किसानों को प्रति एकड़ 40 केजी गेहूं एवं प्रति एकड़ 30 केजी चना बीज दिया जा रहा है। आवश्यक दस्तावेज जमा कर रजिस्टर्ड किसान अपने आवश्यकता के अनुसार सिसई लैंपस से बीज लें सकते हैं। मौके पर बीटीएम सुनील कुमार, एटीएम आकाश राज, नजरुल अंसारी, सिसई लैंपस अध्यक्ष महादेव उरांव, सचिव बंधन महली, रामानंद सिंह सहित कई किसान मौजूद थे।

## ट्राइसाइकल प्रदान किया



**बसिया (आजाद सिपाही)।** पंचायत समिति सदस्य पीसी बड़ाइक के हाथों प्रखंड के पन्था निवासी सुलेन्द्र लोहरा पिता लक्ष्मण लोहरा को ट्राय सायकल प्रदान किया गया। यह ट्रायसायकल बाल विकास परियोजना कार्यालय बसिया द्वारा उपलब्ध कराया गया था। इस मौके पर सुपरवाइजर डेजी कुजूर, सलोमी तिग्गा, संबंधित पंचायत की सेविका समेत गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ बैठक की



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के सफल क्रियांवयन को लेकर सोमवार को चैनपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. शिशिर कुमार सिंह ने सभी पंचायत के मुखिया, प्रखंड कर्मियों एवं प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ बैठक की। बैठक में बीडीओ ने कहा कि सुखाड़ को देखते हुए अधिक से अधिक कृषकों का निबंधन कराकर लाभ दिलाया जाये ताकि वर्षा कम होने से जो फसलों को नुकसान हुआ है उनकी भरपाई हो सके। इस कल्याणकारी योजना का निबंधन प्रज्ञा केंद्र में 10 दिसंबर 2022 तक सभी कृषकों को करा लेना है। मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना का नोडल पदाधिकारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी और बीटीएम को बनाया गया है। बैठक में उपस्थित सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों को अंचलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया है कि वे अपने सेंटर में बैठे और लाभुकों का ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्रेशन करें किसी तरह की कोताही बरतने पर उनकी सीएससी सेंटर रद्द करने की अनुशंसा की जाएगी बैठक में मुख्य रूप से अंचलाधिकारी गौतम कुमार जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर, उप प्रमुख प्रमोद खलखो, सभी मुखिया, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, बीटीएम, बीपीएम, बाल विकास योजना पदाधिकारी, सभी कृषक, प्रज्ञा केंद्र संचालक उपस्थित थे।

## भदौली पंचायत भवन में मुखियाओं की बैठक हुई



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्तरीय मुखिया संघ के चुनाव को लेकर सोमवार को भदौली पंचायत भवन में सभी मुखियाओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कुदरा मुखिया प्रकाश उरांव की। सर्वसम्मति से मुखिया संघ के अध्यक्ष के रूप में मुर्गू मुखिया बंदी राम उरांव, सचिव बरगांव दक्षिणी मुखिया शोभा देवी व कोषाध्यक्ष शिवनाथपुर मुखिया फ्लोरेंस देवी को बनाया गया। इस मौके पर मुखिया प्रकाश उरांव, बन्दी राम उरांव, रवि उरांव, सुनी तिर्की, अलबना देवी, फ्लोरेंस देवी, रेखा देवी, सुगिया देवी, पार्वती देवी, सुनिता देवी, शांति लकड़ा, तारकेश्वर उरांव सहित प्रखंड के सभी मुखिया उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो घायल

**रायडीह (आजाद सिपाही)।** रायडीह थाना क्षेत्र के गुमला चैनपुर मार्ग पर कटकांया पुल के समीप आज्ञत वाहन के चपेट मे आने से बाईक सवार दो युवक घायल हो गए। घटना सोमवार दोपहर करीब 3 बजे की है। घायल बाइक सवार रोहित टोप्पो 25 वर्ष और अजय मिंज 27 वर्ष दोनो रायडीह थाना क्षेत्र के पाकरटोली के रहने वाले है और दोनो युवक बाईक मे सवार होकर मांझाटोली से चैनपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान विपरित दिशा से आ रही आज्ञात वाहन के चपेट मे आने से घायल ही गए। घटना की सूचना पाकर रायडीह थाना पुलिस एएसआइ रंजय सेह दलबल के साथ मौके पर पहुंच कर दोनो युवक को ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायडीह पंहुचाया। जहां पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

## कुआं में गिरकर नाबालिग बच्ची की मौत

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र के चपका मकरा मोड़ के समीप रविवार की देर शाम कुआं में गिर कर एक नाबालिक बच्ची की मौत हो गई। वही सोमवार की सुबह परिजनों ने उक्त नाबालिक बच्ची के शव को लेकर घाघरा थाना पहुंचे। जहां पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाबत मृतक के मामा जितेंद्र उरांव ने बताया कि घर के सभी लोग खेत और खलिहान में काम करने के लिए गए थे। उक्त बच्ची राविवार शाम 4 बजे खलिहान से घर के लिए लौटी थी। देर शाम जब हम सभी परिजन घर पहुंचे तो उक्त बच्ची घर पर नहीं थी इधर उधर काफी खोजबीन की गई। पास में जाकर जब कुआं के पास देखा गया तो उक्त बच्ची का शव कुआं में पानी में तैरता दिखा। जिसके बाद उसे बाहर निकाला गया। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। हालांकि मृतक के मामा ने यह भी बताया कि हो सके बच्ची पानी भरने के लिए गई होगी और फिसल कर कुआं में जा गिरी होगी। वही मृतक के मामा ने बताया कि वह बच्ची मामा के ही घर में रहकर पढ़ाई करती थी।

# 7 साल पहले बना स्कूल भवन खंडहर में तब्दील



**पलामू (आजाद सिपाही)।** केंद्र और राज्य सरकार बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के कई दावें करते है. बेहतर शिक्षा के लिए कई योजनाएं भी चलायी जाती है. ताकि गरीब परिवार से आने वाले बच्चे भी आसानी से शिक्षा ग्रहण कर सके. गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए सरकार द्वारा सरकारी स्कूल खोले गये है. सरकारी स्कूलों में हर साल लाखों रुपये खर्च भी किये जा रहे हैं. लेकिन विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण सरकारी योजनाओं का लाभ बच्चों को नहीं मिल पा रहा है. इसका जीता- जागता उदाहरण पलामू जिला है. जहां कई साल पहले ही भव्य सरकारी स्कूल का निर्माण हो गया है, लेकिन हैंडओवर नहीं होने के कारण नवनिर्मित भवन खंडहर में तब्दील हो गया है और बच्चों को इसका लाभ भी नहीं मिल पाया।

### तुर्कतल्या उच्च विद्यालय के नवनिर्मित भवन साल 2015 में बनकर तैयार

जिले के चैनपुर प्रखंड के तुर्कतल्या उच्च विद्यालय के नवनिर्मित भवन साल 2015 में बनकर तैयार है. मगर साल 2022 तक इस बिल्डिंग में कक्षा शुरू नहीं हो पायी है. खाली पड़े रहने के कारण भवन की हालत जर्जर हो गयी है. वहीं छात्र-छात्राएं पुराने भवन में ही पढ़ाई करने को मजबूर है. पुराने भवनों में शौचालय तक की सुविधा नहीं है.

### विभागीय और संवेदक की लापरवाही से खंडहर में हुआ तब्दील

जिले के चैनपुर प्रखंड में तुर्कतल्या उच्च विद्यालय, बूढ़ी वीर सेमरा समेत 6 उच्च विद्यालय के भवन बनकर तैयार है. मगर विभागीय और संवेदक के लापरवाही के कारण आज तक कई विद्यालय को हैंडओवर नहीं किया गया है. जिसके कारण बच्चों को पुराने जर्जर भवन में क्लास करनी पड़ रही है.

## जन विश्वास जीतने निकला हूं, जन आशीर्वाद भी मिल रहा है : मनोज



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नगर निगम के भावी मेयर प्रत्याशी रोजाना की तरह आपका बेटा आपके द्वारा कार्यक्रम के साथ दिन की शुरूआत कर रहे हैं। मेदिनीनगर नगर निगम के वार्ड 4 के भ्रमण के दौरान मिल रहे अपार समर्थन पर उनका कहना है कि वे जनता का विश्वास जीतने निकले हैं,जनता उन्हें भरपूर आशीर्वाद भी दे रही है। श्री सिंह कहते हैं कि क्षेत्र का विकास तभी संभव है जब यहाँ के लोग अपने जनप्रतिनिधि पर विश्वास करें। जिस तरह से श्री सिंह क्षेत्र का तूफानी दौरा जारी है, लगता है जनता भी उन्हें इनाम देने के मूड में है। बड़े-बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं का इनके प्रति जोश ० उत्साह इस बात की ओर इशारा कर रहा है कि मेदिनीनगर में बदलाव की लहर बह रही है। ज्ञात हो की निकाय चुनाव अभी के लिए टल गया है लेकिन मनोज सिंह लगातार क्षेत्र भ्रमण पर हैं और निगम की समस्याओं से रूबरू हो रहे हैं और समस्याओं के खिलाफ मुखर भी हो रहे हैं। आज की यात्रा मे आशीष श्रीवास्तव, संजीव तिवारी, अभय पांडे, राहुल पांडे, संतोष कुमार राजू दुबे, जय कुमार, निशांत तिवारी, राकेश सिंह,सुनील सिंह सहित कई लोग शामिल थे।

## किड्सजोन स्कूल के बच्चों ने पलामू जिला में किया शानदार प्रदर्शन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पलामू जीला प्राइवेट स्कूल डायरेक्टर्स एसोसिएशन द्वारा मेदिनीनगर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में हैदरनगर के किड्स जोन विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में पलामू जिला प्राइवेट स्कूल के लगभग 20 स्कूलों ने भाग लिया था। जिसमें हैदरनगर के किड्स जोन स्कूल के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी शानदार प्रस्तुति से सबक मन मोह लिया।आयोजन समिति द्वारा किड्स जोन के बच्चों का बेहतर प्रदर्शन के लिए मोमेंटो व उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके बिद्यालय के निदेशक कमरान खान ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों का मानसिक व बौद्धिक विकास होता है। साथ ही बच्चो के अन्दर के छुपी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है।उन्होंने कहा कि प्राइवेट स्कूल एशोसिएशन द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम काफी सराहनीय है।उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक,सांस्कारिक,सांस्कृतिक व खेलकूद जैसे आयोजन में भी अग्रणी भूमिका निभाए।

## नियम, अनुशासन व खेल भावना के साथ आयोजित होगा खेलो झारखंड : डीइओ

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला स्तरीय खेलो झारखंड-2022 की सफलता के लिए राजकीयकृत +2 गिरिवर उच्च विद्यालय में खेल संचालन समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पलामू जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल चौधरी ने किया जबकि संचालन एपीओ जान मुथू ने किया। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा उपस्थिति थे। मुख्य समारोह स्थानीय पुलिस स्टेडियम में सम्पन्न होगा जिसके मुख्य अतिथि पलामू जिला उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे होंगे। सभी खेल गतिविधियों के सफल आयोजन के लिए उपस्थित सदस्यों को विशेषज्ञता के अनुसार जिम्मेवारी सौंपी गई। इस मौके पर डीईओ अनिल कुमार चौधरी ने कहा कि खेलो झारखंड-2022 का आयोजन नियम,अनुशासन व खेल भावना के तहत किया जाना है ताकि जिला की प्रतिभाएं उभरकर राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कक्षा-9-12 समूह (सीनियर ग्रूप) के प्रथम स्थान लाने वाले विजेताओं को राज्य स्तर पर प्रतिभा प्रदर्शन का मौका मिलेगा। कहा कि बैठक का मूल उद्देश्य तैयारी की समीक्षा करना एवं शेष तैयारी पूरी कर लेना है। मौके पर उपस्थित जिला खेल पदाधिकारी ने खेल एवं आयोजन के बारिकियों से सबको अवगत कराते कहा कि हर खेल गतिविधि समान रूप से महत्त्वपूर्ण है कि इसलिए सभी कर्मी गाइडलाइन के अनुरूप पूरी गंभीरता व पारदर्शिता से अपने दायित्वों का पालन करेंगे। दिनांकः29.11.2022 को एथलेटिक्स की सभी गतिविधियां पुलिस स्टेडियम में आयोजित होंगी जबकि जूनियर ग्रूप (कक्षा 6-8) का फुटबॉल मैच जिला स्कूल के मैदान में होंगे। दिनांक 30.11.2022 को सीनियर ग्रूप 9-12 की फुटबॉल व हाकी की प्रतियोगिताएं जिला स्कूल के मैदान में ही होंगी। बैठक में प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी, खेल विशेषज्ञ संजय त्रिपाठी, कमलानंद दूबे, फुटबॉल एसोसिएशन के महेश तिवारी, मो. फरीद, प्राचार्य नीरज द्विवेदी, प्रीतम शुक्ला,भरत कुमार रजक, ओमकार पाठक, संतोष कुमार, नीरज सिन्हा, आमोद कुमार सहित पचास से अधिक फिजिकल टीचर व शिक्षा कर्मी उपस्थित थे।

## सन टेक प्लास्टिसाइजर कंपनी ने गरीबों के बीच किया डंडिला खुर्द में कंबल का वितरण



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** समाजकी सेवा को सर्वपरि मानते हुए सन टेक प्लास्टिसाइजर प्राइवेट लिमिटेड रेहला के द्वारा रविवार को डंडिला खुर्द मे कंबल का वितरण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निवर्तमान पार्षद दिनेश शुक्ला, विजय कांत शुक्ला, कंपनी के प्रतिनिधि नरेश प्रसाद यादव, शिवनंदन कुमार, अशोक यादव, अमरेश कांत मिश्रा, अभिषेक चतुवेर्दी, छोटन शुक्ला, राजेश शुक्ला, चंदन कुमार शुक्ला, हेमेन्द्र शुक्ला, पवन कुमार शुक्ला, मो. रहमान, गिरजा राम, दशरथ राम, सतेन्द्र राम, सहित कई असहाय एवं गरीब के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर दिनेश शुक्ला ने कहा कि सनटेक कंपनी द्वारा इस ठंड के मौसम में कंबल का वितरण करना काफी पुण्य का काम है। उन्होंने कि इस कड़ाके की ठंड में जितने भी जरूरत मंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है वह अपने आप में बहुत ही सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि अगर इसी तरह अन्य समाजसेवी गरीब, असहाय लोगों को बीच बीच में मदद करें तो निश्चित तौर पर ऐसे लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। वही सनटेक कंपनी के प्रतिनिधी नरेश प्रसाद यादव ने कहा कि कंपनी द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व को ध्यान में रखते हुए आसपास के लोगों को कई वर्षों से कंबल वितरण किया जाता रहा है। इसके साथ ही अन्य सामाजिक कार्यों को करने के लिए प्रबंधन कृत संकल्पित है। जो समय समय समाज सेवा के क्षेत्र कई कार्यक्रम संचालित कर इनकी मदद की जाती है।

## बीडीओ ने सुखाड़ राहत योजना को लेकर प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ की बैठक

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी रतन कुमार ने सोमवार को मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना को लेकर प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ बैठक की। जिसमें बीडीओ ने कहा कि गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखंड की ओर से हुसैनाबाद प्रखंड को सूखाग्रस्त घोषित किया गया है।इसीलिए फसल राहत योजना के बदले सूखा राहत योजना का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में फसल राहत योजना हेतु पंजीकृत किसान फसल राहत से आधार के माध्यम से सूखा राहत में डाटा अप टू डेट करा लेंगे। और जो किसान फसल राहत योजना में भी पंजीकरण नहीं कराए थे वह अवसर का लाभ उठाते हुए सुखाड़ हेतु अपना पंजीकरण करा ले। राज्य आपदा मोचन निधि से सुखाड़ प्रभावित प्रत्येक परिवार को तत्काल राहत हेतु 3500 राशि उपलब्ध कराई जाएगी।उन्होंने सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों को निर्देश देते हुए कहा कि 30 नवंबर तक सभी किसानों को जागरूक करते हुए मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना हेतु पंजीकृत करें। मौके पर प्रखंड क्षेत्र के सभी प्रज्ञा केंद्र संचालक मौजूद थे।

## आरपीएफ ने ऑनलाइन दुकान संचालक को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** रविवार को जपला आरपीएफ पोस्ट के प्रभारी निरीक्षक राकेश रंजन, उपनिरीक्षक निशांत कुमार, आरक्षी विजय कुमार सिंह व आरक्षी पवनेश कुमार सिंह द्वारा जेपी चौक के समीप गुप्ता ऑनलाइन जोन दुकान में गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी किया गया। इस दौरान इस्तेमाल किया जा रहा लैपटॉप की जांच की गई। ईसमें आईआरसीटीसी एजेंट आईडी के अलावे चार अन्य पर्सनल यूजर आईडी इस्तेमाल में लाया हुआ पाया गया। सघन जांच के दौरान चार पर्सनल यूजर आईडी से भविष्य की एक टिकट 943 .60 रुपए एवं 91 पुराना टिकट 98,731.28 रुपए बनाया हुआ पाया गया। प्रभारी निरीक्षक राकेश रंजन ने कहा कि छापेमारी व जांच पड़ताल से गुप्ता ऑनलाइन जोन के संचालक रेलवे टिकट का अवैध व्यापार में संलिप्त पाया गया। संचालक रंजीत कुमार गुप्ता के विरुद्ध आरपीएफ जपला में कांड संख्या 184/2022 दर्ज कर न्यायिक हिरासत डाल्टनगंज भेज दिया गया है। उन्होंने कहा है कि पर्सनल यूजर आईडी से काटा गया टिकट का व्यापार करना रेल अधिनियम के तहत अपराध है। यह अभियान आगे की जारी रहेगा।

### हरिहरगंज प्रखंड के पंचायत समिति सदस्यों की हुई पहली बैठक

# पूर्व की अधूरी विकास योजना की समीक्षा तथा नये विकास योजनाओं पर हुई चर्चा



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज प्रखण्ड कार्यालय सभागार में सोमवार को पंचायत समिति सदस्यों की पहली बैठक प्रमुख कमला देवी की अध्यक्षता में आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों के बीच परिचय के साथ शुरू हुआ। मौके पर प्रमुख तथा उनके सदस्यों ने प्रखंड की पूर्व की अधूरी विकास योजनाएं की समीक्षा तथा नये विकास योजनाएं पर चर्चा किया। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण ने कहा कि सुखाड़ राहत योजना अंतर्गत कैम्प लगा कर सभी पंचायतो में 28, 29 और 30 नवम्बर तक कैंप को सफल बनाने के लिए कर्मचारी तथा जनसेवक को प्रतिनियुक्त किया गया है। ताकि सुखाड़ फसल राहत योजना के लिए किसानों को ई-केवाईसी हो सके। मनरेगा के बीपीएम धर्मेन्द्र कुमार ने सदस्यों को बताया कि प्रखण्ड के आठ पंचायतों में डोभा 165 और टीसीबी 90 योजना पेल्डिंग है।जिसके कारण नये योजना के लिए डिमांड नहीं किया जा रहा है।साथ ही प्रखण्ड में 65 कुंवा का लक्ष्य मिला था जिसमें 67 लाख रुपये पेल्डिंग है।कुंवा का पैसा क्लीयर होने पर नये के लिए डिमांड किया जाएगा।वहीं पीएम आवास के ब्लॉक कॉर्डिनेटर ने बताया कि चंदन कुमार ने बताया कि हरिहरगंज प्रखण्ड में 2021-22 के लिए 1561 आवास का लक्ष्य मिला था,जिसमें 50.91% पूर्ण हो चूका है, शेष में कार्य चल रहा है। कृषि विभाग के बीएओ ब्रजेश कुमार ने बताया कि झारखण्ड फसल राहत योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को झारखण्ड राहत फसल योजना के वेबसाइट पर जाना होगा और रजिस्ट्रेशन कराना होगा। रजिस्ट्रेशन कराने के लिए मोबाइल नंबर का होना जरूरी है। वेबसाइट में निबंधन कराकर किसान इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन दे सकते हैं। इस योजना का लाभ जमीन मालिक और भूमिहीन किसान दोनों ही लाभ ले सकते हैं। जमीन मालिक के लिए आधार कार्ड, जमीन की रसीद और बैंक खाता का फोटो कॉपी देना होगा। वहीं भूमिहीन लाभुकों के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड तथा बैंक खाता का फोटो कॉपी जमा करना अनिवार्य होगा।उन्होंने बताया कि प्रखण्ड के किसानों के लिए सरसो, मक्का, चना वितरण के लिए मिला है, जिसमें करीब 50% वितरण किया जा चूका है, शेष है। साथ ही हरिहरगंज पूर्बी नोडल पैक्स अध्यक्ष को 90% अनुदानित राशि पर किसानों के लिए एक हजार क्विंटल गेंहू आवंटन हुआ है। जिसमें हरिहरगंज, पीपरा, नौडीहा बाजार तथा छत्तरपुर प्रखण्ड के 52 पैक्स शामिल है। उन्होंने बताया कि भूमि संरक्षण योजना के तहत 90% अनुदानित राशि पर मौके पर हरिहरगंज सीएचसी प्रभारी पदाधिकारी अरुण कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से 1 से 15 दिसंबर तक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन विधि से 2 वर्ष से अधिक के लोगों को फाइलेरिया की दवा स्वास्थ्य विभाग के प्रशिक्षित कर्मी घर घर जाकर पूरे परिवार को अपने सामने दवा खिलाएंगे। साथ ही स्वास्थ्य विभाग को सहयोग करने की अपील की है। बैठक में जेइ बिपिन कुमार राय, विध्या सागर, आजम बेग, अनिल सिंह, बीपीएम मुकेश कुमार, जयप्रकाश सिंह, सांसद प्रतिनिधि अरुण कुमार मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि अजय सिंह, उप प्रमुख ममता देवी, पंसस शैलेंद्र कुमार सिंह, बांसुदेव राम, सतेन्द्र कुमार, उषा देवी मनिता देवी, गीता देवी, मंजू देवी, कुशमा देवी के अलावे कई प्रखण्ड कर्मी उपस्थित थे।

## पलामू एसपी ने एक बच्चे को खून दिलाकर बचायी जान



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने फिर एक मासूम आयुष कुमार को ब्लड दिलाकर एक बच्चे की जान बचाई है। मरीज एक वर्ष का बच्चा है। उसे थैलेसीमिया बीमारी है जो बहुत ही खतरनाक होता है थैलेसीमिया होने के कारण शरीर में ब्लड नहीं बनता है। और हर महीने में ब्लड कि आवश्यकता पड़ती हैं। बच्चे के पिता बिहारी भुईंया एवं पार्वती देवी ग्राम सीकी खुर्द पाटन के रहने वाले हैं। दस दिन पहले उसकी माता पार्वती देवी के द्वारा ब्लड दिया गया था परंतु तबियत खराब होने के कारण बच्चे को तत्काल ब्लड की आवश्यकता पड़ गई। उनकी माता पार्वती देवी परेशान थी। इधर उधर काफी प्रयास करने के बाद वे अपना ब्लड फिर से देने के लिए बोलने लगे परंतु ब्लड बैंक के द्वारा बोला गया कि आप एक महीने में ब्लड नहीं दे सकते कम से कम 3 महीना के बाद ही बलड दे सकते हैं। इतना सुनते ही मरीज की मां ब्लड बैंक के बाहर जाकर रोने लगी एवं अपने आप को असहाय महसूस करने लगी एवं बोलने लगे अब मेरे बच्चा जान नहीं बचेगा। उसके बाद बच्चे की मां बच्चे को अपने गोद में लिए रोते हुए सदर अस्पताल से बाहर चौक पर आ गयी तभी ऑटो वाले ने पूछा क्या समस्या है क्यों रो रही हैं फिर उनके द्वारा बताया गया की हमारे बच्चे को ब्लड की जरूरत है और ब्लड नहीं मिल रहा है। फिर क्या ऑटो वाले ने बोला आप एक बार पलामू एसपी साहब को इस समस्या के बारे में बताएं।टेंपो ड्राइवर ने कहा कि मैं अक्सर अखबारों में पढ़ता हूं।एसपी साहब खुद अपना ब्लड देकर भी गरीबों का मदद किये है इतना सुनने के बाद बच्चे की मां को थोड़ी उम्मीद जगी और तुरंत एसि को फोन करके रोते हुए जानकारी दी अपने सारे समस्या को बताइ एसपी साहब बोले आप अस्पताल में जाकर बच्चा को एडमिट कीजिए और जांच करवाइए तब तक ब्लड आप तक पहुंच जाएगा। आपके बच्चा को कुछ नहीं होगा।

## असाध्य रोग से पीड़ित बच्ची का छात्र-छात्राओं ने पॉकेट मनी बचाकर किया सहयोग



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के कासियाडीह गांव की निवासी प्रमोद विश्वकर्मा की ,8 वर्षीय पुत्री अमृता कुमारी असाध्य रोग से विगत 4 माह से पीड़ित है। जिसका इलाज बनारस स्थित होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल में चल रहा है। इनके पिता प्रमोद विश्वकर्मा मजदूर का काम करते हैं। जिनका आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब था। अपनी पुत्री के इलाज में अपनी वेल्डिंग मशीन पहले ही बेच चुके हैं। अपनी पुत्री के इलाज कराने में बिल्कुल असहाय महसूस कर रहे हैं। अमृता की दादी कसियाडीह मध्य विद्यालय की रसोईया है। जिसे देखते हुए राजकीयकृत मध्य विद्यालय कासियाडीह के छात्र छात्राओं ने अपना पॉकेट मनी बचाकर, सहयोग किया है। इस पुनीत कार्य में इस विद्यालय के प्रधानाध्यापक गोविंद प्रसाद सहायक शिक्षिका, रोजलीन एका,अनामिका मिश्रा, रूपा एवं जोलजेन मिंज ने आर्थिक सहयोग किया. सहयोग राशि देते हुए विद्यालय परिवार ने ,भगवान से कामना किया है कि अमृता जल्द से जल्द स्वस्थ होकर घर लौट आए।

# स्पोर्ट्स



फीफा विश्व कप : जर्मनी को हराने का मौका गंवाना, शर्म की बात- स्पेनिश कोच लुइस एनरिक

# क्रिकेट इतिहास में एक ओवर में सात छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज बने रुतुराज गायकवाड़



**अहमदाबाद।** भारतीय बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ सोमवार को क्रिकेट इतिहास में एक ओवर में सात छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम बी ग्राउंड में उत्तर प्रदेश के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी 2022 क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान गायकवाड़ ने महाराष्ट्र की ओर से खेलते हुए यह अविश्वसनीय रिकॉर्ड बनाया।

मैच के 49वें ओवर में गायकवाड़ ने शिवा सिंह की गेंद पर 6,6,6 नो बॉल, 6,6,6,6 रन बनाए। इस ओवर में कुल 43 रन बने। गायकवाड़ ने 159 गेंदों में 10 चौकों और 16 छक्कों की मदद से नाबाद 220 रन बनाए।

एक ओवर में 43 रन आधिकारिक तौर पर क्रिकेट में एक ओवर में बनाए गए सबसे अधिक रन हैं। 2018-19 में न्यूजीलैंड की घरेलू फोर्ड ट्रॉफी प्रतियोगिता में, सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के गेंदबाज विलेम लुडिक के एक ओवर में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के बल्लेबाजों ने भी 43 रन बनाए थे। लुडिक ने अपने एक ओवर में 4, 6 (नो बॉल), 6 (नो बॉल), 6,1,6,6,6 रन दिए थे।

मैच की बात करें तो इस मैच में महाराष्ट्र ने अपने 50 ओवरों में 5 विकेट पर 330 रन बनाए।

गायकवाड़ के अलावा, अंकित बावने (37) और अजीम काजी (37) ने भी कुछ महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। यूपी की तरफ से कार्तिक त्यागी ने 66 रन देकर 3 विकेट लिए। जवाब में समाचार लिखे जाने तक यूपी ने 17 ओवर में 2 विकेट पर 93 रन बना लिए हैं।

## ऋषि राज बना अंडर 7 झारखंड ब्लिट्ज चैंपियन

- **ऋषि राज बेरमो के प्रसिद्ध शतरंज खिलाड़ी सिकंदर अनीस से ऑनलाइन के माध्यम से शतरंज का प्रशिक्षण ले रहे हैं**
- **बच्चों का ब्रेन किसी भी चीज को याद रखने में वयस्क क की तुलना में बेहतर होता है : सिकंदर अनीस**

**शमशेर आलम**



**जरीडीह बाजार (बेरमो)** । 27 नवंबर को जमशेदपुर चेस एसोसिएशन के द्वारा आयोजित चतुर्थ एकदिवसीय ब्लिट्ज शतरंज प्रतियोगिता को जमशेदपुर के वरिष्ठ खिलाड़ी रोहन विजय शांडिल्य ने जीत लिया है। ओवरऑल चैंपियन रोहन शांडिल्य को 10 हजार नगद राशि के साथ चैंपियन ट्रॉफी प्रदान किया गया, वहीं पर रांची के ऋषि राज को अंडर सेवन चैंपियन बनने का गौरव मिला। ज्ञात हो कि ऋषिराज बेरमो के प्रसिद्ध शतरंज खिलाड़ी सिकंदर अनीस से ऑनलाइन के माध्यम से शतरंज का प्रशिक्षण ले रहे हैं अनीस ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी राष्ट्रीय ब्लिट्ज शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अनीश से प्रशिक्षण ले रहे बच्चे जम्मू कश्मीर जाएंगे अनीस ने बताया कि ऑनलाइन प्रशिक्षण देना एक सुखद अनुभव रहा है इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति आभार प्रकट करते हैं क्योंकि उन्होंने देश को तकनीकी दिशा में आगे बढ़ाया है अब बेरमो से ही देश के विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे पा रहा हूं, बच्चों का ब्रेन किसी भी चीज को याद रखने में वयस्क की तुलना में बेहतर होता है यही कारण है बच्चे शतरंज के क्षेत्र में अच्छा कर रहे हैं।अनीस ने कहा जो भी इच्छुक बच्चे शतरंज में ऑनलाइन प्रशिक्षण लेना चाहते हैं तो हमसे संपर्क कर सकते हैं ।

शहादत दिवस पर याद किये गये शक्तिनाथ महतो, विभिन्न राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन व बुद्धिजीवियों ने दी श्रद्धांजलि

# शक्तिनाथ के सपने का जल्द बनेगा झारखंड: विस अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



शहीद शक्तिनाथ महतो को श्रद्धांजलि देने पहुंचे विस अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो व अन्य।

**कतरास।** शहीद शक्तिनाथ महतो का 45वां शहादत दिवस सोमवार को उनके जन्म स्थल सिजुआ व तेतुलमारी के शक्ति चौक में श्रद्धा भाव से मनाया गया। स्वजन, विभिन्न राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन, छात्र-छात्राएं व बुद्धिजीवियों ने शहीद की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शहीद की पत्नी सूची देवी ने शक्तिनाथ की प्रतिमा को दूध से नहलाया और धूप-दीप से पूजा की। वहीं बेटे मनोज कुमार महतो ने मैत्री संघ का लाल-हरा झंडा फहराया। शक्ति शिक्षण संस्थान के छात्र-छात्राओं ने शहीदी गीत गाया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, जैक अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार महतो, खतियानी नेता जयराम महतो, शहीद के भाई हरि महतो व सुरेश महतो, भतीजा निवर्तमान पार्षद धर्मेंद्र महतो, प्राचार्य अरुण महतो, राकोमयू नेता संजय सिंह, सचिन महतो, गजाधर महतो, जितेश रजवार, राजेंद्र प्रसाद राजा, जनक लाल, विकास सिंह, हरि प्रसाद पप्पू, राजकुमार महतो, दिनेश महतो, सोनू श्रीवास्तव आदि ने प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## मासस जिला कमेटी ने माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि



मासस जिला कमेटी ने सिजुआ स्थित शहीद शक्ति नाथ महतो की आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष बिंदा पासवान के नेतृत्व में सैकड़ों लोग धनबाद, गोधर, केंदुआ पुटकी, कपूरिया मोड़, भेलाटांड़ होते हुए सिजुआ स्थित शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक स्थल पहुंचे। आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि शहीद शक्ति नाथ महतो सच्चे क्रांति दूत थे। इसके चलते उन्हें शहादत देनी पड़ी। मासस युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि झारखंड राज्य आंदोलन में शहीद शक्ति नाथ महतो की अग्रणी भूमिका रही। उनके जुझारू नेतृत्व का परिणाम है कि आज अलग झारखंड राज्य मिला हैं।

## विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

जोगता थाना क्षेत्र के तेतुलमुड़ी बस्ती में आयोजित पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह अध्यक्षता राजद नेता सुखदेव विद्रोही एवं संचालन युवा कांग्रेस के कतरास नगर अध्यक्ष विकास सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निवर्तमान महापौर चन्द्रशेखर अग्रवाल एवं सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी, आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डीएन सिंह, अशोक महतो, भाजपा नेता रामदेव महतो, कांग्रेस नेता अशोक लाल आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पूर्व असंगठित मजदूर (संयुक्त मोर्चा) की ओर से सिजुआ स्टेडियम से शहीद शक्ति नाथ महतो की जन्मस्थली तक जुलूस निकाली गई। कार्यक्रम में बीसीसीएल के अधिकारी सहित समाज के लोगों ने श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, जेएमएम जिलाध्यक्ष रमेश टुडु, बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष रतीलाल टूडू, हलधर महतो, प्राचार्य अरूण कुमार महतो, मनोज महतो, दिनेश महतो, रंजीत महतो, बसंत महतो, गजाधर महतो, रमेश महतो, गौतम महतो, सुनील मंडल, अनिल महतो, शंकर दास, विष्णु महतो, सुदामा महतो, राकेश चौधरी, किरण देवी, सोनी देवी, नूर हुसैन, मंगल चौहान, राजेंद्र दास आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## शक्तिनाथ महतो इंटर कॉलेज में ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन



इधर, शहीद शक्तिनाथ महतो इंटर कालेज सिजुआ में ई लाइब्रेरी का उद्घाटन और कैंटीन भवन का शिलान्यास विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने किया। उन्होंने कॉलेज परिसर स्थित लाइब्रेरी का निरीक्षण किया और इसकी खूबियों से वाकिफ हुए। इसके पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने टाटा सिजुआ 12 नंबर (आजाद सिजुआ) स्थित शहीद शक्ति की आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। कॉलेज परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि शहीद शक्तिनाथ ने गरीब, शोषितों को न्याय दिलाते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। झारखंड के लिए उनका अपना एक सपना था। उन्होंने जिस तरह के झारखंड निर्माण का सपना देखा था, कल्पना की थी, वह काफी करीब है। सपना पूरा करने के लिए समय और वक्त की जरूरत पड़ती है। अगर राजनीति में कोई बदलाव या फिर किसी तरह का विषय नहीं आया तो बहुत जल्द शक्ति के सपनों का झारखंड देखने को मिलेगा। कांग्रेस और भाजपा विधायकों के ऊपर दल-बदल कानून के तहत लटक रही तलवार को लेकर उनके फैसले के बाबत पूछे गए सवाल पर कहा कि उस मामले का मैं जज हूं और फैसला सुनाने से पहले बता देना न्यायसंगत नहीं होगा। निकट भविष्य में फैसला आ जाएगा। वहीं, धनबाद की विधि व्यवस्था पर कहा कि यदि यहां का माहौल ठीक नहीं है तो इसे चुस्त दुरुस्त किया जाएगा। विधि व्यवस्था सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

# प्राचार्य ने मुखिया महेश पटवारी से मिलकर मनरेगा कार्य में किया लूट खसोट: प्रदीप




आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** महुदा महाविद्यालय में मनरेगा के तहत खेल मैदान के नाम पर अयोग्य मनरेगा मजदूरों की उपस्थिती दर्ज करवाकर व जेसीबी मशीन के जरिये जैसे-तैसे काम को अंजाम दिया गया। यही नहीं कार्य पूर्ण होने से पहले से पैसों की निकासी कर लूटखसोट किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा आर्थिक लाभ लेकर मनरेगा कानून के उल्लंघन में सहयोग एवं सरकारी संपत्ति की नियमों के विरुद्ध बिक्री और दुरूपयोग के घोटाले की जानकारी देने के लिए झारखंडी भाषा आंदोलनकारी नेता सह समाज सेवी प्रदीप महतो ने महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर प्रेसवार्ता की। कहा कि महाविधालय प्राचार्य प्रो श्याम लाल महतो और पादुगोड़ा पंचायत के मुखिया महेश पटवारी की मिलीभगत से महुदा महाविद्यालय में मनरेगा के तहत खेल मैदान (महुदा कॉलेज के अंदर खेल मैदान) का निर्माण किया गया। जिसमें मनरेगा कानून का उल्लंघन कर जेसीबी की मदद से काम किया गया। जिसका प्रमाण पत्र प्रमाणित कर रहा है। जबकि वर्तमान में उक्त मनरेगा कार्य का डिमांड (कार्य दिवस) 12 नवंबर से 25 नवंबर तक है पर कार्यस्थल पर काम जेसीबी द्वारा पूर्व में ही करा लिया गया है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में मरम्मति के दौरान छात्रावास में मौजूद स्क्रैप लोहा, चदरा एवं टुटी कुर्सी आदि सरकारी संपत्ति को बिना अनुमति नियमों के विरुद्ध बेच दिया गया और उस राशि का बंदरबाट कर लिया गया। इस संबंध में धनबाद के डीसी को पत्र लिखकर नियमों की अवहेलना कर मनरेगा कानून के विरूद्ध किये गए कार्य एवं छात्रावास में मौजूद स्क्रैप को लेकर महाविद्यालय में लगे 16 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर प्राचार्य एवं मुखिया पर कानूनी कारवाई की मांग की गई है।

# चाय पीने को लेकर दो गुटों में विवाद के बाद चाकूबाजी, दो घायल, दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

## घटना से नाराज आदिवासी समाज ने हरवे-हथियार लेकर किया थाने का घेराव





**चंद्रपुरा/बेरमो।** चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के चंद्रपुरा स्टेशन के पास रविवार की देर रात दो गुटों में चाय पीने को लेकर जबरदस्त विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि नौबत चाकूबाजी तक पहुंच गई। इसमें दो आदिवासी युवक बुरी तरह घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की जानकारी चंद्रापूरा पुलिस को दी। आनन-फानन में पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों घायलों को डीवीसी अस्पताल भेज दिया। जहां हालत गंभीर देखते हुए अस्पताल के डॉक्टर ने तुरंत चास निजी अस्पताल रेफर कर दिया। उधर, घटना के बाद सोमवार की सुबह आदिवासी समाज के लोगों ने थाने का घेराव कर दिया है। चंद्रपुरा पुलिस ने तत्काल छापामारी कर हमला करने वाले संबंधित एक युवक को चंद्रपुरा प्रमुख के घर से गिरफ्तार कर लिया है। मामले में अभी तक चंद्रपुरा पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि इन दोनों युवकों में एक चंद्रपुरा प्रमुख चांदनी परवीन का देवर है। जिसने हमला किया है। वहीं मामला आदिवासी बनाम मुस्लिम समुदाय में तब्दील हो गई है। जहां आदिवासी समुदाय के लोग पारंपरिक हथियारों के साथ चंद्रपुरा थाना का घेराव करते हुए सड़क जाम कर दिये। इस घटना के बाद संबंधित सभी युवकों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं। वहीं आक्रोशित लोग सड़क जाम कर दिये। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए चंद्रपुरा थाने में भारी मात्रा में पुलिस बल की तैनाती की गई है। इस मामले में पुलिस कुछ भी बोलने से बचती नजर आ रही है।

# गोमिया जिप सदस्य ने मंत्री को कराया समस्याओं से अवगत



**स्वांग (आजाद सिपाही)।** गोमिया भाग संख्या पांच क्षेत्र के जिप सदस्य आकाश लाल सिंह ने राज्य के श्रम नियोजन, शिक्षा एवं प्रशिक्षण, कौशल विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। बताया कि ओएनजीसी एवं तेनुघाट विद्युत निगम लिमिटेड में स्थानीय बेरोजगारों की जगह बाहरी मजदूरों को नियुक्ति दी जाती है। अन्य समस्याओं से भी मंत्री को अवगत कराया। वहीं, मंत्री भोक्ता ने इसे गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि वे इस पर जरूर विचार करेंगे।

# पुलिस ने जब्त की भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब



**कतरास (आजाद सिपाही)।** धनबाद अनुमंडल पुलिस ने रविवार की रात गुप्त सूचना के आधार पर भेलाटॉड मोड स्थित धरीक्षण फास्ट फुड स्टोर में छापामारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त की है। जोगता थाना में सोमवार को आयोजित संवाददता सम्मेलन में डीएसपी विधि व्यवस्था) अरविंद कुमार बिंहा ने कहा कि भेलाटॉड मोड के एक फास्ट फुड दुकान में अवैध रूप से शराब बेचे जाने की सूचना जोगता थाना प्रभारी दीपक कुमार झा को फोन पर मिली थी। इसके बाद थाना प्रभारी ने त्वरीत कार्यवाही करते हुए छापामारी की। जहां से भारी मात्रा में बीयर और अंग्रेजी शराब जब्त की गई। डीएसपी ने बताया कि जब्त शराब के मामले में उत्पाद अधिनियम के तहत कांड अंकित किया गया है। जल्द इसमें संलिप्त आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं, छापामारी टीम में एएसआई कृष्णा कुमार के अलावा पुलिस के अन्य जवान शामिल थे।

# मजदूर विरोधी नीतियों और बाघमारा गोलीकांड के खिलाफ एक्टू और सीएमडब्ल्यूयू का प्रदर्शन

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** मुगमा एरिया अंतर्गत श्यामपुर बी कोलियरी में सोमवार को एक्टू व सीएमडब्ल्यूयू की ओर से मजदूर विरोधी नीतियों के विरोध और बाघमारा गोलीकांड के खिलाफ मजदूर सभा की गई। जिसमें उपस्थित केंद्रीय अध्यक्ष उपेंद्र सिंह ने कहा कि नवंबर संविधान दिवस का महीना है। देश के किसान-मजदूर व आम मेहनतकश लोग संविधान बचाने के सवाल पर लड़ाई लड़ रहे हैं। केंद्र की मोदी सरकार ने देश के सारे सार्वजनिक संस्थाओं को जिसमें कोल इंडिया भी शामिल है, बेचने में लगी है। इसलिए कोयला उद्योग को बचाने के लिए लडाई लड़ के ही रोकी जा सकती है। मजदूर विरोधी नीतिओं के खिलाफ पूरे देश में भाकपा माले के नेतृत्त्व में एआइसीसीटीयू (एक्टू) व सीएमडब्ल्यूयू कोयला मजदूरों की लड़ाई लड़ रही है। कोयला क्षेत्र में आउटसोर्सिंग के आने से कोयले की लूट में बढ़ोतरी हुई है। कोल माफिया-पुलिस गंठजोड मालामाल हो रहा है और गरीब ग्रामीण व बेरोजगार लोग मारे जा रहे हैं। बाघमारा में सीआइएसएफ की गोली से चार युवक मारे गए और दर्जनों घायल हैं। इसके खिलाफ माले विधायक कॉमरेड विनोद सिंह व मासस के पूर्व विधायक कॉमरेड अरूप चटर्जी के नेतृत्त्व में भाकपा माले, एक्टू व सीएमडब्ल्यूयू के आंदोलन के बल पर सीआइएसएफ पर मुकद्दमा दर्ज हुआ है। लेकिन कोयला माफिया व संबंधित लोगों पर अभी भी कार्रवाई नहीं हुई है। भाकपा माले के 11 वें महाधिवेशन की सफलता के लिए मुगमा एरिया के मजदूरों को एकजुट होकर सहयोग करने की गारंटी करनी होगी। सभा की अध्यक्षता संजय सिंह ने किया। मौके पर एक्टू के केंद्रीय उपाध्यक्ष कृष्णा सिंह, जगदीश शर्मा, हरेंद्र सिंह, नागेंद्र कुमार, बीपीन मंडल, संजीत राऊत, पीएन सिंह, ऊषा देवी आदि थे।

# क्वार्टर फाइनल में सिजुआ व मल्हारटांड़ की टीम ने दर्ज की जीत

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील प्लांट के सीएसआर के तहत प्रायोजित बोकारो स्टील ग्रामीण फुटबाल प्रतियोगिता-2022 का क्वार्टर फाइनल मुकाबला सोमवार को मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम में खेला गया। इसके उद्घाटन सत्र में अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) संजय कुमार, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस) जे दास गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (कार्मिक) पवन कुमार, महाप्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) एनए सैफी, महाप्रबंधक (सीएसआर) सी आरके सुधांशु, वारे प्रबंधक (क्रीडा एवं नागरीक सुविधाएं) एस रजक आदि उपस्थित थे। क्वार्टर फाइनल में दो मैच खेले गये। पहला मैच सिजुआ और किरीबुरू माइंस के टीम हुआ, जिसमें सिजुआ की टीम विजयी रही। वहीं, दूसरे मुकाबले में पिपराटांड़ की टीम को हराकर मल्हारटांड़ की टीम विजेता रही।

वर्तमान प्रबंधन पर षड्यंत्र के तहत मजदूरों की उपेक्षा का आरोप

# मृतक के आश्रित को मुआवजा नहीं मिला तो अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया जाएगा कोक ओवन : राजेंद्र सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता




मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते यूनियन नेता व मजदूर।

**बोकारो।** इस्पात संयंत्र के कोक ओवन के मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय पर दिवंगत ठेका मजदूर नंदकुमार के हक एवं इंसाफ के लिए क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ ने विशाल आक्रोश प्रदर्शन किया। इसमें कोक ओवन में काम करने वाले लगभग 500 से भी अधिक ठेका मजदूरों ने भाग लिया। क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ के महामंत्री सह एनजेसीएस सदस्य राजेंद्र सिंह ने कहा कि वर्तमान प्रबंधन के शीर्ष अधिकारी चाहे नियमित मजदूर हो या ठेका मजदूर दोनों के प्रति द्वेष की भावना से ग्रसित है। मजदूरों को हक एवं अधिकार से वंचित रखने के लिए नित नए-नए प्रयोग करती रहती है। पिछले महीने 15 अक्टूबर को बैटरी नंबर दो में कार्य करते हुए नंदकुमार ओवन टॉप पर फिसल कर गिर पड़े। जिसके बाद उनकी पीठ पूरी तरह से जल गई। प्लांट मेडिकल ने भी अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि नंदकुमार बैटरी नंबर 2 में गिरे फिर उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बोकारो जनरल अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतक को पूर्व में भी ऐसी किसी बीमारी की शिकायत नहीं थी। गरीब ठेका मजदूर से मरने के बाद भी इतनी नफरत कि उसे कुछ लाभ ना मिल सके इसके लिए प्रबंधन ने मजदूर के जलने का इलाज भी नहीं होने दिया। जिसके अभाव में एक गरीब तड़प कर मर गया। प्रबंधन का एक और कारनामे का जिक्र करते हुए कहा कि आज कोक ओवन बैटरी में जो काम अनस्किल्ड मजदूर कर रहे हैं वही काम मजदूर 10 वर्ष पहले स्किल्ड मजदूर के रुप में कार्य कर रहे थे। मगर शोषण से प्रेरित प्रबंधन ने साजिश कर सभी स्किल्ड मजदूरों को अनस्किल्ड बना दिया। उन्होंने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 12 दिसंबर तक मृतक नंदकुमार के आश्रित को स्थाई नियोजन में मुआवजा नहीं मिला तो 13 दिसंबर की सुबह छह बजे से संपूर्ण कोक ओवन अनिश्चित काल के लिए बंद करा देंगें।

**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग मुख्य अभियंता का कार्यालय**
**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची**

**ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा संख्या:- **82/RI/2022-23/RWD/KHUNTI** दिनांक :- **28.11.2022**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1. | RWD/ KHUNTI/ 08/2022-23 | दुलमी से बगोदर होते हुए माहुलडीह तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.200 कि0मी0) | 2,04,84,135.00 | दो करोड़ चार लाख चौरासी हजार एक सौ पैंतीस रू0 मात्र | 12 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– **02.12.2022**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– **14.12.2022** अपराह्न 5.00 बजे।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, **खूँटी** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– **15.12.2022** पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– **16.12.2022** पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **खूँटी** के पक्ष में एवं **खूँटी** में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 283660 (Rural Work Department)22-23*D

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग**

भर्ती कैम्प, दिनांक – 30.11.2022

**सूचना**

अवर प्रादेशिक नियोजनालय –सह– मॉडल कैरियर सेन्टर हजारीबाग द्वारा दिनांक – 30.11.2022 को कार्यालय परिसर में 10:00 बजे पूर्वाह्न से 4:00 बजे अपराह्न तक Jay Bharat maruti automotive Ahemdabad Gujrat पद हेतु एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्न हैं :–

| S. No | Name of the post | Number vacancies | Qualification | Age(yrs) | Salary | Experience |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Machine Operator ITI Trade (Welder And Fitters ) | 300 | ITI Pass | 18 To 28 | 17,200.00 | Over time Rs:-50.00/-Par hour |
| | Machine Operator ITI Trade (Electrician) | | ITI Pass | 18 To 28 | 17000.00 | Over time Rs:-50.00/-Par hour |
| | Machine Operator 10th Pass | | 10th pass | 18 To 28 | 15000.00 | Over time Rs:-50.00/-Par hour |
| | Machine Operator 12th Pass | | 12th pass | 18 To 28 | 15200.00 | Over time Rs:-50.00/-Par hour |
| 2 | Supervisor | 03 | ITI Pass & 10th To 12th | 18 To 35 | 17,000.00 | Over time Rs:-50.00/-Par hour |

योग्य एवं इच्छुक आवेदक (उम्मीदवार) जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar.Jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त उल्लेखित भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण–पत्रों एवं अंक प्रमाण–पत्रों की छाया प्रतियों तथा वायोडाटा दो प्रतियों में, दो पासपोर्ट साईज का फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उन्हे पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, अत एवं चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तेक्षप नहीं रहेगा। कोविड – 19 हेतु निर्गत दिशा–निर्देशो/SOP का दृढता पूर्वक अनुपालन किया जाना आवश्यक हैं। अतः समाजिक दूरी का पालन, फेसमास्क सेनिटाइजर एवं ग्लब्स इत्यादि का उपयोग करगें। इस निमित किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नही होगा।

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय
हजारीबाग

PR 283633 Labour Employment and Traning (22-23)_D

## साइबर अटैक : छह दिन से हैक है दिल्ली एम्स का सर्वर

# हैकर्स ने 200 करोड़ की फिरौती मांगी

- हैकर्स ने कहा- पेमेंट क्रिप्टोकरंसी में करें




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** देश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एम्स दिल्ली का सर्वर हैक करने वालों ने 200 करोड़ रुपये की डिमांड की है। हैकर्स ने पेमेंट क्रिप्टोकरंसी के जरिए करने को कहा है। बता दें कि एम्स का सर्वर बुधवार यानी 23 नवंबर को रैनसमवेयर अटैक करके हैक कर लिया गया था। इससे अस्पताल की सेवाएं बुरी तरह से प्रभावित हो रही हैं।

अस्पताल की ओपीडी और आइपीडी में आने वाले मरीजों का इलाज करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सर्वर ठप होने के कारण ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेने और टेलीकंसल्टेशन जैसी डिजिटल सेवाएं भी प्रभावित रहीं। हालांकि, इन सभी सेवाओं को मैनुअल तौर पर चलाया जा रहा है। नेटवर्क की पूरी तरह से सफाई करने में 5 दिन और लगने की संभावना है। इसके बाद ई-हॉस्पिटल सेवाएं शुरू की जा सकती हैं। ओपीडी, इमरजेंसी, इन पेशेंट लेबोरेटरी आदि सेवाओं को मैनुअल मोड पर जारी रखा जा रहा है।

**50 में से 20 सर्वर के स्कैनिंग का काम पूरा :** एम्स के 50 में से 20 सर्वर की स्कैनिंग का काम पूरा हो चुका है। एक्सपर्ट्स टीम बाकी के सर्वर के सैनिटाइजेशन के काम के लिए 24 घंटे काम कर रही है। एनआइसी ई-हॉस्पिटल डेटाबेस और ई-हॉस्पिटल के लिए एप्लिकेशन सर्वर बहाल कर दिए गए हैं। 5 हजार सिस्टम में दोबारा एंटीवायरस सिस्टम फीड किया जा रहा है।

**25 नवंबर को केस दर्ज किया गया :** दिल्ली पुलिस ने 25 नवंबर को मामले में जबरन वसूली और साइबर टेररिज्म का केस दर्ज किया था। जांच एजेंसियों की सिफारिश पर अस्पताल में कंप्यूटरों पर इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। एम्स के सर्वर में पूर्व प्रधानमंत्रियों, मंत्रियों, बड़े अफसरों, जजों समेत कई वीआईपी का डेटा स्टोर है।

**देश में हर महीने 3 लाख साइबर अटैक :** इंडसफेस की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर महीने हेल्थकेयर सेक्टर पर लगभग 3 लाख साइबर हमले होते हैं। ये दुनियाभर में दूसरे सबसे अधिक साइबर हमले हैं। अमेरिकी हेल्थ सेक्टर पर हर माह लगभग पांच लाख साइबर अटैक होते हैं।

### रेनसमवेयर साइबर अटैक में एक बैकअप फाइल खत्म, दूसरी फाइल से डेटा वापस लाने का प्रयास

एम्स का मामला देख रहे साइबर एक्सपर्ट कहते हैं कि अभी डेटा वापस नहीं आया है। बैकअप डेटा की दो फाइलें मौजूद थी। रेनसमवेयर साइबर अटैक में एक बैकअप फाइल खत्म हो गयी है, जबकि दूसरी फाइल से डेटा वापस लाने का प्रयास किया जा रहा है। एम्स में सामान्य लोगों से लेकर देश के टॉप वीवीआइपी तक का इलाज हुआ है। अगर उनकी केस हिस्ट्री भी डिजिटल रही है और वह साइबर हमलावरों के हाथ लगी है, तो वे उस डेटा का किसी भी तरह से दुरुपयोग कर सकते हैं। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह, कांग्रेस पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई बड़े वीवीआईपी एम्स में भर्ती रहे हैं। इनके अलावा केंद्रीय सुरक्षा बलों के अधिकारी और जवानों का इलाज भी एम्स में होता रहा है। दिल्ली स्थित एम्स के रेनसमवेयर साइबर अटैक की जांच के लिए अब कई केंद्रीय एजेंसियां जुटी हैं। सूत्रों का कहना है कि जांच टीमें, डेटा निकलने का ठीक से अंदाजा भी नहीं लगा पायी हैं। यह मालूम किया जा रहा है कि एम्स में जो बैकअप डेटा है, क्या वो पूरी तरह से ठीक है। उसकी किसी फाइल तक तो हैकर नहीं पहुंचे हैं। आइआइटी दिल्ली से साइबर सिक्योरिटी विषय में पीएचडी एवं पूर्व आइपीएस डॉ मुक्तेश चंद्र बताते हैं कि इस तरह के साइबर हमलों में दो ही बातें होती हैं। एक, या तो हैकरों की रेनसम देने की मांग मान ली जाती है। दूसरा, अगर सरकार या किसी संस्थान के पास बैकअप डेटा मौजूद है, तो वह रेनसम नहीं देते हैं। इसके बाद हैकरों के पास एक ही विकल्प बचता है कि वह चुराये गये डेटा को बेच देते हैं। अगर उनमें कोई वीवीआइपी है, तो उसके डेटा का कुछ हद तक दुरुपयोग संभव है। वह डेटा, डार्क वेब पर डाला जा सकता है। बतौर डॉ मुक्तेश, अगर किसी व्यक्ति को कोई ऐसी बीमारी है, जिसे वह सार्वजनिक नहीं करना चाहता तो डेटा चोरी में उसे नुकसान हो सकता है। हैकर किसी ऐसे व्यक्ति या संगठन को वह डेटा बेच सकते हैं, जो उसका अपने तरीके से फायदा उठाने की क्षमता रखता है।

# तीन सूत्री मांग को लेकर भुवनेश्वर गांधी मार्ग में प्रदर्शन कर रहे हैं एक लाख से अधिक शिक्षक




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** संयुक्त प्राथमिक शिक्षक महासंघ का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। शिक्षक भुवनेश्वर की सड़क पर धरना पर बैठे हैं। शिक्षक संघ अपनी तीन सूत्री मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। एक लाख से अधिक शिक्षकों ने एक साथ आकर अपनी मांगों को रखा। प्राथमिक शिक्षा में चुक्तिभितिक नियुक्ति को समाप्त करने, ग्रेड पे में वृद्धि, पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने की प्रमुख मांगों को लेकर आंदोलन जारी है। जिसके कारण आज विधान सभा में विपक्ष ने शिक्षकों का प्रसंग उठाकर सदन में हंगामा किया।

हालांकि, प्राथमिक शिक्षा में चुक्तिभितिक नियुक्ति की समाप्ति के साथ प्राथमिक शिक्षकों ने एक आंदोलन शुरू कर दिया है कि 2001 से नियुक्त सभी स्वेच्छासेबि शिक्षा सहायकों, शिक्षा सहायकों और कनिष्ठ शिक्षकों को सरकारी सेवा के रूप में जब से नौकरी कीए तब से गिना जाए और 6 पदोन्नति प्रदान किया जाये। साथ ही मांग की गई है कि सभी प्राथमिक शिक्षकों को 7वें वेतन के अनुसार केंद्रीय दर से वेतन दिया जाये और 2005 से भर्ती हुए कर्मचारियों के लिए नयी पेंशन व्यवस्था को खत्म कर पुरानी पेंशन व्यवस्था को फिर से लागू किया जाये। शिक्षक नेताओं ने चेतावनी दी कि जब तक ये तीनों मांगें पूरी नहीं हो जाती, तब तक वे शिक्षक शिक्षयत्री आंदोलन नहीं छोड़ेंगे और राजधानी गांधी मार्ग पर आंदोलन जारी रखेंगे।

# चारामा में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह

कांग्रेस के कुशासन के खिलाफ की आवाज बुलंद, कार्यकर्ताओं में दिखा जोश



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भानुप्रतापपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह आज चारामा मंडल के ग्राम कोटतरा में आयोजित कार्यकर्ता सम्मलेन में शामिल हुए जहां उन्होंने भाजपा के कार्यकर्ताओं और आमजनों को संबोधित किया। भानुप्रतापपुर उपचुनाव को देखते हुए सियासत गरमा गयी है। इस बीच वनवासियों के आरक्षण कम होने पर जहां एक ओर वनवासी समाज कांग्रेस की सत्ता से नाराज है, वहीं भाजपा वनवासियों के साथ इस आंदोलन में पग पग पर खड़ी है। इसी कड़ी में चारामा में आज पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने वनवासियों के हितों की रक्षा की बात करते हुए भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली सरकार को कड़ी चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में अभी भ्रम, छल, भ्ष्टाचार और गुंडागर्दी वाली सरकार चल रही है। विकास का भ्रम फैलाकर लोगों को भरमाने की कोशिश की जा रही है। छत्तीसगढ़ में आये दिन बढ़ते भ्रष्टाचार और उसमे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत कांग्रेसी नेताओं की संलिप्ता का खुलासा आज इडी जैसी जांच एजेंसियां कर रही हैं।

डॉ रमन सिंह ने कांकेर के लिए कहा कि भूपेश बघेल ने गरीब जनता के साथ जितना बड़ा छल किया है, उसका एक प्रत्यक्ष उदाहरण प्रधानमंत्री आवास योजना में 16 लाख लंबित मकान है, भानुप्रतापपुर में 2000 मकान स्वीकृत किए गए थे, 4 साल में एक भी मकान भाजपा के जाने के बाद स्वीकृत नहीं हुए है, कोयले में 25 रुपये प्रति टन वसूली हो रही है, 4 साल में 4400 करोड़ वसूली हुई है।

# भुवनेश्वर-ओड़िशा में ऊर्जा संरक्षण पर मधुमक्खी चित्रकला प्रतियोगिता



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** 2022 के तत्वावधान में राज्य स्तरीय राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता और पुरस्कार वितरण समारोह 25 नवंबर 2022 को इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स ऑडिटोरियम भुवनेश्वर में आयोजित किया गया था। ओड़िशा राज्य के लिए एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-द्वितीय मुख्यालय ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के सहयोग से केंद्रीय विद्युत मंत्रालय की ओर से चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया।

मानस रंजन सामल पूर्व निदेशक मीडिया-ओडिशा स्कूल शिक्षा कार्यक्रम प्राधिकरण (ओएसइपीए) और रजनीश रस्तोगी महाप्रबंधक (एचआर) एनटीपीसी ईआर-द्वितीय मुख्यालय भुवनेश्वर सम्मानित अतिथि थे।

रजनीश रस्तोगी महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने सभा का स्वागत करते हुए कहा कि ओडिशा राज्य के लिए कार्यक्रम का समन्वय करना एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र- द्वितीय मुख्यालय का विशेषाधिकार था। इसमें भाग लेने वाले छात्रों में उत्साह के साथ-साथ शिक्षकों का भी उत्साह है। इस आयोजन को भव्य रूप से सफल बनाने में ओड़िशा राज्य शिक्षा कार्यक्रम प्राधिकरण के निदेशक और उनकी टीम ने बहुत योगदान दिया था। ओड़िशा के जिला शिक्षा अधिकारियों को उनके समर्पित प्रयासों के लिए विशेष प्रशंसा की आवश्यकता है।

कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए मानस रंजन सामल पूर्व निदेशक मीडिया ओड़िशा स्कूल शिक्षा कार्यक्रम प्राधिकरण ने सफलतापूर्वक आयोजन में एनटीपीसी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे समाज को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संदेश जायेगा।

ऊर्जा मंत्रालय ने देश में ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए यह राष्ट्रीय जागरूकता अभियान शुरू किया था। ऊर्जा संरक्षण की आवश्यकता के बारे में छात्रों में जागरूकता पैदा करने के लिए छात्रों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी, लेकिन साथ ही साथ उनके माता-पिता को शिक्षित और शामिल किया जायेगा। श्रीमद्भगवद गीता विद्या मंदिर आइआरसी विलेज नयापल्ली भुवनेश्वर की मिस पूरबी बराल ने ग्रुप-ए श्रेणी (5वीं से 7वीं कक्षा) में प्रथम पुरस्कार और केसी बेहेरा सरकारि यूपी स्कूल कटिकता ब्लॉक दशरथपुर जाजपुर ने द्वितीय पुरस्कार जीता। तीसरा पुरस्कार डीएवी पब्लिक स्कूल निमापड़ा पुरी के मास्टर गौरव दास ने जीता।

डीएवी पब्लिक स्कूल कलिंग नगर भुवनेश्वर की मिस पायोस्नी मिश्र ने ग्रुप बी श्रेणी (8वीं से 10वीं कक्षा) में प्रथम पुरस्कार जीता और डीएवी चंद्रशेखरपुर भुवनेश्वर की मिस विदिशा लेंका ने दूसरा पुरस्कार जीता, जबकि निर्मला कॉन्वेंट स्कूल क्योंझर की मिस जिप्सना लॉरी ने तीसरा पुरस्कार जीता। इसके अलावा दस सांत्वना पुरस्कार प्रत्येक श्रेणी में दिया गया। वसुधा महिला मंडल एनटीपीसी इआर-द्वितीय मुख्यालय की अध्यक्ष मंजरी गोस्वामी और शिखा रस्तोगी उपाध्यक्ष वसुधा महिला मंडल ने प्रतियोगिता स्थल का दौरा किया और प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया।

# सदन नहीं चल पा रहा हैं, स्पीकर ने बुलायी सर्वदलीय बैठक



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** हर समय हो हल्ला के कारण विधानसभा का गृह कार्य नहीं चल पा रहा है। इसके चलते स्पीकर ने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। हालांकि स्पीकर ने सदन का कामकाज सामान्य करने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलायी है। स्पीकर की अध्यक्षता में हुई बैठक में सामाजिक सशक्तिकरण मंत्री अशोक पंडा, सुदाम मारांडी, विपक्ष के मुख्य सचेतक मोहन मांझी, कांग्रेस विधायक नेता नरसिंह मिश्र, सीपीएम नेता लक्ष्मण मुंडा मौजूद थे।

























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**